मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| धनबाद | 38.5 | 27.5 |
| जमशेदपुर | 37.4 | 20.8 |
| डालटनगंज | 37.8 | 23.9 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

* *

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




चुनावी समर 2024

रविवार 14 अप्रैल 2024 ● चैत्र शुक्ल 06 , संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 6

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

### राहुल बोले- आदिवासी राष्ट्रपति को रोका

## कोरोना में लाशें बिछी थीं और पीएम मोदी थाली बजवा रहे थे

**जगदलपुर।** राहुल गांधी ने छत्तीसगढ़ में चुनावी रेली की. उन्होंने पीएम मोदी को जम कर घेरा. राहुल ने कहा, कोरोना काल में लोग मर रहे थे, लाशें बिछी थीं, तो



मोदी थाली बजवा रहे थे. गरीब लोग कोरोना काल दिल्ली, मुंबई और दक्षिण से लोग घरों को लौटे, लेकिन कोई इंतजाम नहीं किया गया. सारे फायदे मोदी जी ने अरबपतियों को दे दिए. आम लोगों को कोई फायदा नहीं दिया. राहुल ने कहा कि देश के गिने-चुने 20-22 लोगों के पास देश का पूरा पैसा जमा है. देश में बेरोजगारी और महंगाई पर मीडिया पर नहीं बोलता. मोदी जो दिखाते हैं, वहीं मीडिया दिखाता है. राहुल ने आरोप लगाया कि हिंदुस्तान की राष्ट्रपति आदिवासी हैं, उनको राम मंदिर में जाने नहीं दिया. मोदी जी ने ये मैसेज देश को दिया. भाजपा जल जंगल जमीन को बेचने पर तुली हैं. मोदी सरकार गरीबों के लिए नहीं अरबपतियों के लिए काम करती है. गरीबों और आदिवासियों का हक छीन रही है. राहुल ने कहा, हमारी सरकार बनते ही हम नौकरियां देने की शुरुआत करेंगे. हिंदुस्तान में जो भी शिक्षित युवा हैं, उनको नौकरी देना हमारा काम होगा.

### राजनाथ बोले- विलुप्त होगी कांग्रेस

## कांग्रेस अगर सत्ता में आई तो देश में फिर बढ़ेगा भ्रष्टाचार

**दंतेवाड़ा।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जब भी कांग्रेस सत्ता में आती है, तो भ्रष्टाचार बढ़ता है जबकि केंद्र की मोदी सरकार पर 10 वर्षों में



भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा. छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा के गीदम में चुनावी रैली में रक्षा मंत्री ने कहा कि चुनाव के बाद कांग्रेस खत्म हो जाएगी और पार्टी अगले कुछ वर्षों में डायनोसोर की तरह विलुप्त हो जाएगी. आजादी के बाद से कांग्रेस को भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना करना पड़ा है. जबकि कोई भी मोदी सरकार पर उंगली नहीं उठा सकता. कांग्रेस जंग लगे लोहे के टुकड़े की तरह है और रियलिटी शो बिग बॉस के घर जैसी दिखने लगी है. उन्होंने राजद नेता मीसा भारती के उस बयान की भी आलोचना की कि यदि भाजपा हार गई और विपक्षी गुट इंडिया की सरकार बनी, तब मोदी को जेल जाना होगा. सिंह ने चारा घोटाले में भारती के पिता लालू यादव को हुई सजा को लेकर कहा, जो नेता जेल में हैं, वे वोट हासिल करने के लिए लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं.

### ममता बोलीं-मोदी का लौटना असंभव

## देख लेना, इस चुनाव में भाजपा 200 सीट भी नहीं जीत पाएगी

**जलपाईगुड़ी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने शनिवार को दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा 200



सीट पर भी जीत दर्ज नहीं कर सकेगी. उन्होंने इसी के साथ पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से दी जा रही गारंटी को झूठा करार दिया. उत्तरी बंगाल के जलपाईगुड़ी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा भीमराव आंबेडकर द्वारा बनाया गये संविधान को नष्ट कर रही है. तृणमूल कांग्रेस की चुनावी रैली में उन्होंने कहा, भाजपा 200 सीट भी नहीं जीतेगी. उन्होंने उत्तर बंगाल के लिए क्या किया है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गारंटी के झांसे में नहीं आएं. ये कुछ और नहीं बल्कि चुनावी जुमला है. भाजपा नीत एनडीए ने आगामी चुनाव में 400 से सीट पर जीत दर्ज करने का लक्ष्य तय किया है. ममता बनर्जी ने आरोप लगाया, भाजपा देश के संविधान को नष्ट कर दिया है, जिसे बाबासाहेब आंबेडकर ने तैयार किया था. ममता ने दावा किया केंद्र में मोदी की हैट्रिक असंभव है.

### चंपाई सोरेन का दावा- जीतेगा इंडिया

## चुनावी समर में सीएम भी कूदे, अपने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

**आदित्यपुर ।** झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन चार दिन के दौरे पर सरायकेला पहुंचे. चंपाई सोरेन पहले गम्हरिया के पिंडराबेड़ा में ग्रामीणों से मिले. जिसके



बाद में एक होटल में झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ बूथ कमेटी की बैठक में शामिल हुए. बैठक में सीएम ने अपने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया. तीन बैठकों में हिस्सा लेने के बाद सीएम रविवार को सरायकेला में बूथस्तरीय संवाद में हिस्सा लेंगे. जबकि 16 अप्रैल को जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे और भ्रमण करेंगे. मुख्यमंत्री ने मीडिया को बताया कि राज्य के 14 सीटों पर महागठबंधन की जीत होगी. उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं को चुनावी टिप्स दिए गए हैं. उन्होंने कहा कि झारखंड के सभी 14 लोकसभा सीटों पर महागठबंधन की जीत तय है. उनके सभी प्रत्याशी चुनाव जीतने में सक्षम हैं. सीएम ने कहा कि जल्द ही महागठबंधन के नेताओं के साथ मिल कर सभी सीटों पर प्रचार अभियान तेज किया जाएगा.

### सर्राफा

| | |
| --- | --- |
| सोना (बिक्री) | 68,600 |
| चांदी (किलो) | 88,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### भाजपा आज जारी करेगी घोषणापत्र

**नयी दिल्ली।** भाजपा रविवार को पीएम नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी करेगी. पार्टी की ओर से शनिवार को यह जानकारी दी गई. भाजपा अपने घोषणापत्र को संकल्प पत्र का नाम देती रही है. इसका मसौदा तैयार करने के लिए पार्टी ने पिछले दिनों रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में एक समिति गठित की थी. निर्मला सीतारमण इस समिति की संयोजक हैं.

#### केजरीवाल की याचिका पर कल होगी सुनवाई

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने और उन्हें हिरासत में रखने के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट की ओर से नौ अप्रैल को वैध करार दिए जाने के खिलाफ दाखिल याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा. शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर सुनवाई के लिए जारी मुकदमों की सूची में केजरीवाल की याचिका भी शामिल है.

#### मोदी के बहकावे में नहीं आयें: प्रियंका


**रामनगर।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने शनिवार को लोगों से कहा कि वे पीएम नरेंद्र मोदी के भाषणों में इस्तेमाल किए गए शब्दों के बहकावे में नहीं आएं और आगामी लोकसभा चुनाव में बदलाव के लिए वोट करें.

#### सेना ने सियाचिन में चार दशक पूरे किये

**नयी दिल्ली।** भारी सामानों को उठाने में सक्षम हेलीकॉप्टरों का उपयोग, अनुकूल वाहनों की तैनाती, मार्गों का विशाल नेटवर्क बिछाया जाना उन कई कदमों में शामिल हैं जिन्होंने दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन में भारत की सैन्य कौशल बढ़ाया है. भारतीय सेना ने सियाचिन ग्लेशियर में चार दशकों का सफर पूरा कर लिया है.

# तीसरी बार मोदी सरकार

# 44%-हां 39%-ना



लगातार न्यूज नेटवर्क

पांच दिन बाद लोकसभा के पहले चरण का मतदान होंगे. सबके सामने सबसे बड़ा सवाल यही है कि मोदी तीसरी बार सरकार बना पाएंगे या नहीं. इस बीच लोकनीति-सीएसडीएस (सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपमेंट सोसाईटी) की रिपोर्ट ने नई बहस छेड़ दी है. यह अलग बात है कि इस सर्वे रिपोर्ट पर ज्यादातर हिंदी के अखबारों व टीवी चैनलों में रहस्यमय चुप्पी है. हम बात कर रहे हैं, तीसरी बार मोदी सरकार, हां या नहीं. तो चुनाव पूर्व 10000 लोगों पर हुए सर्वे में अनुमान सामने आया है. देश के 44 प्रतिशत लोग चाहते हैं कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार भी प्रधानमंत्री बनें. जबकि 39 प्रतिशत लोग चाहते हैं कि तीसरी बार मौका नहीं मिलना चाहिए. यह भाजपा और एनडीए के लिए अच्छी खबर है. लेकिन हां और ना के बीच सिर्फ पांच प्रतिशत का फर्क थोड़ी चिंता की भी बात है.

### राम मंदिर मुद्दा

राम मंदिर निर्माण का मुद्दा सबसे ज्वलंत मुद्दा है. भारत की राजनीति में पिछले तीस सालों से अधिक समय यह बड़ा मुद्दा रहा है. इस मुद्दे ने देश की राजनीति को नया आकार दिया है. देश का बहुत बड़ा तबका इस मुद्दे से खुद को जोड़ रखा है. रामरथ पर सवार होकर ही भाजपा इस मुकाम तक पहुंची है. आज भी भाजपा की सभाओं में राम मंदिर की चर्चा होते ही भीड़ में सबसे अधिक जोश देखने को मिलता है. हालांकि सर्वे के मुताबिक राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दो माह बाद भी लोग इससे बहुत खुश हैं. यह मुद्दा लोगों की भावना से जुड़ा हुआ है.




### मोदी सरकार के काम

भाजपा के लिए खुश करने वाला एक और तथ्य यह है कि मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में हुए कामों को देखते हुए 44 प्रतिशत लोग चाहते हैं कि वह दुबारा सत्ता में आयें. हालांकि सर्वे में शामिल 10000 लोगों में एक बड़ा हिस्सा है, जो मोदी को तीसरा मौका देने को तैयार नहीं है. 23 प्रतिशत लोग यह मानते हैं कि राम मंदिर का निर्माण कर मोदी सरकार ने अच्छा काम किया है, लेकिन रोजगार के मुद्दे पर नौ प्रतिशत लोग मोदी सरकार को पसंद नहीं करते. गरीबी हटाने के मुद्दे पर सिर्फ आठ प्रतिशत लोग ही मोदी सरकार को पसंद कर रहे हैं.

### मोदी को नापसंद करने की वजह

देश का एक बड़ा तबका नरेंद्र मोदी सरकार को पसंद नहीं करते. महंगाई व बेरोजगारी की वजह से वह खफा हैं. 24 प्रतिशत लोग मोदी सरकार को नापसंद करने की वजह बेरोजगारी का बढ़ना और रोजगार के अवसर का कम होना बताते हैं. करीब इतने ही लोग बढ़ती महंगाई की वजह से परेशान हैं और महंगाई पर काबू नहीं पाने की वजह से मोदी सरकार को नापसंद करते हैं. 10 प्रतिशत लोगों का मानना है कि गरीब को कम करने के लिए मोदी सरकार ने ना के बराबर काम किया है. मोदी सरकार को ना चुनने की वजहों में 32 प्रतिशत लोगों ने बढ़जी बेरोजगारी को वजह बताया है. वहीं 20 प्रतिशत लोग इसकी वजह बढ़ती महंगाई को बताते हैं. जबकि 11 प्रतिशत लोगों ने मोदी सरकार को नापसंद करने की वजह घटती कमाई को बताया है. बढ़ती महंगाई और घटती कमाई ने उनकी हालत पतली कर दी है.

**भ्रष्टाचारः** सर्वे में 55 प्रतिशत लोगों ने कहा है कि देश में भ्रष्टाचार बढ़ा है. इससे पहले वर्ष 2019 के लोकनीति-सीएसडीएस सर्वे में ऐसा मानने वाले लोगों की संख्या 40 प्रतिशत थी. सिर्फ 19 प्रतिशत लोग मानते हैं कि भ्रष्टाचार कम हुआ है. इससे पता चलता है कि पांच साल में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर मोदी सरकार पर विश्वास कमजोर पड़ा है. भ्रष्टाचार के मुद्दे पर गांव व शहरों के लोगों की सोंच लगभग एक जैसी है. भ्रष्टाचार बढ़ा है, ऐसा मानने वालों में 53 प्रतिशत ग्रामीण और 57 प्रतिशत शहरी शामिल हैं. इस मुद्दे पर गरीब-अमीर की सोच अलग-अलग है, यह भी एक जैसी ही हैं. 54 प्रतिशत निम्न मध्यम वर्ग, 53 प्रतिशत मध्यम वर्ग और 57 प्रतिशत अमीर मानते हैं कि भ्रष्टाचार बढ़ा है. गरीब तबके के 16 प्रतिशत, निम्न मध्यम वर्ग के 19 प्रतिशत, मध्यम वर्ग के 20 प्रतिशत और 23 प्रतिशत अमीर मानते हैं कि भ्रष्टाचार कम हुआ है.

### आप उलझे रहें मटन-मछली में

## इधर पेट भरना हो गया महंगा

सुरजीत सिंह। रांची

आम लोग भले ही बेरोजगारी व महंगाई से परेशान हैं. भले ही आम लोगों के लिए परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है. लेकिन दो दिन से लोकसभा चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा मटन और मछली बना हुआ है. कम से कम सोशल मीडिया और टीवी चैनलों पर तो यही सबसे बड़ा मुद्दा है. इस बीच आपके लिए एक और परेशान करने वाली खबर आयी भी-चली भी गयी. ना किसी ने चर्चा की, ना ही यह मुद्दा बना और ना ही आपको पता ही चला. राजनेताओं ने भी इस पर जुबान बंद ही रखी. किसी ने बोला भी तो वह बात आप तक नहीं पहुंची. पिछले हफ्ते चार अप्रैल को क्रिसिल (क्रेडिट रेटिंग इंफॉर्मेशन सर्विसेज ऑफ इंडिया लिमिटेड) की रिपोर्ट आयी. क्रिसिल का मुख्यालय मुंबई में है और यह संस्था 1987 से काम कर रही है. क्रिसिल विश्व स्तर पर सभी तरह के मामलों का अध्ययन कर रिपोर्ट तैयार करती है.

क्रिसिल की ताजा रिपोर्ट बताती है कि तीन मार्च और तीन अप्रैल के बीच (एक महीने में) आपके भोजन तैयार करने की कीमत में बड़ी बढ़ोतरी हो गई है. खाने के तेल में प्रति किलो 7.40 रुपए तक की और दाल में 2.50 रुपए तक की वृद्धि दर्ज की . यहां तक कि गरीब और मिडिल क्लास जिस सब्जी आलू का इस्तेमाल सब्जी के रूप में सबसे अधिक करता है, उसकी कीमत भी 17 रुपए से बढ़ कर 25 रुपए हो गई है. यानी एक महीने के भीतर ही 7.10 रुपए की बढ़ोतरी. क्रिसिल की रिपोर्ट यह भी बताती है कि एक माह के भीतर शाकाहारी थाली तैयार करने की कीमत में 1.80 प्रति थाली की बढ़ोतरी हो गई है. हालांकि मुर्गे की कीमत में कमी आने की वजह से मांसाहारी थाली की कीमत में 4.30 रुपए की कमी आयी है. यानी शाकाहारी भोजन सात प्रतिशत महंगा हुआ है और मांसाहारी भोजन सात प्रतिशत सस्ता.

#### क्रिसिल की ताजा रिपोर्ट

**शाकाहारी भोजन महंगा मांसाहारी हुआ सस्ता**



#### पेट भरना हुआ कितना महंगा (प्रति किलो रुपये में)

| खाद्य पदार्थ | 3 मार्च को प्रति किलो | 3 अप्रैल को प्रति किलो | कितने बढ़े |
| --- | --- | --- | --- |
| सोया तेल | 122 | 131 | 7 .40 |
| सरसों तेल | 133 | 139 | 4 .50 |
| मूंगफली तेल | 133 | 139 | 4 .50 |
| मूंग दाल | 122 | 125 | 2 .50 |
| मसूर दाल | 85 | 87 | 2 .40 |
| अरहर दाल | 157 | 157 | 00 |
| चावल | 40 | 40 | 00 |
| आलू | 17 | 25 | 7 .1 |

नोटः खाद्य पदार्थों की यह कीमत क्रिसिल की चार अप्रैल की रिपोर्ट के अनुसार है.

#### क्या कहते हैं क्रिसिल के डायरेक्टर

क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स के शोध निदेशक पूषन शर्मा ने कहा, पिछले पांच महीनों से शाकाहारी और मांसाहारी भोजन की थालियों की कीमतों में अंतर बना हुआ है. शर्मा के अनुसार, शाकाहारी थाली साल दर साल महंगी हो गई है, जबकि मांसाहारी थाली सस्ती है. यह अंतर इसलिए है क्योंकि अधिक आपूर्ति के कारण ब्रायलर चिकन की कीमतें गिर गई हैं. फरवरी की तुलना में मार्च में मांसाहारी थाली की कीमत दो प्रतिशत बढ़ी क्योंकि इससे कच्चे तेल की कीमतों में पांच प्रतिशत का उछाल आया है. रमजान में चिकन मीट की ज्यादा डिमांड थी और चारे की लागत बढ़ गई.

### अच्छी खबर जांच के लिए स्वदेशी किट विकसित, ट्रायल शुरू, जल्द जांच की सुविधा उपलब्ध होगी

## अब मूत्र जांच से हो सकेगी सर्वाइकल कैंसर की पहचान


एजेंसी। नयी दिल्ली

सर्वाइकल कैंसर की पहचान आने वाले दिनों में मूत्र जांच से भी हो सकेगी. इस जांच के लिए दिल्ली के एम्स में शोध चल रहा है. एम्स की डॉ. ज्योति इस दिशा में काम कर रही हैं. उम्मीद है कि इस तकनीक भी जल्द जांच की सुविधा उपलब्ध होगी. फिलहाल सर्वाइकल कैंसर के लिए स्वदेशी जांच किट तैयार है.आईसीएमआर, राष्ट्रीय प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान और राष्ट्रीय कैंसर रोकथाम एवं अनुसंधान संस्थान ने इसे विकसित किया है. शनिवार को एम्स के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास ने इस किट के परीक्षण की शुरुआत की. एम्स सहित देश के तीन केंद्रों पर इसकी जांच होगी. किट की सटीकता जांचने के लिए 1200 सैंपल मिले हैं. अगले तीन महीनों तक स्वदेशी किट पर इन सैंपलों की जांच ग्रुप बना कर की जाएगी. देखा जाएगा कि इसके परिणाम कितने बेहतर हैं. स्वदेशी किट से एकल सैंपल के आधार पर महज 90 मिनट में जांच हो जाएगी. मौजूदा समय में जांच के लिए पूरे दिन का समय लग जाता है. डॉक्टरों का कहना है कि एम्स में सर्वाइकल कैंसर की जांच के लिए 90 सैंपल का बैच बनाया जाता है. उसके बाद सभी सैंपलों की जांच एक साथ होती है.

#### अभी महंगी है जांच

एम्स की स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की पूर्व प्रमुख डॉ. नीरजा भाटला ने बताया कि मौजूदा समय में उपलब्ध जांच से टेस्ट करने में पूरे दिन का समय लग जाता है. यह महंगा होने के साथ प्रमुख जगहों पर ही उपलब्ध है. ऐसे में इसकी मदद से सभी महिलाओं की जांच संभव नहीं है. इसी को देखते हुए स्वदेशी किट तैयार की गई है. यह सस्ती होने के साथ आसानी से सुलभ होगी.इस किट की सटीकता की जांच के लिए अलग तीन माह तक अध्ययन किया जाएगा. हम उम्मीद कर रहे हैं कि परिणाम बेहतर आएंगे. शोध पूरा होने के बाद इसे पूरे देश में उपलब्ध करवा दिया जाएगा.

**टीके के लिए होगी फायदेमंद :** स्वदेशी किट के परीक्षण के दौरान सैंपल की जांच करते हुए देखा जाएगा कि कौन सी जांच बेहतर है. महिलाओं में यह रोग क्यों हो रहा है. परिणाम मिलने के बाद आने वाले दिनों में तकनीक में और बदलाव होगा. कारकों की पहचान कर वैक्सीन बनाने की दिशा में सुधार किया जाएगा. मौजूदा समय में विदेशी कंपनी के साथ एक स्वदेशी कंपनी का टीका भी उपलब्ध है.



#### महिलाओं में सबसे ज्यादा समस्या

स्तन कैंसर के बाद महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे बड़ा कैंसर सर्वाइकल है. इसके कारण हर साल देश में 77 हजार से अधिक महिलाएं दम तोड़ देती हैं. विशेषज्ञों का कहना है कि 35 और 45 साल की उम्र की महिलाओं को दो बार जांच करवानी चाहिए, ताकि इस बीमारी को आसानी से पकड़ा जा सके. ऐसा होने पर कैंसर के ठीक होने की संभावना बढ़ जाती है. देश में हर साल करीब 1.2 लाख महिलाओं में इस कैंसर का पता चलता है.

## एक करोड़ बेरोजगारों को नौकरी देंगे

### लोकसभा चुनाव : राजद के परिवर्तन पत्र में जनता से 24 वादे किए गए

संवाददाता । पटना

पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को पार्टी का घोषणापत्र जारी किया जिसमें देश भर में एक करोड़ बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी और रक्षाबंधन पर गरीब परिवारों की बहनों को प्रति वर्ष एक लाख रुपये देने का वादा किया गया है. राजद ने अपने घोषणा पत्र को परिवर्तन पत्र नाम दिया है. राजद के परिवर्तन पत्र में जनता से 24 वादे किए गए हैं. यादव ने यहां घोषणापत्र जारी करने के दौरान कहा हमने आज परिवर्तन पत्र जारी किया है, हम 2024 के चुनावों के लिए 24 वचन लेकर आए हैं. बिहार के विकास के लिए आज हम जो भी वादा करेंगे उसे पूरा करेंगे. उन्होंने कहा, हम लोग जो वादा करते हैं उसे पूरा करके दिखाते हैं. 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव के समय हम लोगों ने जितने भी वादे किए थे उसे अपने 17 महीने के कार्यकाल (बिहार की पिछली महागठबंधन सरकार) के दौरान पूरा करने की कोशिश की. उन्होंने कहा, हमने पांच लाख सरकारी नौकरी की व्यवस्था की. जाति आधारित गणना कराई और आरक्षण की सीमा को बढ़ाकर 75 प्रतिशत किया.

#### बहनों को सालाना एक लाख रुपये देंगे




यादव ने कहा कि केंद्र में इंडिया की सरकार बनने पर देश भर में एक करोड़ बेरोजगार युवाओं को एक करोड़ सरकारी नौकरी दी जाएगी. राजद नेता ने कहा, इस साल रक्षाबंधन के मौके पर हम गरीब परिवारों की अपनी बहनों को सालाना एक लाख रुपये देना शुरू करेंगे. घोषणापत्र में सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने और एलपीजी सिलेंडर 500 रुपये में देने का भी वादा किया गया है. उन्होंने कहा कि पूरे देश में वर्तमान में 30 लाख से अधिक सरकारी पद रिक्त हैं जिनको भरने के साथ-साथ 70 लाख पद सृजित किए जाएंगे.

## बिरहोर बच्ची की मौत का मामला: मानवाधिकार आयोग ने मामला दर्ज कर लिया संज्ञान

# हजारीबाग उपायुक्त को आठ सप्ताह में कार्रवाई करने का दिया निर्देश

**40** हजार मुआवजा देकर शव दफनाने का दबाव दिए जाने की जानकारी दी थी



प्रवीण कुमार। रांची

हजारीबाग के केरेडारी प्रखंड में पगार बिरहोर टोला की नाबालिग किरणी बिरहोर की मौत के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मामला दर्ज कर संज्ञान लिया है. आयोग ने हजारीबाग डीसी से आठ सप्ताह में कार्रवाई करते हुए सूचित करने का निर्देश दिया है. एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना से महज कुछ दूरी पर बिरहोर समुदाय की एक बस्ती है. वहां एनटीपीसी के एमडीओ ऋत्विक-एएमआर द्वारा खनन कार्य किया जा रहा है. जिसके दुष्प्रभाव के कारण किरणी बिरहोर की मौत 28 फरवरी को हो गई थी. इस मामले को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से बिरहोर बस्ती को बिना बसाए खनन कार्य करने और किरणी बिरहोर की मौत के जिम्मेवार लोगों को चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई थी.

### बिरहोर बस्ती और छोटकी नदी का अस्तित्व खतरे में

शिकायतकर्ता मंटू सोनी ने अपनी शिकायत में कहा है कि एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोल परियोजना के खनन स्थल से महज कुछ मीटर की दूरी बिरोहर बस्ती को बिना विस्थापित-पुर्नवास किए खनन कार्य चालू कर दिया गया है. खनन स्थल के समीप आदिम जनजाति बिरहोर (आबादी 250 और 40 बच्चे) रहते हैं. खनन से उड़ने वाली धूल के दुष्प्रभाव में आकर 28 फरवरी को दस वर्षीय नाबालिग आदिम जनजाति की बिरहोर बच्ची की मौत हो गई थी. कंपनी द्वारा महज 40 हजार मुआवजा देकर शव दफनाने का दबाव दिए जाने की जानकारी दी थी. इसके अलावे खनन के आसपास घनी मानव आबादी भी है जिसे विस्थापित-पुर्नवास किए बिना खनन कार्य जारी किया जा रहा है. परियोजना अंतर्गत छोटकी नदी के एक किलोमोटर एरिया को भी बंद कर उसमें ओबी डंप कर उसे भर दिया गया है. जिससे उस नदी का अस्तिव मिटने के कगार पर आ गया है. पूरे मामले पर जिला-प्रसाशन भी मौन है और आम जनता विवश है. एनटीपीसी और जिला प्रसाशन द्वारा समुचित प्रयास करने का आश्वासन देकर मामूली पानी छिड़काव के नाम पर मानव आबादी को खतरे में डाल खनन कार्य कर रही है. कोई अनहोनी होने पर स्थानीय प्रशासन/मीडिया को मैनेज कर दबाने का प्रयास किया जाता है.

### बिरहोर बस्ती को बिना बसाए ही कोयला खनन किये जाने पर जिला प्रशासन ने चुप्पी साध रखी है

एनटीपीसी के एमडीओ ऋत्विक-एएमआर की मनमानी और जिला प्रशासन के मौन से हुई मौत और बिरहोर बस्ती तथा छोटकी नदी के अस्तित्व पर मंडरा रहे खतरे पर उठ रहे सवालों पर जिला प्रशासन का मौन और बिरहोर बस्ती को बसाए जाने का प्रयास करने की बात बोल मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने का जो प्रयास किया जा रहा है, उससे जिला प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़ा किए जा रहे हैं. क्योंकि जिला प्रशासन ने कैसे बिरहोर बस्ती को बिना बसाए खनन कार्य चालू करवाया ? उस बस्ती में मौत के जिम्मेवार लोगों को चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई करने के बजाए एमडीओ द्वारा 40 हजार मुआवजा देकर मामले को रफा-दफा करने के प्रयास पर उसकी चुप्पी भी गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर रही है.

## फिलहाल सभी छह विधानसभा सीटों पर है इंडिया गठबंधन का कब्जा

# झारखंड की 'हॉट' सीट सिंहभूम, दो महिला दिग्गजों का होगा आमना-सामना

सुकेश कुमार। रांची

कोल्हान की दो लोकसभा सीटों में से एक सिंहभूम लोकसभा हॉट सीट इसलिए हो गयी है, क्योंकि यहां दो महिला दिग्गजों के बीच महामुकाबला है. सिंहभूम लोकसभा के लिए 13 मई को वोट डाले जाएंगे. चुनावी अखाड़े में दो महिला उम्मीदवार खड़ी हैं. भाजपा ने निर्वतमान सांसद गीता कोड़ा को चुनाव में उतारा है, वहीं इंडिया गठबंधन की ओर से झामुमो ने हेमंत सरकार में महिला एवं बाल विकास मंत्री रहीं जोबा मांझी पर दांव चला है. दो महिला उम्मीदवारों के बीच महामुकाबला की वजह से सिंहभूम सीट राज्य भर में चर्चा में बनी हुई है. दोनों महिला उम्मीदवार अपने पति की राजनीतिक विरासत बचाने में जुटी हैं. दोनों उम्मीदवार अपनी-अपनी विधानसभा सीटों पर भी मजबूत पकड़ रखती हैं. सियासी-सामाजिक पकड़ की बात करें, तो झामुमो की जमीनी पकड़ भाजपा से बेहतर नजर आती है. इसका कारण है चाईबासा कीके सभी छह विधानसभा सीटों पर झामुमो-कांग्रेस का एकतरफा कब्जा है. वहीं आज के दिन भाजपा किसी भी विधानसभा सीट पर कब्जा नहीं है. हालांकि विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव का वोटिंग पैटर्न अलग होता है. हालांकि अभी तक इस लोकसभा सीट के लिए चुनाव प्रचार परवान नहीं चढ़ा है. भाजपा के स्टार प्रचारक पीएम मोदी की रैली नहीं हुई है, देखना होगा कि उनकी इंट्री के बाद कोल्हान के इस सियासी जमीन में कितना बदलाव हो पाता है. वैसे 2019 के लोकसभा चुनाव में चाईबासा में पीएम मोदी की रैली तो हुई थी, लेकिन उसका न तो लोकसभा चुनाव में कोई असर पड़ा था और न विधानसभा चुनाव में ही. पीएम मोदी की रैली के बाद भी भाजपा पिछड़ गयी थी.

**1991**
*में झामुमो के कृष्णा मार्डी पहुंचे थे लोकसभा*




### *हो बहुल लोकसभा क्षेत्र में झामुमो ने खड़ा किया संथाल प्रत्याशी*

सिंहभूम लोकसभा सीट पर 2019 की मोदी लहर में भी कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में गीता कोड़ा ने जीत का परचम लहराया था. पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा ने इस बार कांग्रेस छोड़ कमल का दामन थाम लिया है. भाजपा ने गीता कोड़ा को ही सिंहभूम से टिकट देकर चुनाव में उतार दिया है. गीता हो जनजाति से आती हैं. सिंहभूम लोकसभा सीट हो बहुल है. लोकसभा क्षेत्र में करीब 56% आबादी हो जानजातियों की है. इसके बाद पिछड़ा वर्ग में कुर्मी- महतो के बाद संथालों को आबादी है. स्थानीय जानकारों का दावा है कि जगन्नाथपुर विधानसभा में निश्चित रुप से मधु कोड़ा की पकड़ मजबूत है, लेकिन उनके सामने इस संभावित लीड को सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, मनोहरपुर और चक्रधरपुर विधानसभा में बनाये रखने की चुनौती होगी. गीता कोड़ा को उम्मीदवारी के सहारे इस बार वहां कमल खिलाने का ख्वाब भाजपा का है. उस गीता कोड़ा की जीत में झामुमो की सियासी जमीन कितना बड़ा योगदान था, यह भी एक बड़ा सवाल है. इस हालत में देखना दिलचस्प होगा कि झामुमो की इस ताकत के बगैर गीता कोड़ा कितना दम-खम दिखला पाती हैं.

### जोबा मांझी को है संगठन पर भरोसा

सिंहभूम लोकसभा सीट से 1991 में झामुमो के कृष्णा मार्डी ने संथाल होते हुए भी हो बहुल लोकसभा क्षेत्र से चुनाव जीता था. इसके बाद हुए चुनाव में झामुमो लोकसभा सीट नहीं जीत सकी. वहीं पिछले दो दशकों से चुनाव में गठबंधन की राजनीति में सिंहभूम सीट सहयोगी दलों के खाते में चले जाने की वजह से झामुमो लोकसभा सीट पर अपना उम्मीदवार खड़ा नहीं कर पाता था. 2019 के विधानसभा चुनाव में सिंहभूम लोकसभा की सभी 6 विधानसभा सीटें इंडिया गठबंधन ने जीत ली थी. झामुमो के कब्जे में पांच सीटें सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, मनोहरपुर और चक्रधरपुर हैं, वही जगन्नाथपुर सीट कांग्रेस के कब्जे में है. भाजपा गठबंधन के पास विधानसभा की सीटें नहीं है. ऐसे में जोबा मांझी की सिंहभूम लोकसभा सीट पर संथाल होते हुए दावेदारी को कमजोर नहीं आंका जा सकता. संयुक्त बिहार और झारखंड सरकार में कई बार मंत्री रह चुकीं जोबा मांझी वर्ष 1995 से लेकर 2019 तक के विधानसभा चुनाव में सिर्फ एक बार 2009 में ही हारी हैं. 1995, 2000, 2005, 2014 और 2019 में वे मनोहरपुर विधानसभा से लगातार चुनाव जीतती रही हैं.

### सिंहभूम लोस सीट से झामुमो प्रत्याशी बदलने की भी चर्चा

सिंभूम लोकसभा सीट से झामुमो के प्रत्याशी बदलने की भी चर्चा हो रही है. मामला मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन तक भी पहुंचा है. नाम न लिखने की शर्त पर कोल्हान के दो विधायकों ने कहा अभी चुनाव का मामला बिल्कुल ठंडा पडा हुआ है. सभी विधायक पार्टी उम्मीदवार के लिए काम करेंगे. लेकिन किसी भी हो समुदाय के प्रत्याशी को पार्टी चुनाव में उतारती, तो सीट आसानी से निकला जा सकता था. हालांकि 1991 में झारखंड मुक्ति मोर्चा से कृष्णा मार्डी चुनाव जीत चुके हैं. वह संथाल समुदाय से आते हैं. विधायकों की मानें, तो प्रत्याशी बदलने के मामले में अगले एक-दो दिनों में फैसला हो सकता है.

### कल्पना से मिले पटेल, चुनाव पर चर्चा



रांची। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने शनिवार को कल्पना सोरेन से मुलाकात की. इस दौरान जेपी पटेल ने कल्पना सोरेन से हजारीबाग के लिए रणनीति पर विचार विमर्श किया. साथ ही गठबंधन दल के पूर्ण सहयोग की अपील की. कल्पना सोरेन ने जेपी पटेल को आश्वासन दिया कि महागठबंधन के सभी दल सभी सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ेंगे और सभी दल गठबंधन दल के प्रत्याशी को अपना-अपना सहयोग देंगे. कल्पना ने कहा कि बहुत जल्द साझा चुनाव प्रचार का कार्यक्रम तय किया जाएगा.

## जयराम की पार्टी ने रांची, दुमका और धनबाद से उम्मीदवारों की घोषणा की

संवाददाता। रांची

जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम ने शनिवार को तीन लोकसभा सीट रांची, दुमका और धनबाद से उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है. रांची से देवेंद्र नाथ महतो, धनबाद से इकलाख अंसारी और दुमका से बेबी लता टुडू को प्रत्याशी बनाया गया है. जेएलकेएम के अध्यक्ष जयराम महतो गिरिडीह लोकसभा से चुनाव लड़ने की घोषणा पहले ही कर चुके हैं, वहां एनडीए के घटक दल आजसू से चंद्रप्रकाश चौधरी उम्मीदवार हैं. वहीं झामुमो ने गिरिडीह से मथुरा महतो को उम्मीदवार बनाया है.



## रोड मैप तैयार कर चार दिन में सौंपने का निर्देश

# 21 की न्याय उलगुलान महारैली को लेकर कांग्रेस सक्रिय हुई

विशेष संवाददाता। रांची

"इंडिया" गठबंधन द्वारा 21 अप्रैल को प्रभात तारा मैदान, धुर्वा में आयोजित उलगुलान न्याय महारैली को सफल बनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस सक्रिय हो गयी है. रैली में हिस्सा लेने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी को आमंत्रित किया गया है. इसे देखते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने जिलाध्यक्षों एवं वरीय नेताओं को आवश्यक दिशानिर्देश जारी किया है. प्रदेश प्रवक्ता सोनल शांति ने बताया कि इस न्याय उलगुलान महारैली में राष्ट्रीय व क्षेत्रीय दलों के बड़े नेता भी शामिल होंगे. महारैली को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने हेतु सभी लोकसभा प्रत्याशियों, विधायकों, जिला अध्यक्षों, लोकसभा को-ऑर्डिनेटर, जिला प्रभारी, अग्रणी मोर्चा संगठन के अध्यक्ष सहित विधानसभावार नियुक्त प्रभारियों को संगठन स्तर पर बैठक बुलाने और रैली को सफल बनाने के लिए उचित कार्ययोजना तैयार कर चार दिनों के अंदर प्रदेश कार्यालय को अवगत कराने का निर्देश प्रदेश अध्यक्ष ने दिया है.



**खास बातें**

- खड़गे, सोनिया और राहुल को आमंत्रित किया गया है
- जिला स्तर पर समन्वय बना बेहतर काम करने की जरूरत

**गठबंधन में शामिल दलों के साथ समन्वय बना कर तैयारी करें :** प्रवक्ता सोनल शांति ने बताया कि सभी जिला अध्यक्षों को जिला स्तर पर इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के साथ समन्वय स्थापित कर बैठक आयोजित कर ज्यादा से ज्यादा लोगों की रैली में सहभागिता सुनिश्चित करने के कहा गया है. प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिला स्तर पर बेहतर समन्वय के साथ काम करने की जरूरत है, ताकि न्याय उलगुलान रैली ऐतिहासिक हो और इसका पूरे देश भर में सकारात्मक संदेश जाए. उन्होंने बताया कि झारखंड की धरती से होने वाले इस न्याय उलगुलान से जनता, युवाओं और किसानों, महिलाओं और अन्य समाज के लोगों की उम्मीदों को बल मिलेगा कि वे अपना भविष्य मजबूत गठबंधन के हाथों में सुरक्षा के लिए सौंप रहे हैं.

### सुबोधकांत सहाय ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ डकरा में की बैठक

रांची। कांग्रेस नेता सुबोधकांत सहाय ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ डकरा वीआईपी सभागार में बैठक की. इस दौरान उन्होंने खलारी प्रखंड के 14 पंचायतों में कोर कमिटी गठित कर प्रभारी नियुक्त किया गया. कमेटी के अध्यक्ष की कमान बिगन सिंह भोक्ता को सौंपी गयी. वहीं ललन प्रसाद सिंह चुरी पश्चिमी पंचायत,अब्दुल्ला अंसारी को चुरी मध्य और चुरी दक्षिणी पंचायत, इन्दिरा देवी लपरा, सूनील सिंह बामने,नीलू देवी चुरी उत्तरी,जमील सिंह विश्रामपुर, गोपाल सिंह तुमांग,मोनू रजक हुटाप,विक्की सिंह बुकबुका,अशोक महतो राय,तजमुल बाबू खान खलारी, साबीर अंसारी को मायापुर के प्रभारी नियुक्त किये गए. बैठक को संबोधित करते सुबोधकांत ने कहा कि किसी संगठन का कार्यकर्ता ही रीढ़ होती है. उन्होंने पार्टी को मजबूत करने के साथ साथ पार्टी के पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया. इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष साबीर अंसारी,गोपाल सिंह, सोनू पांडेय, सलामत अंसारी, रमेश चौहान, रोशन लाल, अले रसूल, रूपेश मिश्रा, प्रभाकर गंझू आदि मौजूद थे.

## ऑल इंडिया पोस्टल-आरएमएस पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक

# सीजीएचएस को आयुष्मान से लिंक करने का विरोध

संवाददाता। रांची

ऑल इंडिया पोस्टल -आरएमएस पेंशनर्स एसोसिएशन की झारखंड शाखा की बैठक रांची जीपीओ में शनिवार को केडी राय व्यथित की अध्यक्षता में संपन्न हुई. इसमें सीजीएचएस (केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना) को अनिवार्य रूप से आयुष्मान के साथ लिंक किये जाने के सरकारी निर्णय का विरोध किया गया. कहा गया कि ये सीजीएचएस के लाभार्थियों के साथ अन्याय है.आयुष्मान में इलाज की सीमा पांच लाख रुपये है और सीजीएचएस लाभार्थियों के इलाज के लिए ऐसी कोई सीमा निर्धारित नहीं है. सीजीएचएस के लाभार्थियों ने एकमुश्त राशि जमा कर खुद को इस व्यवस्था से जोड़ा और इसका लाभ ले रहे हैं. लेकिन अब स्वास्थ्य मंत्रालय इस व्यवस्था को ध्वस्त कर सीजीएचएस के लाभार्थियों को बीपीएल की श्रेणी में लाना चाहता है, ताकि आनेवाले दिनों में सीजीएचएस जैसी स्वास्थ्य व्यवस्था का निजीकरण किया जा सके और केंद्रीय कर्मचारियों व केंद्रीय पेंशनर्स को निजी अस्पतालों के रहमो करम पर छोड़ दिया जाए.

एसोसिएशन ने स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्णय का विरोध करते हुए सरकार से मांग की कि स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा 28 मार्च 2024 को जारी आदेश को अविलंब वापस लिया जाए. बैठक में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पोस्टमैन और मेलगार्ड के जनवरी 1996 के बकाया भुगतान को लेकर चिंता जतायी और निर्णय लिया गया कि मई के अंत में मुख्य डाक महाध्यक्ष कार्यालय के सामने राज्यस्तरीय भूख हड़ताल की जाएगी. 12 मई को धनबाद में राज्य कार्यकारिणी की बैठक आहूत की गई है, जिसमें रांची, गुमला, सिमडेगा,हजारीबाग,गिरिडीह,पलामू ,दुमका,जमशेदपुर,बोकारो सहित धनबाद के प्रतिनिधि भाग लेंगे. शनिवार को हुई एसोसिएशन की बैठक में रंगनाथ पांडे,आरबी बैठा,अवधेश पाठक, इशहाक मिंज, मनरखन महतो, रामलखन सिंह, जेरोम कुजूर, संजय कुमार,जयराम प्रसाद, सहदेव प्रसाद साहू, लखना उरांव, साधन सिन्हा, एम जेड खान,गौतम विश्वास, बीके चौधरी, केडी रॉय व्यथित मौजूद थे.



**खास बातें**

- स्वास्थ्य मंत्रालय 28 मार्च को जारी आदेश वापस ले
- 12 मई को धनबाद में राज्य कार्यकारिणी की बैठक होगी

## मैनेजमेंट चरमराया | ब्यूरोक्रेसी का कैडर मैनेजमेंट प्रभावित, सीएस रैंक के बचे सिर्फ दो अफसर, छह पद खाली

# राज्य में टॉप लेवल के आइएएस अफसरों की भारी कमी

रवि भारती। रांची

झारखंड ब्यूरोक्रेसी का कैडर मैनेजमेंट चरमरा गया है. मुख्य सचिव रैंक में सिर्फ दो अफसर ही कार्यरत हैं. जिनमें मुख्य सचिव एल. खियांग्यते और अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार शामिल हैं. इस रैंक के छह पद रिक्त हो गए हैं. झारखंड में चीफ सेक्रेटरी रैंक के कुल आठ पद हैं. वहीं इस रैंक के आठ अफसर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति में हैं. जिसमें राजीव गौबा, एनएन सिन्हा, अलका तिवारी, एमएस भाटिया, एसकेजी रहाटे, शैलेश कुमार सिंह और सुरेंद्र सिंह शामिल हैं. इसमें से सुरेंद्र सिंह को छोड़ सभी केंद्र में सचिव रैंक में पदस्थापित हैं. वहीं आइएएस संवर्ग में 44 पद रिक्त हो गए हैं. आइएएस के लिए झारखंड में 224 पद स्वीकृत हैं, जिसमें 180 अफसर ही कार्यरत हैं.

### प्रधान सचिव के छह अफसर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर

झारखंड कैडर के प्रधान सचिव रैंक के छह अफसर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति में हैं. इनमें सतेंद्र सिंह, सुनील वर्णवाल, राहुल शर्मा, केके सोन, हिमानी पांडेय और आराधना पटनायक शामिल हैं. वहीं झारखंड में प्रधान सचिव रैंक के अजय कुमार सिंह, नितिन मदन कुलकर्णी, वंदना दादेल, मस्तराम मीणा, विनय चौबे, सुनील कुमार और राहुल पुरवार शामिल हैं.

### दो अफसर निलंबित



झारखंड कैडर के दो अफसर निलंबित हैं. जिनमें पूजा सिंघल और छवि रंजन शामिल हैं. सचिव रैंक से लेकर विशेष सचिव रैंक के चार अफसर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं. जिसमें हर्ष मंगला, ए मुत्थु कुमार, शांतनु अग्रहरि और मुवनेश प्रताप सिंह शामिल हैं.

### अफसरों का बढ़ गया वर्क लोड

**अविनाश कुमार :** अपर मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग, अतिरिक्त प्रभार अपर मुख्य स्थानिक आयुक्त, अपर मुख्य सचिव सीएम, विकास आयुक्त, सीएमडी ऊर्जा विकास निगम, एमडी बिजली वितरण निगम.

**वंदना दादेल :** प्रधान सचिव गृह, अतिरिक्त प्रभार वन विभाग और कैबिनेट.

**मस्तराम मीणा :** प्रधान सचिव योजना विकास विभाग, अतिरिक्त प्रभार सदस्य राजस्व पर्षद.

**अमिताभ कौशल :** सचिव खाद्य आपूर्ति, अतिरिक्त प्रभार आपदा प्रबंधन.

**मनीष रंजन :** सचिव भू राजस्व, अतिरिक्त प्रभार भवन निर्माण, एमडी झारखंड राज्य भवन निर्माण कॉरपोरेशन.

**प्रवीण टोप्पो :** सचिव कार्मिक, अतिरिक्त प्रभार उद्योग.

**प्रशांत कुमार :** सचिव जलसंधान, अतिरिक्त प्रभार वित्त विभाग, अध्यक्ष झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग.

**के श्रीनिवासन :** सचिव ग्रामीण विकास, अतिरिक्त प्रभार ग्रामीण कार्य, निदेशक स्कीपा.

**कृपानंद झा :** सचिव परिवहन, अतिरिक्त प्रभार परिवहन आयुक्त, एसटी, एससी अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग.

**विप्रा भाल :** सचिव आइटी, अतिरिक्त प्रभार कॉमर्शियल टैक्स, सीइओ झारखंड कॉम्यूनिकेशन नेटवर्क.

**चंद्रशेखर :** सचिव नगर विकास अतिरिक्त प्रभार एमडी जुडको , एमडी जीआरडीए.

**अरवा राजकमल :** सचिव सीएम अतिरिक्त प्रभार स्थानिक आयुक्त, झारखंड भवन.

**जीतेंद्र सिंह :** सचिव खान विभाग, अतिरिक्त प्रभार जेएसएमडीसी.

## राष्ट्रीय जयहिंद पार्टी के अध्यक्ष बबन चौबे रांची से लड़ेंगे चुनाव

संवाददाता। रांची

कांके रोड में राष्ट्रीय जयहिंद कामगार यूनियन की बैठक संतोष श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई.इसमें कहा गया कि राष्ट्रीय जयहिंद पार्टी के अध्यक्ष बबन चौबे रांची लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे. उनके चुनाव लड़ने के निर्णय का स्वागत करते हुए पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कहा कि इससे पार्टी में नयी उर्जा का संचार हुआ. संतोष श्रीवास्तव ने यूनियन के पदाधिकारियों-सदस्यों से बबन चौबे को लोकसभा में भेजने के लिए जी-जान से जुट जाने का को कहा. राष्ट्रीय महासचिव मनोज गुप्ता ने जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं से तन-मन,धन से सक्रिय हो जाने को कहा. कहा कि बबन चौबे मजदूरों-कामगारों की आवाज बनेंगे. बैठक में अपने विचार व्यक्त करते हुए मो शमीम अंसारी, तौफीक अंसारी, मनीष गुप्ता, संतोष झा, अभिषेक, नंद कुमार पांडेय, अमित कुमार, रंजीत गुप्ता, शंभूनाथ झा, सुकेश वर्मा (मीडिया प्रभारी), पदाधिकारियों समेत कई कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय जयहिंद पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष बबन चौबे को रांची लोकसभा संसदीय क्षेत्र से विजयी बनाने का संकल्प लिया. इन नेताओं ने कहा कि बबन चौबे मजदूरों-कामगारों के हक की लड़ाई लड़ते रहे हैं. यदि वे चुनाव जीतते हैं, तो संसद में यहां के कामगारों-मजदूरों की ओवाज बनेंगे. उनकी समस्याओं को जोरदार ढंग से उठाएंगे.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रविवार 14 अप्रैल 2024 ● चैत्र शुक्ल 06 , संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 6 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## वासंतिक नवरात्र

### षष्ठं कात्यायनी



वासंतिक नवरात्र षष्ठं कात्यायनी

चन्द्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्यादेवी दानव-घातिनी॥

वासंतिक नवरात्र के छठे दिन भगवती दुर्गा के छठे विग्रह के रूप में कात्यायनी देवी के दर्शन पूजन का विधान किया गया है. इनका स्वरूप अत्यन्त भव्य और दिव्य है. मां कात्यायनी स्वर्ण के समान भास्वर हैं। इनकी चार भुजाएं हैं. दायीं तरफ का ऊपर वाला हाथ अभयमुद्रा में है तथा नीचे वाला हाथ वर मुद्रा में. मां के बायीं तरफ के ऊपर वाले हाथ में तलवार है और नीचे वाले हाथ में कमल का फूल सुशोभित है. इनका वाहन सिंह है. इनकी उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी आसानी से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है. उसके रोग, शोक, पाप, संताप और भय नष्ट हो जाते हैं. इनकी उपासना से परम पद की प्राप्ति होती है. पुत्री के रूप में भगवती परांबा को प्राप्त करने के लिए महर्षि कात्यायन ने कठिन तपस्या की थी. मां भगवती ने उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लिया. इसलिए उन्हें कात्यायनी की संज्ञा प्राप्त हुई. ब्रज की गोपियों ने भगवान कृष्ण को पति के रूप में पाने की कामना से इनकी आराधना की थी.

-डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## कोल्हन विवि घोटाले में छह के खिलाफ प्राथमिक दर्ज

**जमशेदपुर।** कोल्हन विश्वविद्यालय में हाल ही में प्रकाश में आए 69 लाख के जीएसटी घोटाला मामले में विवि प्रशासन की ओर से कार्रवाई की गई है. राजभवन के आदेश पर विवि की ओर से वित्त पदाधिकारी को पदमुक्त कर दिया गया है, वहीं कर्मियों की आपूर्ति करने वाली सुपरस्टार एजेंसी और कुछ अन्य अधिकारियों के खिलाफ स्थानीय थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई गई है. विवि से मिली जानकारी के अनुसार वित्त सलाहकार, पूर्व वित्त पदाधिकारी, पूर्व रजिस्ट्रार, सीसीडीसी, एक सेवानिवृत कर्मचारी समेत कुल छह लोगों के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कराई गई है. बता दें कि एजेंसी के साथ इकरारनामे में जीएसटी के साथ भुगतान करने का उल्लेख था. बावजूद एजेंसी की ओर से कर्मचारियों को बगैर जीएसटी भुगतान किया गया. हालांकि विवि से मिली जानकारी के अनुसार एजेंसी की ओर से उक्त राशि का भुगतान कर दिया जाने की बात कही गई है.

### जहर पान : पुलिस की मदद से दर्जनों इलाकों में बनती है अवैध शराब, होती है सप्लाई


# झारखंड और बिहार के लाखों लोग गटक रहे धनबाद की अवैध नकली शराब

**राजा गुप्ता। धनबाद**

धनबाद की दर्जनों अवैध मिनी फैक्ट्रियों में बन रही नकली अंग्रेजी शराब, महुआ, देसी, बीयर झारखंड और बिहार के लाखों लोग रोजाना गटक रहे है. बिहार में 2016 से शराब बंदी के बाद कोयलांचल में धड़ल्ले से शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में हजारों में घरों में मिनी अवैध फैक्ट्रियां खुल गईं. जहां स्प्रिट, मिथाइल अल्कोहल समेत अन्य रासायनिक द्रव्य मिला कर असली की तर्ज पर नकली शराब बनाने लगे और वाहनों व ट्रेनों से बिहार समेत झारखंड के विभिन्न इलाकों में भेजने लगे. धनबाद में भी बड़ी आबादी शराब के शौकीन होने से सरकारी शराब दुकानों से लेकर झुग्गी, झोपड़ी, होटलों, क्लबों, राशन दुकानों, घरों में शराब की बिक्री होने लगी. सिर्फ धनबाद में रोजाना नकली शराब का कारोबार लगभग एक करोड़ के आसपास है. पांच करोड़ से अधिक की शराब बिहार व झारखंड के विभिन्न जिलों में भेजी जा रही है. वर्दीधारियों की मिलीभगत से अवैध शराब के धंधेबाज लाखों-करोड़ों रुपये कमा रहे हैं.

जानकारों का कहना है कि 1990 में केंदुआडीह में उत्पाद विभाग को पहली बार छापेमारी में नकली शराब बनानेवाली मिनी फैक्ट्री मिली थी. 1990 से अबतक 34 साल में उत्पाद विभाग व जिला पुलिस ने छापामारी कर सैकड़ों नकली शराब बनानेवाली मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन कर चुकी है. धनबाद में नकली शराब सरकारी शराब दुकानों से लेकर घरों-राशन दुकान में भी पकड़े जा चुके है. सूत्र बताते हैं कि हीरापुर, झरिया, सरायढेला, धैया, केंदुआडीह, कतरास, गोविंदपुर, बरवाअड्डा, राजगंज, तोपचांची, निरसा, चिरकुंडा, बलियापुर, सिंदरी समेत दर्जनों इलाकों में अवैध शराब बनानेवाली मिनी फैक्ट्री संचालित है.

### नकली शराब से चर्म रोग क्रॉनिक किडनी डिजीज और आंखों की हो रही बीमारी



सूत्रों के अनुसार धनबाद व पटना समेत कई जिलों से उत्पाद विभाग की पुलिस जब्त शराब की बिहार उत्पाद रसायन परीक्षण केंद्र में जांच करायी तो पता चला कि बोतलों में भरी गई शराब नकली है. इथाइल की जगह मिथाइल अल्कोहल पाई गई थी. मिथाइल अल्कोहल जानलेवा है. किडनी के अलावा आंख भी प्रभावित होती है. आंखों की रोशनी भी चली जाती है. मिथाइल अल्कोहल अधिक मात्रा में मिलने से शराब जहरीली बन जाती है. बिहार में जहरीली शराब से एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार 2022 में 134 लोगों की मौत हो गई थी. जबकि बिहार में 2016 से ही शराब बंदी है. यूपी-बंगाल से स्प्रिट मंगायी जाती है, जो टैंकर से आती है. जीटी रोड के माध्यम से टैंकर शहरी व ग्रामीण इलाकों में पहुंचती है.

### धनबाद में कब और कहां नकली शराब पकड़ी गई

**केस 1** **8 फरवरी 2024 को** भुईफोड़ में सरकारी शराब दुकान में शराब बनाने वाली कंपनी की टीम ने ही छापेमारी कर नकली शराब बिक्री का भंड़ाफोड़ किया था. दो सेल्समैन अमित कुमार व अनुज यादव के पास से दर्जनों शराब की बोतलें मिली थीं, जो बगल के घर में रख कर दुकान में लाकर बेचते थे.

**केस 2** **5 अप्रैल 2024 को** पुलिस ने सिंदरी व बलियापुर में छापामारी कर भारी मात्रा में शराब जब्त की और दो लोगों को गिरफ्तार किया. सिंदरी के रांगामाटी में राज किशोर टुडू और बलियापुर के बीरसिंहपुर में उत्तम रजक के घर में छापामारी अंग्रेजी शराब व बीयर जब्त की गई थी.

**केस 3** **7 अप्रैल 2024 को** हीरापुर के दामोदरपुर इलाके में नील कमल डे के घर में छापामारी कर उत्पाद विभाग की पुलिस ने नकली शराब बनाने का भंडाफोड़ किया था. नील कमल डे के घर में पुलिस जनवरी से अप्रैल तक तीन बार छापामारी कर चुकी है. उसके बावजूद आरोपी पकड़ा नहीं गया.

**केस 4** **10 अप्रैल को** पंचेत के डीवीसी क्वार्टर में पुलिस ने छापामारी कर 6 लाख की बीयर जब्त की थी. क्वार्टर में विनोद सिंह व आयुष कुमार रहते थे, जो बंगाल से लाकर केन व बोतल बीयर निरसा विधानसभा क्षेत्र में खपाते थे. 4025 केन बीयर व 1056 बोतल बीयर जब्त की गई थी.

**केस 5** **11 अप्रैल 2024 को** गलफरबाड़ी ओपी क्षेत्र के एग्यारकुंड इलाके में छापामारी कर तपन घोष को गिरफ्तार किया गया था. वह राशन दुकान की आड़ में शराब बिक्री का कारोबार करता था. पुलिस ने मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया. उसकी दुकान से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त की गई थी.

### नक्सल प्रभावित इलाकों में बनी नकली शराब गिरिडीह-हजारीबाग-साहिबगंज के रास्ते पहुंच रही बिहार

जानकारों का कहना है कि धनबाद जिला के तोपचांची, राजगंज, बरवाअड्डा, टुंडी-पूर्वी टुंडी के कई ऐसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र है, जहां मिट्टी के घरों और मकानों में नकली शराब बनाने की मिनी फैक्ट्री चल रही है. उत्पाद विभाग व जिला पुलिस कई बार छापेमारी कर भंडाफोड़ कर चुकी है. वर्ष 2014 में पकड़े गए धंधेबाज ने पुलिस के समक्ष खुलासा किया था कि वे लोग सड़क मार्ग से वाहनों के माध्यम से शराब की खेप गिरिडीह, हजारीबाग, साहिबंगंज के रास्ते बिहार पहुंचाते हैं. कई बार बिहार के अवैध कारोबारी भी अपनी निजी गाड़ियों से आकर ले जाते हैं.

### भाजपा बताये कि पंडित दीनदयाल के विचारों पर चल रही या लक्ष्मीकांत वाजपेयी के विचार पर

# 1800 रुपये प्रति टन रंगदारी वसूल रहे ढुल्लू महतो: सरयू राय

**संवाददाता। धनबाद**

*सरयू राय ने धनबाद के कुख्यात गैंगेस्टर को दुबई से पकड़ कर धनबाद लाने और कार्रवाई करने की मांग की. कहा कि अपराधी के खिलाफ इस प्रकार से कार्रवाई होनी चाहिए जिस तरह से यूपी में योगी जी अपराधियों के खिलाफ करते हैं.*

धनबाद लोकसभा के बोकारो में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने एक बार फिर बाघमारा विधायक सह भाजपा के धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर निशाना साधते हुए कहा है कि बाघमारा में कोयला उठाव के लिए बीसीसीएल एरिया एक से पांच में प्रति टन 18 सौ रुपए की रंगदारी वसूली जा रही है. इस क्षेत्र में काला धन का खूब सृजन किया गया है और यह सब बीसीसीएल के अधिकारियों की जानकारी में हो रहा है. ईडी मनी लांड्रिंग के इस मामले की जांच करे. सरयू राय ने आरोप लगाया कि पहले रंगदारी प्रति टन दर 400 थी, जो 2018 में बढ़ कर 800 प्रति टन हुई और अब 1800 रुपए प्रति टन पहुंच गयी है. उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर हार्ड कोक व्यवसायियों द्वारा सवाल उठाने पर पूर्व की रघुवर सरकार में मजदूरों के खाते में डीबीटी के जरिए भुगतान को लेकर पूर्व डीसी ए दोड्डे ने एक जांच कमेटी भी बनाई थी. हालांकि उस कमेटी की रिपोर्ट आज तक लागू नहीं हुई है. अभी भी बाघमारा क्षेत्र में मनी लॉन्ड्रिंग हो रही है.



### हाईकोर्ट के आदेश पर ईडी ने इसीआईआर दर्ज किया था

सरयू राय ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश पर ईडी ने इसीआईआर दर्ज किया था. इस मामले की अभी भी जांच करने की जरूरत है. बोकारो के एक होटल में शनिवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए सरयू राय ने कहा कि कि बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो पर अब तक 50 केस में आरोप लगे हैं. जिसमें से चार मामले में सजा भी सुनाई गई है. इन सभी अलग-अलग सजा को जोड़ देने पर करीब 4 साल से ज्यादा हो जाती हैं. जो इनकी सदस्यता पर सवाल उठाती है. राय ने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा स्पष्ट करे कि पार्टी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर चल रही है या लक्ष्मीकांत वाजपेयी के विचारों पर. बीजेपी पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल दयाल उपाध्याय के सिद्धांत की चर्चा करते हुए कहा कि आज पार्टी नेतृत्व ने अपने सिद्धांतों को दरकिनार कर ढुल्लू महतो को प्रत्याशी बनाया है. पार्टी के कार्यकर्ताओ को भी विचार करना चाहिए कि पार्टी की गलतियों को कैसे सुधारें. उन्होंने पंडित दीनदयाल का जिक्र करते हुए कहा कि पंडित जी ने अपने चुनाव के समय खुद को ब्राह्मण होने का जिक्र नहीं किया था और पंडित जी ने कहा था कि अपनी जाति का जिक्र कर चुनाव तो जीत जाऊंगा पर पार्टी की विचार हार जाएगी.

### बिना अनुमति पतराकुल्ही में ढुल्लू ने की जनसभा, प्रशासन हुआ सख्त

# एसडीओ ने आयोग को जांच के लिए लिखा

**शुभम संदेश एक्सक्लूसिव**

**अमित सिन्हा। धनबाद**

जिला प्रशासन से अनुमति लिए बिना चुनावी जनसभा करने के मामले में एसडीओ ने निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र लिखा है. यह जानकारी अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने दी है. भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो की जनसभा का आयोजन बुधवार को रात्रि 9 बजे पतराकुल्ही स्थित नगर निगम के पार्क में हुई थी. जिसमे स्टेज के साथ माइक का भी इस्तेमाल हुआ थी. जिसकी अनुमति न ही नगर निगम द्वारा ली गई न ही जिला प्रशासन से ली गई हैं. पतराकुल्हि के नए बने पार्क में सैकड़ों की संख्या में भीड़ जुटा कर जनसभा का आयोजन बाघमारा विधायक सह धनबाद लोकसभा भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के द्वारा किया गया था. चुनाव आयोग के नियम के अनुसार आदर्श आचार संहिता में किसी भी प्रकार के राजनीतिक कार्यक्रम की अनुमति जिला प्रशासन से लेना अनिवार्य है. ऐसा नहीं करने पर जिला प्रशासन द्वारा उक्त प्रत्याशी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने का नियम है.

### आदर्श आचार संहिता के नियमों की विस्तृत जानकारी दे चुकी हैं डीसी



16 मार्च को आचार संहिता लागू होने के बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सभी राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर एवं समाचार पत्रों के माध्यम से आचार संहिता में लागू होने वाले नियमों की जानकारी दी थी. जिसमे डीसी ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि किसी भी राजनीतिक दल या दल के प्रत्याशी के द्वारा कोई भी राजनीतिक कार्यक्रम बिना जिला प्रशासन की अनुमति के नहीं कि जाएगी.

# तोपचांची: लोकबाद में जल संकट, दर्जनों घरों को नहीं मिल रहा पानी

**संवाददाता। तोपचांची**

तोपचांची प्रखंड में जल संकट गहराता जा रहा है. पानी की समस्या को दूर करने के लिए प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में जल मीनार का निर्माण करवाया गया, इसके बावजूद लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है. लोकबाद पंचायत के दर्जनों घरों में पानी नहीं मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश है. पंचायत में आठ जल मीनार का निर्माण करवाया गया है, जिसमें



दो बंद पड़ी हैं. मस्जिद टोला के दर्जनों घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है. शनिवार को पानी को लेकर दो पक्षों में नोक-झोंक भी हो गई. ग्रामीणों ने ठेकेदार पर पैसा लेकर कुछ लोगों को मोटा कनेक्शन देने का आरोप लगाया. ग्रामीणों ने बताया कि पानी समस्या दिन प्रतिदिन विकराल रूप लेती जा रही है. गामीणों ने मुखिया पति जमील अंसारी को खूब खरी-खोटी सुनाई. इधर, मुखिया पति जमील अंसारी ने कहा कि गर्मी में जल स्तर काफी नीचे चला गया है, जिसके समस्या बढ़ गई है. समस्या दूर करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है.

### आम जनता को दिग्भ्रमित करने के लिए विरोधियों की हर चाल को कर देंगे नाकाम

# गिरिडीह में विकास कार्य हमारी उपस्थिति का प्रमाण : सीपी चौधरी

**संवाददाता। कतरास**

गिरिडीह में किए गए विकास कार्य ही जनता के बीच हमारी उपस्थिति का प्रमाण हैं. विरोधियों को पता है कि इस बार भी वे जमीन चाटने वाले हैं. ऐसे में तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे, ताकि जनता को दिग्भ्रमित कर सकें, लेकिन जनता को सच्चाई पता है, जानती है कि उन्हें क्या करना है. कांग्रेस सहित अन्य विरोधी राज्य सरकार के भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए अनर्गल दुष्प्रचार करवा रहे हैं, जनता ऐसे तत्वों को मुंहतोड़ जवाब देगी. उक्त बातें गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी ने संसदीय क्षेत्र से लापता होने के सवाल पर कही है.

कहा है कि जनता को हमने अपने विकास कार्यों का लिखित रूप प्रमाण दिया है. झामुमो-कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दल सरकार के भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए अनर्गल आरोप लगा रहे. राज्य सरकार में अगर हिम्मत है तो



अपने विकास कार्यों को जनता के बीच पेश करे. साथ सरकार के कार्यकाल में कितने भ्रष्टाचार हुए उनके कितने नेता मंत्री व अधिकारी भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की हवा खा रहे हैं उसे भी सार्वजनिक करे. कार्यकर्ताओं की नाराजगी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि स्वाभाविक बात है कि बड़ी पार्टी है, क्षेत्र बड़ा है , तो लोगों की उम्मीदें भी अधिक होगी. जो भी नाराज हैं, उन्हें मिल बैठकर मना लिया जाएगा. चौधरी ने विकास कार्यों पर कहा कि उनके कार्यकाल में क्षेत्र के रेलवे स्टेशन पर कई ट्रेनों का ठहराव शुरू हुआ, डीसी ट्रेन चलायी गयी. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 74,886 किसान को लाभ मिला. आयुष्मान भारत योजना में कुल 3,96,543 परिवार को जोड़ा गया, कुल सदस्यों की संख्या 16,54,289 है. विभिन्न इलाकों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 51,714 मकान बनाए गए. गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 3,96,543 परिवार को लाभ मिला. जबकि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 185 सड़क का निर्माण करवाया गया. ऐसे कई उदाहरण है जो पीएम मोदी के नेतृत्व में हमने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में विकास कार्य को धरातल पर उतरने का काम किया है. कहा कि वे विकसित भारत की परिकल्पना व मोदी विजन को लेकर चुनावी मैदान में हैं. यही कारण है कि विरोधियों को हार का डर सताने लगा है.

### कोल्हान विश्वविद्यालय | जुलाई 2016 में हुई थी प्रवेश परीक्षा, कोर्स वर्क 2018 और रजिस्ट्रेशन 2019 में हुआ

# पीएचडी डिग्री की आस लिए चल बसी कैंसर पीड़ित शोधार्थी

**मुख्य संवाददाता । जमशेदपुर**

कोल्हान विश्वविद्यालय से पीएचडी करनेवाले शोधार्थियों की क्या स्थिति है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बार-बार गुहार लगाने के बाद भी समय से डिग्री प्रदान करने की प्रक्रिया पूरी नहीं की जाती है. इसका उदाहरण विवि की एक ऐसी शोधार्थी रही है, जो कैंसर पीड़ित थी. चौथे चरण के कैंसर से जूझ रही इस शोधार्थी की अंतिम इच्छा थी कि वह अपने हाथों से पीएचडी की डिग्री प्राप्त करे.

बार-बार गुहार लगाने के बाद भी यूनिवर्सिटी कॉमर्स विभाग के डीन व अन्य की लेट -लतीफी और उपेक्षित रवैये के कारण उस शोधार्थी की अंतिम इच्छा पूरी नहीं हो सकी और पिछले 16 जनवरी को अपने इस सपने के अधूरा छोड़ वह चल बसी. शोधार्थी का नाम नहीं छापने की शर्त पर परिजनों ने बताया यदि विश्वविद्यालय प्रशासन समय से सारी प्रक्रिया पूरी करता, तो मृतका का सपना पूरा हो जाता. उन्होंने विश्वविद्यालय के कॉमर्स विभाग के डीन समेत अन्य अधिकारियों को इसके लिए जिम्मेवार बताया. मृतका ने विश्वविद्यालय को लिखित तौर पर अपने कैंसर पीड़ित होने की जानकारी देती हुए पीएचडी की उपाधि प्रदान करने की गुहार लगायी थी.



**डीन की हठधर्मिता :** परिजनों ने बताया कि नवंबर 2023 में थीसिस पूरी करने के साथ ही सभी प्रक्रियाएं मृतका ने पूरी कर लीं. अपने स्वास्थ्य की स्थिति, उपाधि के लिए सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद भी विवि की ओर से परेशान किया जाता रहा. उन्होंने डीन पर हठ धर्मिता का आरोप लगाया. बार-बार कहने के बाद भी वे जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज से विवि नहीं गये. वह वर्कर्स कॉलेज में सेवा दे रहे हैं, जबकि उन्हें विवि के पीजी डिपार्टमेंट में होना चाहिए था. बता दें कि नवंबर 2023 में उसने जो फाइल विवि में जमा की थी, उसके 89 और 90 नंबर पेज में सर्टिफिकेट नहीं होने का हवाला देते हुए फाइल लौटा दी गयी. इसके बाद पुनः प्रक्रिया पूरी की गयी. इसके बाद भी विवि में फाइल अभी धूल फांक रही है. इस वजह से समय रहते शोधार्थी का वाइवा भी नहीं हो सका.

### अधिसूचना के विपरीत कार्य कर रहे डीन

विवि के डीन अधिसूचना के विपरीत जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज में भी सेवा दे रहे हैं. हालांकि कहते हैं कि विवि के निर्देश के अनुसार वह सप्ताह में तीन दिन कॉलेज और तीन दिन विवि में सेवा देते हैं. जबकि उन्हें डीन नियुक्त किये जाने संबंधी अधिसूचना में तीन दिन कॉलेज और तीन दिन विवि में योगदान से संबंधित कोई उल्लेख नहीं है. आरोप यह भी है कि विवि जाने के लिए शोधार्थियों से साधन तक की मांग की जाती है. हालांकि इस संबंध में डीन ने इन्कार किया.

### अब तो उपाधि देना मुश्किल

कोल्हान विवि के कुलसचिव ने कहा कि संबंधित शोधार्थी की उपाधि को ले प्रक्रिया पूरी हो गयी है, लेकिन अब उपाधि प्रदान करने में बाधा है. चूंकि शोधार्थी अब दुनिया में नहीं है, इस वजह से उसका वाइवा नहीं हो सकता. अतः पीएचडी की उपाधि देना संभव नहीं. डीन से संबंधित सवाल पर उन्होंने बताया, यह सही है कि उन्हें सप्ताह में तीन दिन कॉलेज और तीन दिन यूनिवर्सिटी में योगदान देने का कोई निर्देश नहीं है. लेकिन शिक्षकों की कमी को देखते हुए ऐसा करना पड़ता है.

### जल्द तैयार होगा झारखंड भवन पट्टा, किराया और बेदखली विधेयक का प्रारूप

# मकान मालिक- किरायेदार विवाद का निपटारा होगा आसान

**रवि भारती। रांची**

झारखंड में मकान मालिक और किरायेदार के बीच उत्पन्न विवादों का निपटारा अब न्यायाधिकरण करेगा. इसके लिए भाड़ा नियंत्रण अधिकरण का गठन किया जाएगा. हाईकोर्ट की सलाह पर जिला न्यायाधीश को इस अधिकरण का अध्यक्ष बनाया जाएगा. इसके लिए राज्य सरकार झारखंड भवन पट्टा, किराया और बेदखली विधेयक जल्द ही ड्राफ्ट तैयार करेगी. हालांकि, इस विधेयक पर दो साल से विचार चल रहा है, जिसे अब अंतिम रूप दिया जाना है.

### विधेयक का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए उच्चस्तरीय कमेटी गठित

झारखंड भवन पट्टा, किराया और बेदखली विधेयक का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया गया है. समिति में सदस्य सचिव के पद पर अतुल कुमार को शामिल किया गया है. इस संबंध में नगर विकास विभाग ने आदेश जारी कर दिया है. राज्य सरकार किराया संबंधित विवादों के त्वरित निपटारे के लिए दूसरे राज्यों के प्रावधानों का भी अध्ययन कर रही है.

**डीसी से अधिकार लिया जाएगा वापस :** किराये से संबंधित विवादों, शिकायतों एवं अपराधों के निपटारे और न्याय निर्णय की शक्ति उपायुक्तों से वापस लेने का प्रस्ताव भी है. पंजाब, हरियाणा और छत्तीसगढ़ के प्रावधानों की तरह अपीलीय प्राधिकार के रूप में झारखंड भवन पट्टा, किराया एवं निष्कासन, नियंत्रण एक्ट 2011 या संशोधित को लागू किया जाएगा. महाधिवक्ता ने भी इस पर सलाह दी है. आचार संहिता हटने के बाद बिल के प्रारूप को अंतिम रूप दिया जाएगा.

# धनबाद रेल मंडल के स्टेशनों पर जल संकट दूर करें : महाप्रबंधक

शुभम संदेश इंपैक्ट

राजा गुप्ता । धनबाद


धनबाद रेल मंडल के 107 स्टेशनों पर एक भी नल नहीं
ए-वन, ए और बी श्रेणी के स्टेशनों पर है नल, सी श्रेणी के स्टेशन पर ध्यान नहीं. 24 साल से है जल संकट

धनबाद रेल मंडल के 189 स्टेशनों में 107 स्टेशनों पर एक भी नल नहीं शीर्षक से खबर छपने के बाद ईसीआर हाजीपुर जोन के जीएम तरुण प्रकाश ने अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिया है कि गर्मी के मौसम में धनबाद समेत पांच रेल मंडल दानापुर, सोनपुर, समस्तीपुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय के स्टेशनों पर जहां-जहां जल संकट उसे दूर करें. बैठक में समीक्षा की गई कि गर्मी के मौसम और संभावित हीट वेब के मद्देनजर स्टेशनों पर पेयजल की उपलब्धता की समीक्षा की गयी और पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रीय रेलों को निर्देश जारी किए गए. इतना ही नहीं रेल मंत्रालय की ओर से भी सभी रेल मंडलों को जारी निर्देश में स्टेशनों पर उपलब्ध वॉटर कूलर सही ढंग से कार्य करने तथा यात्रियों की मांग के अनुरूप पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया है.

इसके अलावा आवश्यकतानुसार महत्वपूर्ण स्टेशनों पर पानी के टैंकर की तैनाती भी की जाएगी. पूर्व मध्य रेल के सभी स्टेशनों पर यात्रियों को उत्तम पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की गयी है.

**खास बातें**

- अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए दिशा-निर्देश
- स्टेशनों में पेयजल की उपलब्धा की समीक्षा की गई

### पर्याप्त संख्या में लगाए गए वाटर बूथ

यात्रियों की संख्या के मद्देनजर स्टेशनों पर पर्याप्त संख्या में वाटर टैब लगाए गए हैं. इसके अतिरिक्त पूर्व मध्य रेल के 84 स्टेशन पर 207 वाटर कूलर भी लगाए गए हैं. इसी तरह 85 स्टेशनों पर 236 वाटर वेंडिंग मशीन का प्रावधान किया गया है. आवश्यकतानुसार इसमें वृद्धि भी की जा सकती है. स्टेशनों के सभी प्लेटफार्मों पर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों द्वारा नियमिति रूप से निगरानी की जाएगी. पानी की कमी का सामना करने वाले क्षेत्रों में, रेलवे अधिकारी नगर निगम व राज्य सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर वैकल्पिक रूप से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे. महिला समितियों (महिला स्वयं सहायता समूहों), गैर सरकारी संगठनों, स्काउट्स एंड गाइड और अन्य स्वयं सहायता समूहों के साथ सामंजस्य स्थापित कर विशेष रूप से सामान्य श्रेणी के कोचों के पास ठंडे पेयजल का वितरण सुनिश्चित किया जाएगा. रेल मंत्रालय के निर्देश के आलोक में स्टेशनों पर चौबीसों घंटे पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके और इसमें किसी प्रकार की समस्या ना हो. इसके लिए रेल कर्मचारियों द्वारा निरंतर निगरानी की जाएगी. रेल मंत्रालय अपने यात्रियों को आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है.

## तेलमोचो, काण्डरा, कमलिया शिव मंदिर में चड़क पूजा संपन्न



संवाददाता महुदा

महुदा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में शनिवार को चड़क पूजा हर्षोउल्लास के साथ मनाई गई. क्षेत्र के तेलमच्चो, कांड्रा एवं नागदा स्थित कमलिया शिव मंदिर के प्रांगण में आस्था का पर्व को लेकर काफी गहमा गहमी रही. तीनों स्थानों में लगभग 200 भोक्ताओं ने अपने शरीर में लोहे का कील चुबोह कर भोक्ता खूंटे में घूमे. मंदिर प्रांगण में चारों ओर मेला का माहौल बना रहा. आस-पास के गांव के दर्जनों लोग आस्था के इस पर्व को देखने के लिए शिव मन्दिरों में पहुंचे हुए थे. सभी भक्तों ने चड़क पूजा के अवसर पर गाजे बाजे के साथ त्यौहार को मनाया. आस-पास गांव के सैकड़ों लोग आस्था के इस पर्व को देखने के लिए शिव मंदिर प्रांगण पहुंचे. इसके अलावे तेलमोचो स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में भी जागरण कार्यक्रम आयोजित किया.

**ब्रीफ खबरें**

### अहलूवालिया को विरोध झेलना पड़ा

**कुलटी।** आसनसोल के कुलटी विधानसभा इलाके में शनिवार को आसनसोल के भाजपा उमीदवार सुरेंद्र सिंह अहलूवालिया को नाराज कार्यकर्ताओं का सामना करना पड़ा. वह कुलटी विधानसभा के कई क्षेत्रों में चुनाव प्रचार कर रहे थे. इस बीच भाजपा के एक कार्यकर्त्ता ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी के उम्मीदवार सुरेंद्र सिंह अहलूवालिया की चल रही चुनावी प्रचार को बीच रास्ते में ही रोक दिया और अपनी नाराजगी जताते हुए विरोध प्रदर्शन किया.

### बैसाखी कार्यक्रम में शामिल हुए अहलूवालिया

**कुल्टी ।** गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी की ओर से बैसाखी का कार्यक्रम आयोजित किया गया . जहां भाजपा के आसनसोल लोकसभा प्रत्याशी एसएस अहलूवालिया अपनी पत्नी के साथ पहुंचे . कुल्टी थाना मोड़ के समीप स्थित मैदान में गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी की ओर से प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी बैसाखी का कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया. जहां क्षेत्र के सिख समुदाय के लोग शामिल हुए. इस दौरान एसएस अहलूवालिया के साथ कुल्टी के भाजपा विधायक डॉ अजय कुमार पोद्दार, जिला अध्यक्ष बप्पा चटर्जी सहित अन्य समर्थक मौजूद थे.

### 28 छात्रों का चयन चेन्नई के मेटल कम्पनी में

**मैथन।** झारखंड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा कौशल विकास योजना के तहत संचालित कल्याण गुरुकुल मैथन में प्रशिक्षित 28 छात्रों का चयन चेन्नई के टीआई मेटल फोर्मिंग कम्पनी ने किया है. शनिवार को कल्याण गुरूकुल में विदाई समारोह आयोजित कर सभी 28 छात्रों को विदाई दी गई. विदाई समारोह में उपस्थित अतिथियों एवं गुरूकुल के प्रशिक्षकों ने सभी युवकों के उज्जवल भविष्य की कामना की . मेंढ़ा पंचायत के मुखिया मनोज राउत द्वारा हरी झंडी दिखाकर 28 छात्रों की टोली को विदाई दी गई.

### छापेमारी में भारी मात्रा में महुआ नष्ट किया

**तेतुलमारी ।** धनबाद उत्पाद विभाग व तेतुलमारी पुलिस ने शनिवार को संयुक्त रूप से नगरीकला के नायकडीह पहाड़ी धार में छापामारी कर भारी मात्रा में जावा महुआ को नष्ट किया. गैलनों में भरकर रखी गई शराब को जमीन पर बहा दिया गया. कई भट्ठियों को तोड दिया और शराब बनाने के कई उपकरण अपने साथ ले गये. वहीं पुलिस को आता देख धंधेबाज भाग निकले. पुलिस ने ग्रामीणों से कहा कि शराब निर्माण कार्य छोडकर अन्य कार्य करें, नहीं तो कार्रवाई निश्चित है. छापामारी में तेतुलमारी थानेदार लव कुमार चौधरी व उत्पाद विभाग की पुलिस शामिल थी.

चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जुटा है प्रशासन

# धनबाद में पांच हजार से अधिक हैं स्थायी वारंटी

रिजवान शम्स । धनबाद

लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए धनबाद पुलिस व प्रशासन जुटा है. पुलिस के लिए चुनाव की चुनौती ज्यादा कठिन है. क्योंकि धनबाद पुलिस की लगातार टीमवर्क के बाद भी आंकड़े संतोषजनक नहीं है. जिले में सिर्फ स्थायी वारंटियों की संख्या पांच हजार के पार है. इन वारंटियों को दबोचकर सलाखों के अंदर भेजना ही चुनौतीपूर्ण है. इसके अलावा 3500 से अधिक दागी हैं, जो आपराधिक मामलों में वांछित हैं, या फिर पुलिस की रडार पर हैं. ये 3500 दागी वे लोग हैं, जो आए दिन विधि व्यवस्था बिगाड़ने का काम करते हैं. ऐसे तत्वों के खिलाफ समुचित कार्रवाई की आवश्यकता है. पुलिस कप्तान ने इस कार्य के टीम भी गठित कर रखी है, प्रत्येक सप्ताह स्थायी वारंटियों को, कुर्की के निष्पादन और वांछितों को दबोचने के लिए किए गए उपायों पर भी समीक्षा खुद एसएसपी कर रहे हैं.

**पुलिस कप्तान ने तैयार कार्रवाई थी वांछितों की सूची :** हाल ही में वरीय पुलिस अधीक्षक एचपी जर्नादनन ने धनबाद जिले में मारपीट व रंगदारी करने वालों की एक सूची तैयार करवाई थी. इस सूची में वैसे लोग शामिल हैं, जो पैसा लेकर या अन्य कारणों से कोलियरी क्षेत्रों और आउट सोर्सिंग स्थलों में विवाद करते हैं. इनमें कई राजनीतिक दलों के नेता भी शामिल हैं. इन लोगों दागियों की सूची में डालने की दिशा में कार्रवाई की गई है, ऐसे आपराधिक तत्वों की इन पर चुनाव के दौरान सख्ती रखनी होगी, नहीं तो ऐसे लोग भी शांतिपूर्ण चुनाव में बाधा पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे. क्योंकि ये लोग पैसे कोलियरी क्षेत्रों में विवाद करने और कराने का खुलासा हो चुका है. चुनाव में भी ये लोग किसी से रकम लेकर मतदान प्रभावित करने का प्रयास कर सकते हैं. इनमें से 14 लोगों के खिलाफ पुलिस कप्तान ने सीसीए के तहत कार्रवाई की अनुशंसा भी कर चुके हैं.



**चुनाव की चुनौती**

- शहर के सभी थानों में स्थायी वारंटियों की संख्या ढाई सौ के पार, सिर्फ धनबाद व बैंकमोड़ मिलाकर ही लगभग 1200
- तीन हजार के पार हैं वारंटी, कुर्की के 75 मामले लंबित,14 के खिलाफ सीसीए के तहत कार्रवाई की अनुशंसा
- एसएसपी ने बनाई है टीम, वांछित तत्वों के खिलाफ लगातार दबिश के बाद भी आंकड़े संतोषजनक नहीं

### प्रिंस खान समेत 75 कुर्की के मामले लंबित

धनबाद में पांच हजार से अधिक स्थायी वारंटियों के अलावा कुर्की के 75 आरोपी फरार चल रहे हैं. इनके खिलाफ जल्द ही पुलिस कुर्की करेगी, इनमें धनबाद से फरार गैंगस्टर प्रिंस खान जैसे शातिर भी शामिल हैं. केंदुआ पुलिस ने तीन दिन पूर्व ही उसके घर पर इश्तेहार चस्पा करने की कार्रवाई की थी. जबकि वारंटियों की संख्या भी तीन हजार के करीब है. बीते सप्ताह ये आंकड़ा तीन हजार के पार था लेकिन इस सप्ताह वारंटियों की धर पकड़ से आंकड़ा तीन हजार के नीचे पहुंचा है. सबसे अधिक स्थायी वारंटी धनबाद थाने के हैं, यहां फिलहाल 732 स्थायी वारंटी जबकि वारंटी 486 हैं. इन वारंटियों को दबोचने के लिए खुद थाना प्रभारी भी रात्रि में मेहनत कर रहे हैं, बावजूद इसके वारंट तामिला कराने का आंकड़े में बहुत कमी नहीं देखने को मिल रही है. बैंकमोड़ थाने में करीब साढे चार सौ और झरिया में 461 स्थायी और 62 वारंटी हैं. शहर के सभी थानों में स्थायी वारंटियों की संख्या ढाई सौ के पार है.

### कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : एसएसपी

प्रत्येक सप्ताह दागियों और वारंटियों के खिलाफ की गई कार्रवाई की समीक्षा हो रही है. चुनाव से पहले तक सारे वारंटियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी. कुर्की के सभी मामले निष्पादित करा दिए जाएंगे. शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. पुलिस टीम इस दिशा में पूरी मेहनत से जुटी हुई है.

# खरखरी बस्ती में हुई हिंसक झड़प को लेकर प्राथमिकी दर्ज

संवाददाता। मधुबन



खरखरी बस्ती में आपसी विवाद को लेकर हुई दो पक्षों में हुई हिंसक झड़प के मामले में मधुबन पुलिस ने दो अलग अलग कांड अंकित कर छानबीन शुरू कर दी है. एक पक्ष के शेख खालिद ने खरखरी बस्ती के ही शेख मुबारक,शेख इसराफिल,शेख यूसुफ,मागरीबन बीबी,तुलसमा बीबी, राजिदा बीबी,शबुजान बीबी, शेख इस्राइल, शेख हदीश, शेख इंतयाज, शेख जियाउल, शेख रब्बुल, शेख नसीम, शेख हदीश के दामाद पर हरवे हथियार से लेंस होकर जान मारने की नीयत से जानलेवा हमला कर जख्मी करने,षड्यंत्र कर मॉब लीचिंग करने,लूटपाट करने का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत की है. वहीं दूसरे पक्ष शेख इसराफिल की पत्नी राजिदा बीबी ने खरखरी बस्ती के ही शेख अनवर, शेख खालिद, शेख डब्लू, शेख अंजर, शेख अनवर की पत्नी,शेख शकिद की पत्नी,शेख सिद्दीकी,शेख सिद्दीकी का बेटा शेख अमन, शेख मामूल पर हरवे हथियार से लेंस होकर जान लेवा हमला कर जख्मी करने,घर में घुस कर महिलाओं के साथ छेड़खनी,नगदी सहित जेवरात की लूटपाट का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है. दूसरी तरफ खरखरी बस्ती में शांति बहाल को लेकर सीआरपीएफ जवान सहित मधुबन पुलिस कैंप किये हुए है. घायलों का इलाज स्थानीय क्लिनिक में चल रहा है. जबकि शेख इसराफिल का इलाज बीजीएच में इलाज चल रहा है, जिसकी स्थिति चिंताजनक बताई जाती है. मालूम हो कि पुरानी रंजिश को लेकर बीते शुक्रवार को मस्जिद में नमाज अदा करने के बाद दोनों पक्षो में जमकर मारपीट हुई थी. जिसमें महिला सहित आधा दर्जन लोग जख्मी हुए थे.

**खास बातें**

- घायल इसराफिल की स्थिति चिंताजनक,
- घटनास्थल पर पुलिस का पहरा जारी है

### कुएं में शव मिलने से सनसनी, पुलिस अनुसंधान में जुटी

**निरसा ।** निरसा थाना क्षेत्र के जीटी रोड स्थित एसबीआई एटीएम के निकट शनिवार को एक कुंए में एक अज्ञात युवक की शव मिलने से सनसनी फैल गई. युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है. जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह स्थानीय कुछ लोंगों ने उक्त कुएं में एक युवक का शव देखा. यह खबर जंगल की आग की तरह फैल गई. देखते ही देखते लोंगों की भीड़ इकट्ठी हो गई. थानीय पुलिस को सूचना दी गई. पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और काफी मसक्कत के बाद कुंए से शव को निकाला गया. शव की पहचान नहीं हो सकी है.

## इलेक्ट्रॉनिक रिटेलर रिलायंस डिजिटल स्टोर का धैया में अनावरण

संवाददाता। धनबाद

इलेक्ट्रॉनिक रिटेलर रिलायंस डिजिटल ने धनबाद के धैया स्थित आकाश इमेज टावर में शनिवार को अपने नए स्टोर का अनावरण किया.स्टोर का उद्घाटन मुख्य अतिथि आयकर निरीक्षक धनबाद धनंजय शर्मा, बीसीसीएल सीएमडी समीरान दत्त की धर्मपत्नी मिली दत्ता, विशिष्ट अतिथि डॉ. भक्ति सिंह, रिलायंस डिजिटल की झारखंड क्लस्टर हेड रचना गौतम एवं धैया स्टोर मैनेजर अभिजीत गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया. इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने रिलायंस डिजिटल के सभी कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि यह स्टोर इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों की खरीदारी के लिए उचित स्थान साबित होगा. झारखंड क्लस्टर हेड रचना गौतम ने कहा कि विशेष उद्घाटन ऑफर और नवीनतम तकनीक की व्यापक रेंज के साथ ग्राहक यहां एक बेहतर खरीदारी अनुभव प्राप्त कर सकते हैं. साथ ही सबसे तेज डिलिवरी और इंस्टॉलेशन के साथ पसंदीदा उत्पाद यहां से प्राप्त कर सकते हैं.

### पूर्वी टुंडी में वॉलेंटियर्स को बूथ प्रबंधन का प्रशिक्षण

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव की तैयारी के सिलसिले में शनिवार को पूर्वी टुंडी प्रखंड सभागार में शिविर लगाकर वॉलेंटियर्स को बूथ प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया. बीडीओ अमृता सिंह की अध्यक्षता में दो पालियों में आयोजित शिविर में वॉलेंटियर्स को मतदान के दिन बूथ पर मतदाताओं की कतार व्यवस्थित करने, दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं की मदद आदि का प्रशिक्षण दिया गया. पूर्वी टुंडी प्रखंड के सभी 46 मतदान केंद्रों पर 180 वॉलेंटियर्स की तैनाती होगी. वैसे बूथ जहां 400 से अधिक वोटर हैं, वहां चार और 400 से कम मतदाता वाले बूथों पर दो वॉलेंटियर की तैनाती होगी. वॉलेंटियर्स की उम्र 14 से से 18 वर्ष के बीच होनी चाहिए. बीडीओ ने बताया कि बताया कि वोटिंग के दिन वॉलेंटियर्स मतदान केंद्रों पर बीएलओ की देखरेख में कार्य करेंगे.

## बैजकाटंड में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा निकाली



संवाददाता। तेतुलमारी

बैजकारटांड स्थित नव निर्मित हनुमान मंदिर में हनुमत प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई, यात्रा में 101 महिलाएं व युवतियां अपने सिर पर कलश तथा हाथों में ध्वाजा लिए बैजकारटांड, तेतुलियाटांड, छाताटांड, गंड़ूवा होते हुए श्रीधरपुर स्थित डैम पहुंचे .जहां आचार्य दुर्गा प्रसाद पाण्डेय, विनय पाण्डेय, दिनेश पाण्डेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलशों में जल भरण करवाया. उसके बाद पुनः यात्रा अनुष्ठान स्थल पहुंची. जहां मंडप प्रवेश, पांचांग पूजन, मूर्ति संस्कार के साथ धर्मिक अनुष्ठान शुरू हो गया. यजमान के रूप मे झामुमो किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवप्रसाद महतो सपत्निक अंजना देवी शामिल थे. कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के सदस्यों का सक्रिय योगदान रहा.

### समाजसेवी व अभिभावकों को किया गया सम्मानित

**तेतुलमारी।** सर्वमंगला पब्लिक स्कूल में शनिवार को समाजसेवी व अभिभावकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया. समाज सेवी, राजनीतिक एवं बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों को विद्यालय के सचिव डॉ. सर्वमंगला प्रसाद एवं प्राचार्य डा प्रभा सक्सेना ने उपहार देकर सम्मानित किया. मौके पर उपस्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के मनीषा मंजूरी ने तनाव से मुक्त रहने के कई टिप्स दिए गए . कहा गया कि मनुष्य को समय के साथ चलना चाहिए. माता-पिता के डांटने पर बच्चों को कभी बुरा नहीं मानना चाहिए. क्योंकि माता-पिता गलत रास्ते से अच्छे रास्ते पर चलने के लिए ही कहते हैं. ब्रह्मकुमारी का मतलब सोंच बदलना है. इस दौरान मुख्य मार्ग में पाठशाला का उद्घाटन किया गया. मौके पर ब्रह्मकुमारी के बीके शिवानी, संजय भाई, डॉ. हरदेव प्रसाद, कल्याण नायर उपस्थित थे.

## देश को बचाने के लिए इंडी गठबंधन के पक्ष में करें मतदान : जलेश्वर



संवाददाता। बरोरा(कतरास)

इंडी गठबंधन प्रत्याशी टुंडी विधायक मथुरा महतो के पक्ष में मतदान को लेकर कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने शनिवार को दरीदा में जनसंपर्क अभियान चलाया . जलेश्वर महतो ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि संविधान तथा लोकतंत्र को बचाने के लिए हर हाल में इंडिया गठबंधन को जितना होगा. तभी देश सुरक्षित हो सकता है .मोदी सरकार ने देश को पूंजीपतियों के हाथों गिरवी रख दी है.मोदी की तानाशाही किसी से छुपी हुई नहीं है. महंगाई गरीबों को जीने दे रही है. शिक्षा महंगी कर दी गई है. सरकारी संसाधनों को निजी पूंजी पत्तियां के हाथों में बेचा जा रहा है. मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि सह कांग्रेस नेता राजेश राम, जिला महामंत्री जावेद राजा, आलम अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो, समीरूद्दीन अंसारी, पिंटू पांडे, अजय महतो, बबलू पांडे, मनीर अंसारी, मुकेश कुमार, पिंकू पांडे, तस्लीम अंसारी, टिंकू अंसारी, लालू अंसारी मौजूद थे.

### नए विद्युत कनेक्शन की राशि अखबार में प्रकाशित किया जाएः आजसू

**धनबाद।** आजसू के जिला प्रवक्ता संतोष कुशवाहा ने विद्युत महाप्रबंधक अशोक कुमार सिन्हा को ज्ञापन सौंपा. संतोष ने मांग की है कि नए विद्युत कनेक्शन के लिए लगने वाली राशि का विवरण समाचार पत्रों में प्रकाशित की जाए ताकि आम लोगों को पता चले कि कितने वाट का कनेक्शन लेने के लिए कितना शुल्क देना है. इसके साथ ही संतोष ने मांग की है कि कनीय अभियंता के पास विभिन्न कार्यो से आने वाले आगंतुकों के लिए प्रतीक्षाकक्ष में बैठने की व्यवस्था के साथ ही पेयजल की भी व्यवस्था हो. साथ ही पुराना बाजार कनीय अभियंता कार्यालय की चारदीवारी की मरम्मत कराई जाए. ताकि महिलाओं को हो रही परेशानी से निदान मिल सके.

**पुण्यतिथि** माफिया तत्वों से कामरेड ने कभी समझौता नहीं किया

# शोषित, पीड़ित और दलितों की उम्मीद थे गुरुदास चटर्जी

राजकुमार महतो। निरसा

आज लोग गुरुदास चटर्जी के शहादत को याद कर रहे हैं. यह नाम जुबां पर आते ही बहुत सारी तस्वीरें एक साथ सामने उभर आती हैं. सच कहा जाए तो संघर्षों की एक लंबी गाथा का नाम ही है गुरुदास चटर्जी. मासस की राजनीति हमेशा मुद्दों के आधार पर होती रही है. कामरेड गुरुदास चटर्जी का जन्म 20 मार्च 1950 को हुआ था. गुरुदास चटर्जी का जीवन कोयलांचल से गहरे तौर पर जुड़ा है. इसलिए इसे भी समझना जरुरी है.

**कोयलांचल की विकास यात्रा :** धनबाद कोयलांचल की विकास यात्रा कोयला से जुड़ी हुई है. तब यह क्षेत्र बिहार के मानभूम जिला व दक्षिण बिहार के नाम से जाना जाता था. जंगल, पहाड़ों से घिरा यह क्षेत्र राष्ट्रीय मानचित्र पर साधारण महत्व रखता था. परंतु काले हीरे ने इसे अति महत्वपूर्ण बना दिया. 1894 में यहां पहली बार कोयला उत्पादन हुआ. 1500 टन कोयला उत्पादन करने वाली ये कोलियरियां आज हजारों लाखों टन कोयले का उत्पादन कर रही है. कोयला उत्पादन से धनबाद का महत्व इतना बढ़ गया है कि 1894 में इसे रेलवे लाइन से जोड़ दिया गया. इसे अनुमंडल मुख्यालय बना दिया गया. इसके पहले तक यह मुख्यालय गोविंदपुर में हुआ करता था. हालांकि 1939 में झरिया और इसके आस पास के क्षेत्रों में उन्नत किस्म का कोयले का विशाल भंडार का पता चलते ही झरिया - धनबाद का महत्व देश के मानचित्र पर अचानक बढ़ गया.

### अवैध कब्जे से मुक्ति

आदिवासी को माफिया के चंगुल से निकालकर पेट्रोल पंप पर कब्जा दिलाना, माफिया और गुंडों से आम जनता को बचाना. अवैध धंधा, लूट - खसोट बंद करना मासस ने शुरू कर दिया था. कॉ. गुरूदास चटर्जी लगातार तीन बार विधायक रहे . ग्रामीण क्षेत्रों से लगाव बढ़ा. प्रत्येक गांव में ग्राम कमेटी का गठन हुआ. लाल सेना का गठन किया. कां गुरुदास चटर्जी की लोकप्रियता बढ़ती गई. माफिया शक्तियां और दो नंबर कारोबारी के लिए गुरदास चुनौती बन चुके थे.

### खदान निजीकरण का विरोध



साल 2000 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार थी. कोयला खदान का निजीकरण का बिल लाया जा रहा था. जिसके खिलाफ 14 अप्रैल 2000 को सर्वदलीय बैठक आयोजित थी. मोटर साइकिल के पीछे बैठकर कां गुरुदास चटर्जी धनबाद गए. बैठक में सभी ट्रेड यूनियन के नेता शामिल थे. अंत में गुरुदास चटर्जी ने कहा कि जान की बाजी लगा देंगे लेकिन कोयला खदान का निजीकरण नहीं होने देंगे. करीब 2 :00 बजे दोपहर को बैठक समाप्त हुई. मोटर साइकिल से वापस निरसा लौट रहे थे. जी टी रोड देवली नामक सुनसान जगह पर माफिया गुंडों ने मोटरसाइकिल से पीछा करते हुए निकट से गोली मारकर उनकी हत्या कर दी.

### उखाड़ फेंकने का अभियान

साधारण के पक्षों में लड़ाई लड़ने वाले शहीद गुरुदास चटर्जी माफिया शक्तियों के आगे न केवल डटे रहे, बल्कि उसे जड़ से उखाड़ फेंकने का अभियान चलाते रहे . लूट - खसोट, कोयला माफिया, भूमि माफिया और शोषण अत्याचार के खिलाफ जो आक्रोश था. वह चिंगारी बनकर भड़क उठी . इससे मासस नेताओं, कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी होने लगी. पर उसी रफ्तार से आंदोलन भी तेज होने लगा. प्रबंधन, माफिया, प्रशासन के गठजोड़ के खिलाफ धरना-प्रदर्शन, जुलूस, घेराव और बड़ी लड़ाइयां होने लगी.

## जलियांवाला बाग कांड के वीर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

संवाददाता। कतरास



रामकनाली कोलियरी यूनियन कार्यालय में शनिवार कार्यक्रम आयोजित कर स्वाधीनता आंदोलन के जलियांवाला बाग कांड के शहीद सेनानियों को याद किया गया. उपस्थित लोगों ने बीर शहिदों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा तथा उनकी तस्वीरों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित की. वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में ब्रिटिश हुकूमत द्वारा किया गया इतिहास का सबसे बड़ा नरसंहार जलियांवाला बाग कांड है. मजदूर नेता राजेन्द्र प्रसाद राजा ने बताया कि जिस देश को आजाद कराने में शहीद-ए-आजम भगत सिंह राजगुरू, सुखदेव, खुदीराम चन्द्रशेखर आजाद सहित लाखों देश भक्तों ने बलिदान दिया है.जिस मूल्यों के लिए स्वाधीनता सेनानियों ने संग्राम किया,वर्तमान में केन्द्र की सरकार उन मूल्यों को तार-तार कर रही है.दुनिया का सबसे बड़ा घोटाला इलेक्ट्रॉल बांड घोटाला है.इस घोटाला से शहीदों का मान-प्रतिष्ठा प्रभावित हुई है.

# चावल रहने के बावजूद बच्चों को नहीं मिला मध्याह्न भोजन, आक्रोश

संवाददाता। सरिया (गिरिडीह)

सरिया प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय नावाडीह में शुक्रवार को बच्चों को मध्याह्न भोजन नहीं मिलने से स्थानीय जनप्रतिनिधि ने प्रधानध्यापक पर लापरवाही का आरोप लगाया हैं.स्थानीय लोगों ने कहा कि मध्य विद्यालय की प्रधानध्यापक लीला देवी का यह पहला मामला नही हैं .इसके पहले भी कई आरोप लगे हैं. परन्तु विभागीय कार्रवाई नहीं होने से बच्चों को पौष्टिक आहार से वंचित रखा जाता है.

बीआरपी भरत महतो ने बताया कि विद्यालय में बच्चों को भोजन नहीं देना सचिव की लापरवाही हैं. जिसपर संज्ञान लेते हुए अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी. बहरहाल विद्यालय में बच्चों को मध्याहन भोजन नहीं मिलने से ग्रामीण काफी आक्रोशित हैं और



स्थानीय शिक्षिका को उत्क्रमित मध्य विद्यालय नावाडीह से स्थानांतरित करने की बात बता रहे हैं.

**विरोध झेलने के लिए तैयार रहें :** स्थानीय निवासी अमर पासवन ने बताया कि मन अनुकूल शिक्षण संस्थान को संचालित करने का यह पहला मामला नहीं हैं. इसके पूर्व भी ग्रामीणों ने विरोध जताया था. यदि ऐसा रवैया रहा और अधिकारी संज्ञान नहीं लेते हैं तो विभाग विरोध झेलने के लिए तैयार रहे.

### मैंने खाना बनाने के लिए कहा था



विद्यालय के प्रधानाध्यापिका सह सचिव ने बताया कि लोगों का आरोप गलत नहीं हैं लेकिन मैंने रसोइया को खाना बनाने के लिए कहा था परन्तु हमारी बात को नहीं माना जिसके कारण शनिवार को मध्यान भोजन बच्चों को नहीं मिला. इन्होंने कहा कि विद्यालय में चावल नहीं रहने की खबर बीआरसी को दी गई है. फिर भी विभाग चावल नहीं भेज रहा है.

### संचालकों की बड़ी जिम्मेदारी होती है

पूर्व पंसस रामविलास पासवन ने बताया कि विभाग के साथ विद्यालय के संचालकों की ये बड़ी जिम्मेवारी होती हैं कि उनके विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों को सुविधा दी जा रही हैं या नही इसका जांच करना परन्तु इस विद्यालय में सिस्टम नामक व्यवस्था निष्क्रिय हैं. नतीजतन जिसको जो मन में आता है करते हैं. आज ग्रामीणों ने विद्यालय के सचिव से बात की हैं और उन्हें अपनी कार्यशैली में बदलाव लाने की बात कही. यदि सुधार नहीं होता है तो ऐसे भ्रष्ट सिस्टम के खिलाफ विरोध करने के लिए बाध्य होंगे.

### लाखों का पैकेज आवंटित किया जाता है

पूर्व पंसस प्रतिनिधि डिम्पल राणा ने बताया कि बच्चों को पौष्टिक आहार के लिए सरकार हर महीने लाखों का पैकेज विद्यालयों में आवंटन करती हैं. परन्तु विद्यालय समिति सदस्यों की लापरवाही इसकदर हैं कि चावल रहते हुए भी बच्चों को मध्यान भोजन नही दिया गया. साथ ही विद्यालय के प्रधानध्यापक लीला देवी की लापरवाही की सूचना लगातार आ रही हैं वरीय अधिकारी से आग्रह है कि इन्हें यंहा से स्थान्तरण किया जाए नही तो विवाद बढ़ता जाएगा.

### क्या कहते हैं विद्यालय के अध्यक्ष

विद्यालय के अध्यक्ष सुनील कुमार पासवन ने बताया कि स्कूल के सचिव के द्वारा लगातार लापरवाही की शिकायत मिलती रहती हैं . जिसकी सूचना विभाग को भी दी जा चुकी हैं. परन्तु किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई है. मैं विद्यालय का अध्यक्ष हूं, बावजूद किसी प्रकार की सूचना हमें नहीं दी जाती हैं. यहां तक कि मेरे डुप्लीकेट साइन से हमारे उपस्थिति की भरपाई कर दी जाती हैं . विभाग संज्ञान लें और उचित कार्रवाई करें. नावाडीह पंसस प्रतिनिधि संजीत साव ने बताया कि विद्यालय में लगभग 40 किलो अनाज रहने के बावजूद बच्चों को भोजन नहीं दी गई, जो बच्चों को पौष्टिक आहार से वंचित रखा गया हैं . मामला संगीन हैं . इसकी पुनरावृति न हो इसलिए विभाग को तत्काल संज्ञान लेने की जरूरत हैं .

# एकादशी व्रत उद्यापन को लेकर निकाली गई जलयात्रा



संवाददाता। गांडेय (गिरिडीह)

गांडेय प्रखंड के अहिलियपुर में शनिवार को श्री मद्भागवत कथा को लेकर जल यात्रा निकली गई .जल यात्रा में एक सौ एक्कीस कुंवारी कन्याएं व महिलाएं माथे पर कलश लिए अहिल्यापुर गांव भ्रमण करते हुए माथातरी नदी पहुंची . जहां शैल्यानंद पांडेय और अन्य पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चारण व पूजा अर्चना कर कलश में जल भर कर पुनः उसी रास्ते से होते हुए अहिल्यापुर यज्ञ स्थल पहुंचे.इस दौरान पूरे रास्ते भर में जय श्री राम, जय बजरंगबली बली,हर हर महादेव के नारों से पूरा क्षेत्र भक्ति मय हो गया.

रास्ते भर व नदी तट पर श्रधालुओं के लिए शरबत और पानी की व्यवस्था कि गई थी .इधर वृन्दावन धाम से पहुंचे संत स्वामी लवदास जी महाराज ने बताया कि सात दिवसीय श्री मद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया है. आज से ही प्रतिदिन रात्रि को संगीतमय प्रवचन श्रोताओं को श्रवन कराया जायेगा.

## ब्रीफ खबरें

### मां बनासो मंदिर में स्कंदमाता की पूजा

**कथारा (बोकारो)।** चैती दुर्गा पूजा के पांचवें दिन बेरमो प्रखंड क्षेत्र के जारंगडीह कोनार नदी तट पर स्थित मां बनासो मंदिर में शनिवार को मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा की गई. पूजा मुख्य पुजारी कपिल देव पांडेय के द्वारा की गई. जबकि मुख्य यजमान सतीश कुमार गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी उमा साहू सहित अन्य कई लोग शामिल थे. मुख्य पुजारी कपिल देव पांडे ने बताया कि मंदिर में बीते 50 वर्षों पूर्व से ही मां बनासो पर आस्था व श्रद्धा व्यक्त करते हुए श्रद्धालु पूजा करते आ रहे हैं.

### चार अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**गिरिडीह ।** गिरिडीह पुलिस ने वर्षो से फरार चल रहे चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है . एसपी दीपक कुमार शर्मा ने इसकी जानकारी दी है.पहली गिरफ्तारी गावां थाना क्षेत्र के पंडरिया गांव निवासी राजकुमार यादव उर्स राजू यादव को गिरफ्तार किया गया है. दूसरी गिरफ्तारी अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के तेतरियाटांड गांव निवासी सरयू मंडल के पुत्र लाल वारंटी छोटेलाल मंडल की हुई हैं . दो अन्य गिरफ्तारी बेंगाबाद थाना क्षेत्र से हुई हैं.

### साइमन मरांडी को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

**पाकुड़।** पूर्व दिवंगत मंत्री साइमन मरांडी की तृतीय पुण्यतिथि पर डुमरिया स्थित समाधि स्थल पर लिट्टीपाड़ा विधायक दिनेश मरांडी , एगलिना टुडू सहित अन्य लोगों ने श्रद्धांजलि दी. 13 अप्रैल 2021 को कोलकाता में इलाज के दौरान साइमन मरांडी दिवंगत हो गए थे. वे जमीनी रूप से कड़े संघर्ष कर शिखर में पहुंचे थे. दिशोम गुरु शिबू सोरेन को 70 के दशक में नेमरा गांव रामगढ़ से दुमका में पहली बार लाकर संथालपरगना में पहचान दिलाई थी.

## उत्पाद विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई

# बोलेरो से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त



बोकारो के मोहनपुर में जब्त बोलेरो वाहन एवं अवैध शराब समेत अन्य सामग्री.

- 449 लीटर शराब, 2200 खाली बोतल, 12 हजार ढक्कन, 3500 लेबल एवं महिंद्रा बोलेरो जब्त

संवाददाता। बोकारो

बोकारो जिले में जिला प्रशासन के निर्देश पर उत्पाद विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है. इसी के आलोक में उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त ने गुप्त सूचना के आधार पर सदर उत्पाद निरीक्षक के पर्यवेक्षण में स्थानीय पुलिस बल के द्वारा बालीडीह ओपी अन्तर्गत मोहनपुर ग्राम में प्रदीप मंडल के घर पर छापेमारी की गई. विधिवत तलाशी के क्रम में घर के बाहर खड़े महिंद्रा बोलेरो (पंजीयन संख्या जेएच10एजे - 3568) और घर से भारी मात्रा में विदेशी शराब, खाली बोतल, लेबल तथा ढ़क्कन बरामद किए गए.

प्रथम दृष्टया जांच में यह बात सामने आई है कि उक्त वाहन के सामने सीआइएसएफ का बोर्ड लगाकर रात में अवैध शराब की तस्करी की जाती थी. अभियुक्त प्रदीप मण्डल, संदीप मण्डल एवं अन्य के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है. मौके से टीम ने विदेशी शराब 449.28 लीटर, खाली बोतल 2200 पीस, ढक्कन 12000 पीस, लेबल 3500 पीस एवं महिंद्रा बोलेरो वाहन को जब्त किया है.

छापेमारी दल में उत्पाद निरीक्षक संजीत देव, सदर अवर निरीक्षक कृष्णा प्रजापति, अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट दीपिका कुमारी, प्रतिनियुक्त गृहरक्षक शामिल थे. मालूम हो कि लोकसभा चुनाव एवं रामनवमी पर्व को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है. उपायुक्त बोकारो ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण व बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है.

### कतरास पुलिस ने छापेमारी कर कोयला लदी छह मोटरसाइकिल जब्त की

**कतरास।** शनिवार को कतरास पुलिस ने कलाली फाटक तथा राहुल चौक के समीप छापामारी कर कोयला से लदे छह मोटरसाइकिलों को जब्त किया है. हालांकि पुलिस को देखते ही कोयला ले जा रहे तस्कर बाइक छोड़कर भाग निकले.मालूम हो कि इन दिनों कतरास रायगंज तथा तोपचांची मार्ग में कोयला से लदे दोपहिया वाहन सरपट दौड़ रहे हैं. कोयला के अवैध कारोबारी बाइक में कोयला लेकर इलाके के विभिन्न ईट भट्ठों में



कोयला बेचने का काम करते हैं, इधर पुलिस ने मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर वाहन मालिकों की खोजबीन शुरू कर दी है.

## भाजपा के पूर्व विधायक ने किया पीरटांड़ प्रखंड का दौरा

# '400 पार' की चर्चा, बढ़चढ़ कर मतदान की अपील

संवाददाता। पीरटांड़ (गिरिडीह)

विशेष संपर्क अभियान के तहत शनिवार को बीजेपी के पूर्व विधायक निर्भय कुमार शाहाबादी ने पीरटांड़ प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा किया. इस दौरान पूर्व विधायक ने बरदही स्थित बबन सिंह के यहां उनकी भाभी के निधन पर शोकाकुल परिवार से मिले और सभी को ढ़ाढस बंधाया. जिसके बाद ऊपर बरदही में अवकाश प्राप्त शिक्षक हनुमान सिंह से विशेष संपर्क अभियन के तहत मुलाकात कर मोदी जी के आवाह्न अबकी बार 400 पार पर चर्चा की और उपस्थित लोगों से पार्टी के पक्ष में बढ़ चढ़कर मतदान करने की अपील की. उन्होंने पहले मतदान फिर जलपान करने पर जोर दिया . लछनपुर में लोगों से मुलाकात कर एनडीए के पक्ष में मतदान करने की अपील की. लछनपुर के बाद उन्होंने गोंदली टांड में मौजी सिंह के यहां हो रहे एकादशी उद्यापन के कलश यात्रा में उन्होंने भाग लिया. साथ ही और यज्ञ में वृंदावन से आए पंडित जयदेव कृष्ण शास्त्री से आशीर्वाद प्राप्त किया .गोंदलीटांड के बाद उन्होंने घाटाडीह में अरविंद चन्द्र राय से मिलकर उनकी भाभी के निधन पर दुःख व्यक्त किया. जिसके बाद वह बिशनपुर यज्ञ में भाग लेकर दुर्गा जी की पूजा अर्चना कर क्षेत्र के लोगों के लिए मंगल कामना की.



### कार्यकर्ता अति उत्साही न बनें : चुन्नुकांत

**गावां (गिरिडीह) ।** गावां बाजार स्थित टिकैत गढ़ में शनिवार को लोकसभा चुनाव में धनवार विधानसभा से भाजपा को सबसे अधिक मत दिलाने को लेकर गावां व माल्डा मंडल की एक संयुक्त बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता गावां मण्डल अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद व संचालन आनंदी यादव ने किया. बैठक में लोकसभा प्रभारी चुन्नुकान्त, पूर्व आईजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह व अशोक उपाध्याय मुख्य रूप से मौजूद थे. इस दौरान कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी चुन्नुकान्त ने कहा कि कार्यकर्ता उत्साहित हैं. यह अच्छी बात है, लेकिन अतिउत्साह में नहीं रहें .उन्होंने बूथ सत्यापन व सशक्तीकरण को लेकर चर्चा की. उन्होंने कहा कि चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित है. इस बार पिछले बार से भी प्रचंड मतों से अन्नपूर्णा देवी की जीत होगी. बावजूद कार्यकर्ताओं को मेहनत करने की जरूरत है.



### मतदाता जागरूकता को लेकर निकाली गई रैली

**साहिबगंज।** शनिवार को मतदाता जागरूकता को लेकर रैली निकाली गई. लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरुकता को लेकर रोज कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है. जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनन्द के निदेशानुसार और अनुश्रवण के अंतर्गत सभी कल्याण आवासीय विद्यालय, सिद्धो कान्हू एकलव्य विद्यालय, भोगनाडीह, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय, बांझी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत कई कार्यक्रम किए गए. विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी एवं मतदाता शपथ भी दिलाई गयी. इसके अलावा बोरा रेस प्रतियोगिता, जलेबी रेस, मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस आयोजन में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मतदाता जागरूकता के लिए प्रेरित करते मतदान की अपील करेंगे. साथ ही मतदाताओं को जागरूक लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेने के लिए प्रेरित करेंगे.

### 80% से अधिक मतदान का लक्ष्य हासिल करना है

**पाकुड़।** उपायुक्त पाकुड़ मृत्युंजय कुमार बरणवाल के निर्देश के आलोक में मतदाता केन्द्र जागरूकता समूह की बैठक मतदान केंद्र संख्या 383 एवं 384 उमवि हरिगंज में आयोजित की गई. प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार राय ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए मतदान बहुत आवश्यक है. उपायुक्त का निर्देश है कि 80 प्रतिशत से अधिक मतदान का लक्ष्य हासिल करने के लिए इस मतदाता जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया है. भयमुक्त वातावरण में मतदान सम्पन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारी की गई है. एक भी मतदाता मतदान से वंचित नहीं रहे इसमें मतदाता जागरूकता समूह की महत्वपूर्ण भूमिका है.

## झुमरा पहाड़ पर हैलीड्राप के माध्यम से मतदान कर्मियों को मतदान कराने पर चर्चा

# निर्देशों का अनुपालन हो : आईजी

संवाददाता। बोकारो

बोकारो जिले के गोमिया क्षेत्रमें शांतिपूर्ण मतदान कराने एवं उक्त क्षेत्रों में विधि व्यवस्था को लेकर एनआईसी कार्यालय के सभागार में पुलिस महानिरीक्षक उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र डॉ. माइकल राज की अध्यक्षता में बैठक की गई. इस दौरान उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन होना चाहिए.

बैठक में विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई. जिसमें उक्त क्षेत्रों के विभिन्न रूटों, मतदानकर्मियों, सीआरपीएफ एवं पुलिस बल को ठहराने के बारे में चर्चा की गई.



मौके पर पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र एसके झा, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव, पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश, सीआरपीएफ कमांडेंट रविरंजन कुमार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय उपस्थित थे. बैठक के दौरान आईजी ने संबंधित सभी पदाधिकारी को विभिन्न स्टैटिसटिक्स लोकेशन पर विस्तार से जानकारी देते हुए सभी को जरूरी दिशा निर्देश दिए. साथ ही झुमरा पहाड़ के आसपास बूथों पर एएमएफ की सुविधा उपलब्ध कराने को कहा. ताकि किसी भी मतदानकर्मियों वोट देने में दिक्कत का सामना नही करना पड़े.

# कसमार के गांवों में हाथियों ने दिनभर मचाया उत्पात

संवाददाता।बोकारो

कसमार प्रखंड के खुदीबेड़ा में जंगली हाथियों का एक झुंड शनिवार को दिनदहाड़े प्रवेश कर गया. झुंड में दो दर्जन से अधिक हाथी शामिल थे. इससे गांव में दहशत व्याप्त हो गया. बगल के सिंहपुर गांव में भगता पर्व आयोजित होने के कारण काफी संख्या में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा हुआ था. हाथियों के झुंड के कारण उनके बीच भी दशहत एवं अफरातफरी का माहौल बना हुआ था. ग्रामीणों ने बताया कि सुबह करीब नौ बजे हाथियों का झुंड गांव में आया और खुदीबेड़ा के छोटू राम महतो, राजन



महतो एवं अजित महतो की करीब दो एकड़ में लगी गेहूं की फसल को रौंदकर बर्बाद कर दिया. अन्य कई ग्रामीणों की फसलों को भी छिटपुट नष्ट किया है. एक झुंड हिसीम के महादेव बेड़ा के पास सड़क के किनारे डेरा जमाए हुए था. इसके चलते ग्रामीणों का आवागमन काफी कम रहा.

# वक्ताओं ने कहा- डॉ. अंबेडकर का पूरा जीवन ही 'शिक्षा' है

- केबी कॉलेज में डॉ. अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया

संवाददाता। कथारा (बोकारो)

बेरमो के केबी कॉलेज में शनिवार को डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में समानता एवं ज्ञान दिवस के रुप में मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य लक्ष्मी नारायण एवं अन्य शिक्षकों, कर्मियों, छात्र छात्राओं ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया. इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का पूरा जीवन ही अपने आप में शिक्षा है.

प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने कहा कि जीवन भर समानता के लिए संघर्ष करने वाले अंबेडकर को समानता एवं ज्ञान का प्रतीक माना जाता है. उनका नारा 'शिक्षित बनो, संगठित रहो व संघर्ष करो' आज के समय में भी प्रासंगिक है. इस अवसर पर प्रोफेसर इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. प्रभाकर कुमार, सदन राम समेत अन्य वक्ताओं ने भी लोगों को संबोधित किया.

**गावां** | रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

# समय पर शोभायात्रा निकालने का निर्देश

संवाददाता। गावां (गिरिडीह)

गावां थाना परिसर में शनिवार को बीडीओ महेंद्र रविदास की अध्यक्षता में रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई. बैठक में प्रखंड के विभिन्न समुदाय के लोग शामिल हुए. बैठक में इंस्पेक्टर पास्कल टोप्पो ने सभी अखाड़ा के अध्यक्षों को निर्देश दिया कि समय पर शोभा यात्रा निकालें. कहीं पर कोई असामाजिक तत्वों का उपद्रव दिखे तो तुरंत सूचित करें ताकि ससमय कार्रवाई की जा सके. उन्होंने कहा कि रामनवमी का त्योहार शांति का प्रतीक है.



बीडीओ ने आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए सभी समुदाय के लोगों से पर्व को उत्सवपूर्वक भाईचारगी के साथ मनाने की बात कहीं.

साथ ही जुलूस में शामिल होने वाले लोगों से नशापान से दूर रहने की अपील की. थाना प्रभारी महेश चंद्र ने कहा कि सोशल मीडिया में किसी की भी धार्मिक भावना को ठेस लगने जैसी पोस्ट न करें. सद्भाव के साथ पर्व का आनंद उठाएं और किसी भी प्रकार की कोई भी असुविधा या शांति भंग होने जैसी स्थिति बनने पर अभिलंब थाने को सूचित करें. सीओ अविनाश रंजन ने कहा कि आप सभी एक बेहतर सामंजस्य स्थापित करते हुए समय सीमा पर अखाड़े को रामलला मंदिर तक ले जाएं. साथ ही समय से अपने-अपने अखाड़े का लाइसेंस थाना से संपर्क कर ले लें. जुलूस के लिए रूट निर्धारित करें ताकि पुलिस प्रशासन शांतिपूर्ण तरीके से विभिन्न अखाड़े को रामलाल मंदिर तक पहुंचने तक मदद करें. मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष अजय सिंह, भाकपा माले प्रखण्ड सचिव नागेश्वर यादव, पूर्व उपप्रमुख नवीन कुमार, जयप्रकाश राम, योगेंद्र साव, मेराज उद्दीन, सब्दर अली, कन्हाइ राम, संतोष मरांडी, अरविंद गुप्ता, चन्दन कुमार, अमित कुमार, ललित पांडेय, भवानी प्रसाद, किशोर सिंह, पिंटू कुमार, आलोक चक्रवर्ती, अशोक प्रसाद यादव, सतीश रंजन समेत कई लोग शामिल थे.




### आजसू पार्टी के हजारीबाग लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन में पार्टी सुप्रीमो ने कांग्रेस व झामुमो पर साधा निशाना

# 'इंडिया' के पास न कोई राष्ट्रीय चेहरा और न ही संकल्पः सुदेश

संवाददाता। हजारीबाग

कांग्रेस-झामुमो गठबंधन का कोई आधार नहीं है. जातीय ध्रुवीकरण इनकी प्राथमिकता है. इस गठबंधन ने समाज को ठगने का काम किया है, जबकि एनडीए राज्य और राष्ट्र हित में काम करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है. उक्त बातें आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने शनिवार को कही. वह जिले के हरनगंज स्थित एक बैंक्वेट हॉल में आजसू पार्टी के हजारीबाग लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे.

सुदेश महतो ने कहा कि एनडीए के पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा मजबूत और भरोसेमंद चेहरा है. वहीं 'इंडिया' गठबंधन के पास न ही कोई चेहरा है न देश के लिए कोई संकल्प. देश और देश के विकास के लिए इनके पास कोई सोच, कोई रोडमैप नहीं है. उन्होंने अपील की कि हजारीबाग में भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल की जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी मिल कर काम करें. सम्मेलन के बाद सिंदूर स्थित महेंद्र कॉलोनी में सदर प्रधान कार्यालय का उद्घाटन किया गया. इस मौके पर हजारीबाग निवासी युवा उद्यमी अनुराग मिश्रा समेत कई जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने पार्टी की सदस्यता ली.



**चुनाव रणनीति**

- जातीय ध्रुवीकरण की राजनीति झामुमो-कांग्रेस की प्राथमिकता
- भाजपा प्रत्याशी के लिए मिल कर काम करने की अपील की

#### पिछले 10 सालों में हुए रिकॉर्ड काम : सीपी चौधरी

गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी सह पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि 400 पार का नारा सिर्फ एनडीए का संकल्प नहीं, अपितु जन-जन का नारा बन चुका है. प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 सालों में देश के विकास के लिए रिकॉर्ड काम किये गये हैं. सम्मेलन में भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल भी शामिल हुए. उन्होंने कहा कि मैंने नेता नहीं, बल्कि सेवक बनकर कार्य किया है और आगे भी पूरे लोकसभा क्षेत्र की जनता का सेवक बनकर कार्य करूंगा.

#### सम्मेलन में ये रहे मौजूद

आजसू पार्टी के सम्मेलन में मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, गोड्डा लोकसभा प्रभारी खालिद खलील, केंद्रीय सचिव अशोक नाग, केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विस प्रभारी रोशनलाल चौधरी, मांडू विस प्रभारी तिवारी महतो, केंद्रीय प्रवक्ता सह हजारीबाग लोकसभा प्रभारी विकास राणा, हजारीबाग लोकसभा प्रभारी विजय साहू, हजारीबाग लोकसभा प्रभारी परमेश्वर महतो, रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, सतीश सिन्हा, बरही विस प्रभारी राजसिंह चौहान, बरकट्ठा विस प्रभारी प्रदीप कुमार मेहता आदि मौजूद रहे.

# मैं नहीं, कमल का फूल लड़ रहा चुनावः मनीष जायसवाल

संवाददाता। हजारीबाग

लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर स्टेशन रोड स्थित एक होटल में बरही विधानसभा स्तरीय बैठक हुई. बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश भाजपा प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी व विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू मौजूद रहे. कार्यक्रम की अगुवाई बरही विधानसभा संयोजक सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव व संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय ने किया.

बैठक में शामिल सभी छह मंडल अध्यक्ष, पंचायत प्रभारी, पन्ना प्रमुख, बूथ संयोजक व सह संयोजकों को उनके कार्यों एवं दायित्वों से अवगत कराया गया. इस दौरान लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग से वह नहीं बल्कि कमल का फूल लड़ रहा है.

#### प्रदेश प्रभारी व महामंत्री ने दिया जीत का मंत्र

लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने उपस्थित पदाधिकारियों में जोश भरते हुए चुनाव जीतने का मंत्र दिया. उन्होंने 'पन्ना जीता चुनाव जीता, मेरा पन्ना सबसे मजबूत' का नारा दिया. कहा, अबकी बार 400 पार के लक्ष्य के साथ लोगों के बीच जाएं और मनीष जायसवाल को विजयी बनाएं. वहीं सांसद आदित्य साहू ने कहा कि मनीष जायसवाल ने नि:स्वार्थ भाव से जनता की सेवा की है. उनकी लोकप्रियता ही जीत की गारंटी है.

## ब्रीफ खबरें

### रक्षा सूत बांध कर पेड़ों की रक्षा का लिया संकल्प



**टाटीझरिया।** टाटीझरिया पंचायत के बेरहो के सूअरकोडवा जंगल में शनिवार को वृक्षाबंधन किया गया. इस मौके पर शामिल पर्यावरण प्रेमियों ने वन देवी की पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन कर और पेड़ों में लाल सूत बांधा और इसके संरक्षण के संकल्प को दुहराया. वृक्षाबंधन में खेमलाल महतो, लखन महतो, सबिता देवी, चंद्र महतो, पूनम देवी, मुनिया देवी, भिखनी देवी, बिलो देवी, रवि कुमार व अन्य ने पेडों को रक्षा सूत बांधा. कहा, वातावरण को स्वच्छ बनाने में पेड़-पौधों का बहुत बड़ा योग्यदान है. इसके बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है.

### 32 लीटर महुआ शराब जब्त, कारोबारी फरार

**सतगावां।** कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह के निर्देश पर सतगावां थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवपुर गांव के मुसहरिया टोला में अवैध शराब कारोबार को लेकर पुलिस ने छापेमारी की. इस अभियान में सतगावां थाना प्रभारी विजय गुप्ता के साथ पुलिस बल के जवान शामिल थे. छापेमारी के क्रम में में 32 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया. हालांकि, पुलिस के आने की भनक लगते ही तस्कर मौके से फरार होने में सफल रहा. पुलिस इसमें संलिप्त लोगों को चिह्नित करने में जुटी है. इस संबंध में सतगावां थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध महुआ शराब बरामदगी को लेकर संबंधित लोगों को चिह्नित कर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

### रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष का अभिनंदन

**हजारीबाग।** बड़ा अखाड़ा के प्रांगण में रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्षों व शहर के गणमान्य लोगों की एक बैठक हुई. अध्यक्षता महासमिति के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार यादव व संचालन मंजीत यादव ने किया. बैठक में सर्वसम्मति से श्रीश्री चैत्र रामनवमी महावीर झंडा संरक्षक सह समन्वय सेवा समिति का गठन किया गया. इसके पदेन अध्यक्ष बड़ा अखाड़ा के महंत होंगे एवं सभी पूर्व अध्यक्ष और प्रबुद्धजन कार्यकारिणी सदस्य होंगे. बैठक के बाद मीत यादव ने रामनवमी महासमिति के वर्तमान अध्यक्ष जीतू यादव को माला पहना कर और तलवार, लाठी, गमछा, महावीरी ध्वज व हनुमान चालीसा भेंट कर अभिनंदन किया.

### वन भूमि पर अतिक्रमण कर बनाए गए होटल, ढाबा व गुमटी पर चला वन विभाग का बुलडोजर

# दर्जनभर होटल व ढाबा जमींदोज

संवाददाता। हजारीबाग

वन विभाग चौपारण के जीटी रोड के दोनों तरफ वन भूमि पर अतिक्रमण कर संचालित होटलों को वन प्रमंडल ने बुलडोजर से जमींदोज कर दिया. मालूम हो कि चौपारण लोहाबर स्थान डाकबाबा से सियरकोनी, सांझा चोरदाहा पंचायत तक वन भूमि पर संचालित जीटी रोड के किनारे सभी ढाबा, गुमटी एवं लाइन होटलों को वन विभाग ने नौ माह पूर्व बुलडोजर चला कर ध्वस्त कर दिया था.

लेकिन, अतिक्रमण हटाने के कुछ दिन बाद होटल और गुमटी संचालकों ने पुनः अतिक्रमण कर होटल बना लिया था. वन विभाग की टीम ने पुनः इन होटलों को ध्वस्त कर कर बाड़ लगाने का काम शुरू कर दिया, ताकि फिर से अतिक्रमण न हो सके. इस संबंध में जानकारी देते हुए वनरक्षी पंकज कुमार ने बताया कि वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के आदेश पर चौपारण के जीटी रोड किनारे अतिक्रमण कर बनाए गए होटल व ढाबा को हटाते हुए रैखिक वृक्षारोपण का कार्य करने का निर्देश दिया था. इस आलोक में उन होटलों व ढाबा को जमींदोज कर दिया गया है. उन्होंने कहा कि अगर फिर से वनभूमि पर अतिक्रमण किया, तो भविष्य में भी इसी तरह के परिणाम भुगतने होंगे.

इस कार्रवाई में सहायक वन संरक्षक एके परमार, चौपारण वन क्षेत्र पदाधिकारी कमलेश कुमार सिंह, बरही के प्रभारी वनपाल अमर आनंद सरस्वती, बरकट्ठा के आनंद सिंह, चौपारण के राहुल कुमार, वनरक्षी पंकज कुमार, अजित कुमार गोंझू, सिकंदर नायक, राजकुमार गुप्ता, दीपक यादव, बीरेन्द्र कुमार, जितेंद्र कुमार, भूपेंद्र कुमार, देव चंद कुमार और भारी संख्या में वन विभाग के कर्मी शामिल थे.



**विभागीय कार्रवाई**

- अतिक्रमण रोकने के लिए वन भूमि पर लगाया जा रहा बाड़
- दोबारा अतिक्रमण करने पर परिणाम भुगतने की चेतावनी
- अतिक्रमण के खिलाफ नौ माह पूर्व भी हुई थी कार्रवाई

#### इन होटलों व ढाबा को किया गया ध्वस्त

चौपारण प्रखंड के जीटी रोड के दोनों तरफ वन भूमि पर बने दर्जन भर से अधिक होटलों, ढाबा व गुमटी को हटाया गया. इनमें अमृतसर अपना ढाबा, शेरे पंजाब ढाबा, पंजाब हरियाणा राजपूत होटल, तिवारी होटल, जयराम होटल, एसकेवाई होटल, बाबा लाइन होटल, पंजाबी ढाबा, अमर लाइन होटल, कामधेनु होटल, न्यू गंगोत्री होटल, होटल सम्राट, सदाबहार होटल, फैमिली होटल, होटल उपवन, आर्यन ढाबा, हरिओम लाइन होटल, पांडे होटल, मेहता लाइन होटल, सूरज लाइन होटल, शारदा तिवारी होटल, मंजू तिवारी होटल सहित 15 गुमटियों को हटाया गया.

## वन विभाग ने 128 टन अवैध कोयला जब्त किया



**बड़कागांव।** हजारीबाग डीएफओ सबा आलम अंसारी के निर्देश पर अवैध कोयला उत्खनन एवं कारोबार को लेकर गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम ने बड़कागांव में सघन छापेमारी की. टीम का नेतृत्व एसीएफ अविनाश कुमार परमार एवं बड़कागांव रेंजर कमलेश सिंह कर रहे थे. छापेमारी के दौरान इंदिरा पसेरिया में संचालित अवैध कोयला खदान से कोयला उत्खनन कर लुरुंगा वन भूमि पर दो लोडिंग प्वाइंट पर भंडारित 128 टन अवैध कोयला जब्त किया गया. जब्त कोयले को 22 ट्रैक्टर व एक हाइवा में लोड कर बड़कागांव वन विश्रामागार लाया गया. इस संबंध में एसीएफ एके परमार ने बताया कि मामला दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है. अवैध कोयला कारोबार में संलिप्त लोगों को चिह्नित कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी. किसी भी परिस्थिति में अवैध कोयला कारोबारी बख्शे नही जाएंगे. छापेमारी दल में हजारीबाग रेंज और बड़कागांव रेंज के वनकर्मी शामिल थे. ज्ञात हो कि पिछले वर्ष भी बड़कागांव एवं केरेडारी के वन क्षेत्र से वन विभाग ने छापेमारी कर करीब 85 ट्रैक्टर अवैध कोयला जब्त किया था.

- लुरुंगा वन भूमि पर दो लोडिंग प्वाइंट पर रखा था कोयला
- अवैध करोबार में संलिप्त लोगों के लिए की जाएगी कार्रवाई

## न्यूज अपडेट

### श्मशान की जमीन को लेकर दो पक्ष आमने-सामने



**विष्णुगढ़।** प्रखंड के अलखरी खुर्द में श्मशान की जमीन को लेकर दो गांवों के एक ही समुदाय के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है. प्रशासनिक पहल से हिंसक वारदात तो टल गई, लेकिन तनाव अब भी बरकरार है. स्थानीय स्तर पर निपटारे की कोशिशें जारी हैं. बता दें कि बीते गुरुवार को मामला हिंसक होते- होते बच गया था. ऐन वक्त पर थाना प्रभारी राम नारायण सिंह और सीओ विकास कुमार टुडू मौके पर नहीं पहुंचते, तो दोनों पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो सकता था. उक्त भूखंड को लेकर गांव के भगीरथ महतो कहते हैं कि पीढ़ियों से यहां शव जलाए जाते रहे हैं. अब बगल के महतोइया गांव के कुछ ग्रामीणों ने इस भूमि पर अपनी दावेदारी कर दी और जेसीबी चलवा कर खेत बनाने लगे. अलखरी खुर्द के ग्रामीणों ने इसका विरोध किया, तो माहौल हिंसक हो गया. फिलहाल उस भूमि के समतलीकरण का कार्य रोक दिया गया है.

### बाराटांड़ आंगनबाड़ी में 63 की हुई स्वास्थ्य जांच

**बरही।** प्रखंड के बाराटांड़ आंगनबाड़ी केंद्र में शनिवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. प्रकाश ज्ञानी के नेतृत्व में लगाए गए शिविर में 63 लोगों की टीबी, शुगर, बीपी समेत अन्य कई रोगों की जांच की गई. डॉ. ज्ञानी ने बताया कि अच्छे खानपान व नियमित रूप से योगाभ्यास करने से बीमारियों से बचा जा सकता है. टीबी रोग भी एक-दूसरे में फैलने वाली बीमारी है. परिवार या आसपास के लोगों में दो सप्ताह से ज्यादा खांसी, छाती में दर्द, बलगम में खून आना, शाम को बुखार आना, वजन कम होना व भूख न लगना आदि लक्षण होने पर तुरंत नजदीकी सरकारी लैब में खाली पेट जांच कराएं. और रोग की पुष्टि होने पर दवा अवश्य लें. स्वास्थ्य जांच शिविर में एसटीएलएस बिजेंद्र कुमार, एमपीडब्ल्यू संतोष कुमार, एसटीएस रवि शंकर, अनिता कुमारी, सीएचओ उत्तम रजक, सहिया निशि कुमारी, मालती कुमारी, अजंती देवी की टीम मौजूद रही.

### पेंशनर्स समाज ने दिवंगत सदस्य को श्रद्धांजलि दी



**बरही।** प्रखंड परिसर स्थित बुद्धिजीवी मंच भवन में शनिवार को झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज की बैठक हुई. अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष ईशो सिंह व संचालन महासचिव महेंद्र प्रसाद दुबे ने किया. इस दौरान सर्वसम्मति से केवाल निवासी बसंत सिंह की असमायिक मृत्यु होने पर सभी सदस्यों ने 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की. कहा, इस दुख के घड़ी में मंच के सभी सदस्य उनके परिजनों के साथ है. साथ ही मंच के लोगों ने शहीद दिवस भी मनाया. सभी सदस्यों ने शहीदों के शहादत को बेकार नहीं जाने देने का संकल्प लिया. बैठक में मंच के कोषाध्यक्ष नकुल देव राणा, जगनारायण प्रसाद, रामचंद्र पांडेय, राम प्रसाद राम, अनमोल राणा, रामनाथ प्रसाद, रामनाथ प्रसाद, कृष्ण कुमार दास, गण महतो, रामलाल महतो, शैलेंद्र प्रसाद, कैलाशपति सिंह, लक्ष्मण प्रसाद सहित मंच के अन्य सदस्य उपस्थित थे.

# दो अपराधियों को प्रतिदिन थाने में लगानी होगी हाजिरी

संवाददाता। रामगढ़

**प्रशासनिक कार्रवाई**

- गोलू वर्मा और अनिल यादव को लगानी होगी हाजिरी
- रामगढ़ उपायुक्त के न्यायालय ने जारी किया आदेश

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी चंदन कुमार के न्यायालय ने दो अपराधियों गोलू कुमार वर्मा और अनिल यादव उर्फ अनिल कुमार यादव को आगामी छह महीने तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे रामगढ़ थाना प्रभारी के समक्ष हाजिरी लगाने का आदेश दिया है. साथ ही अगर इनके पास कोई लाइसेंसी हथियार है, तो उसे स्थानीय थाने में अविलंब जमा करने का भी आदेश जारी किया गया है.

उक्त आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है. आदेश की अवमानना अथवा उल्लंघन करने पर सुसंगत धाराओं के तहत दंडित किया जाएगा. गौरतलब हो कि रामगढ़ थाना चौक निवासी गोलू कुमार वर्मा और रामगढ़ बंगाली टोला निवासी अनिल यादव के जेल से छूटकर आने के बाद इनकी आपराधिक गतिविधियों बढ़ गई थी. इसके बाद दोनों को जिला बदर कर दिया गया था. इसके बाद भी दोनों अपराधियों की जिले में अवांछित रूप से प्रवेश करने तथा विभिन्न स्रोतों से खबर भिजवा कर या खुद जाकर लेवी के लिए भयभीत करने, वाद के गवाहों व वादी को डराने-धमकाने की संभावना को देखते हुए दोनों की गतिविधियों पर प्रतिदिन निगरानी रखने का आदेश जारी किया गया है.

### कटकमसांडी प्लस टू हाई स्कूल के बच्चों ने प्रभात फेरी में लगाये नारे

# 'सारे काम छोड़ दो, पहले वोट दो'



**मतदाता जागरूकता**

- बच्चों ने शिक्षकों ने लोगों से की मतदान करने की अपील
- स्वीप के तहत 16 मई तक स्कूल में होंगे कई कार्यक्रम

संवाददाता। हजारीबाग

जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के निर्देशानुसार शनिवार को प्लस टू हाई स्कूल, कटकमसांडी के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने मतदाता जागरूकता प्रभात फेरी निकाली. लोकसभा निर्वाचन स्वीप कार्यक्रम के तहत निकाली गयी प्रभात फेरी स्कूल परिसर से शुरू होकर कटकमसांडी चौक, चट्टी, अस्पताल, प्रखंड कार्यालय, थाना होते हुए पुनः स्कूल परिसर पहुंच कर संपन्न हुई.

प्रभात फेरी के दौरान बच्चों ने 'सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो' के नारे लगाए. प्रभात फेरी का नेतृत्व स्कूल के शारीरिक शिक्षक सरोज कुमार मालाकार ने किया. प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय मसीह ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के तहत स्कूल परिसर में 12 अप्रैल से 16 मई तक कई तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है. आगामी दिनों में क्विज, मेहंदी, साइकिल, वाद-विवाद, पेंटिंग, नृत्य, पौधरोपण, मानव श्रृंखला, रंगोली सहित कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जायेगा.

प्रभात फेरी को सफल बनाने में सरोज कुमार मालाकार, डॉ. मैनेजर नाथ पांडेय, महेंद्र प्रसाद, इमरान अयूब हुसैनी, उषा रानी महतो, अजय बैठा, जाहिदा बानो, आदित्य कुमार, डॉ. विकास सिंह, उत्तम सिंह, अशोक कुमार, भारती नायक, सुरेश प्रसाद, कुशवाहा, प्रिया, प्रमिला कुमारी, निरंजन कुमार रवानी, सौरभ खत्री, अरविंद सिंह और कंचन कुमार का अहम योगदान रहा.

# बड़कागांव व रामगढ़ विस के सूक्ष्म प्रेक्षकों को दिया प्रशिक्षण



संवाददाता। रामगढ़

लोकसभा चुनाव के सफल आयोजन के मद्देनजर शनिवार को बड़कागांव व रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त सूक्ष्म प्रेक्षकों को समाहरणालय सभाकक्ष में प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया. इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रवींद्र कुमार गुप्ता ने सभी सूक्ष्म प्रेक्षकों को निर्वाचन के दौरान उनके द्वारा किये जानेवाले कार्यों की विस्तार से जानकारी दी. सभी को निर्वाचन के दौरान भरे जाने वाले विभिन्न प्रकार के प्रपत्रों के बारे में भी बताया गया. उप निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी सूक्ष्म प्रेक्षकों को किसी भी प्रकार की कोई दुविधा होने पर त्वरित मास्टर ट्रेनर अथवा संबंधित अधिकारी से संपर्क कर दुविधा दूर कर लेने का निर्देश दिया. वहीं, प्रशिक्षण कोषांग में प्रतिनियुक्त अधिकारियों, मास्टर ट्रेनर आदि ने सभी सूक्ष्म प्रेक्षकों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के साथ ही ईवीएम के संचालन को लेकर भी जानकारी दी.

**खास बातचीत**

### कोडरमा लोकसभा सीट पर भाजपा और भाकपा माले के बीच कांटे की टक्कर के आसार

# मुद्दे से भटक गयी मोदी सरकार, विकास गौणः विनोद सिंह

**कोडरमा लोकसभा सीट से 'इंडिया' गठबंधन के प्रत्याशी विनोद सिंह लगातार क्षेत्र का दौरा कर मतदाताओं को गोलबंद करने में जुटे हुए हैं. 'शुभम संदेश' संवाददाता ने उनसे खास बातचीत की. इस दौरान माले प्रत्याशी ने केंद्र सरकार और भाजपा पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि जनता सब देख रही है और इस चुनाव में भाजपा को वोट की चोट से माकूल जवाब देगी. वहीं, इस लोकसभा चुनाव में वे किस मुद्दे पर चुनाव लड़ने वाले हैं, इसपर भी विनोद सिंह ने अपनी बातें रखीं.**

संवाददाता। कोडरमा



विनोद सिंह

जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव का समय नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे राजनीतिक पारा भी चढ़ने लगा है. इसमें कोडरमा लोकसभा काफी 'हॉट सीट' मानी जाती है. वर्तमान में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी यहां की सांसद हैं. भाजपा नेतृत्व ने उन्हें दूसरी बार कोडरमा लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी बनाया है. वहीं, इंडिया गठबंधन की ओर से भाकपा माले के उम्मीदवार विनोद सिंह चुनावी मैदान में हैं.

इस चुनाव में दोनों प्रत्याशियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है. वहीं, खास बातचीत के दौरान 'इंडिया' गठबंधन प्रत्याशी विनोद सिंह ने कहा कि मोदी सरकार विकास, महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर सत्ता में आयी थी. लेकिन आज महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है, बेरोजगारी चरम पर है. मोदी सरकार अपने मुद्दे से भटक गयी है. जनता उनसे जवाब मांग रही है और इस चुनाव में इसका जवाब जरूर देगी.

उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड में भाजपा के किसी भी सांसद ने अपने क्षेत्र में कोई काम नहीं किया है, बल्कि वे सिर्फ केंद्र सरकार के काम गिना कर जनता से वोट मांग रहे हैं. बताया कि राजद, कांग्रेस, झामुमो समेत सभी गठबंधन दलों का उन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है और इस बार कोडरमा में उनकी जीत तय है. गौरतलब है कि विनोद सिंह जमीनी नेता माने जाते हैं और वह बगोदर विधानसभा सीट से चुनाव जीतते रहे हैं. वर्तमान में यहां से विधायक भी हैं. बगोदर के अलावा बरकट्ठा, राजधनवार और गांडेय में भी उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है.

#### "कॉरपोरेट घरानों के लिए काम कर रही मोदी सरकार"

विनोद सिंह ने कहा कि मोदी सरकार कॉरपोरेट घरानों के लिए काम कर रही है और विकास के मुद्दे गौण हो गए हैं. उन्होंने यह भी कहा कि खनिज संसाधनों से समृद्ध राज्य होने के बावजूद झारखंड के लोग रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में पलायन करते हैं. आगे कहा कि कोडरमा लोकसभा सीट से 10 से अधिक बार भाजपा के सांसद रहे हैं, लेकिन आज तक किसी भी सांसद ने कोडरमा के पत्थर और माईका उद्योग के लिए संसद में आवाज नहीं उठाई.

#### "डरी नजर आ रही भाजपा, ईडी का कर रही दुरुपयोग"

विनोद सिंह ने कहा कि इस लोक चुनाव में भाजपा बिल्कुल डरी हुई नजर आ रही है, इसलिए सीबीआई और ईडी समेत अन्य केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है. उन्होंने कहा कि आज तक कोडरमा में करमा मेडिकल कॉलेज और सेंट्रल स्कूल नहीं बन सका है. शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में झारखंड आज भी पिछड़ा हुआ है.

### 'इंडिया' प्रत्याशी जेपी पटेल ने हजारीबाग व रामगढ़ में किया जनसंपर्क

# क्षेत्र के विकास के लिए मांगा आशीर्वाद

संवाददाता। हजारीबाग

लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं. इसी क्रम में उन्होंने बैशाखी के अवसर पर गुरु गोविंद सिंह रोड स्थित गुरुद्वारा में मत्था टेका और शुभकामनाएं दी. उन्होंने समस्त हजारीबाग लोकसभा क्षेत्रवासियों के अमन-चैन, खुशहाली और उन्नति की कामना की. पटेल ने हजारीबाग रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष जीतू यादव से भी मुलाकात की. रामनवमी पूजा को लेकर चल रही तैयारियां पर चर्चा की. इस दौरान सनराइज ग्रुप द्वारा आयोजित शोभायात्रा में भी शामिल हुए. उन्होंने आपसी सौहार्द्र और शांतिपूर्ण वातावरण में रामनवमी के आयोजन पर कई सुझाव दिए.



#### रामगढ़ में दर्जनों स्थानों पर लोगों से की मुलाकात

जय प्रकाश भाई पटेल ने रामगढ़ में कॉलेज रोड, मेन रोड, चैनगढ़ा, पोचरा, बरकाकाना, मतकमा चौक, भुरकुंडा आदि कई स्थानों पर जनसंपर्क किया. इस दौरान उन्होंने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए जनता से आशीर्वाद मांगा. भ्रमण के क्रम में उन्होंने मां वनजारी दुर्गा मंदिर में माता का आशीर्वाद लिया. वहीं, स्वतंत्रता सेनानी जीतराम बेदियावं धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया. जनसंपर्क में कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, नगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, सदर प्रखंड प्रमुख गणेश प्रसाद मेहता, जयकुमार महतो, अनिल कुमार राय आदि थे.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** समय उत्तम है. जीवन सुखमय व्यतीत होगा. प्रसन्नता तथा उत्साह से ओत-प्रोत रहेंगे. पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा. चोट-रोग व चोरी-विवाद से बचें. यात्रा लंबी तथा मनोरंजक रह सकती है. अप्रत्याशित लाभ के योग हैं.

**वृषभ** लेन-देन में जल्दबाजी व लापरवाही न करें. भावनाओं को वश में रखें. मन की बात किसी को न बतलाएं. प्रतिष्ठा में कमी हो सकती है. जल्दबाजी से चोट लग सकती है. कुसंगति से बचें. कोई अप्रत्याशित खर्च सामने आएगा.

**मिथुन** समय बहुत ही उत्तम है. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. प्रमाद न करें. बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे. यात्रा मनोरंजक रहेगी. अच्छे दिन को इंजॉय करें.

**कर्क** घर में अतिथियों का आगमन होगा. व्यय बढ़ेगा. आत्मविश्वास में वृद्धि होगी. कोई बड़ा काम करने तथा यात्रा पर जाने का मन बनेगा. आय बनी रहेगी. प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी. भेंट व उपहार देना पड़ सकता है.

**सिंह** आय के लिए आप प्रयासरत हैं. इसका लाभ मिलेगा. पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. धन प्राप्ति सुगम होगी. कारोबारी कामकाज चलते रहेंगे. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. सुख के साधन जुटेंगे. यात्रा मनोरंजक रहेगी. मित्रों का साथ मिलेगा.

**कन्या** पुराने रोग को नजरअंदाज न करें. व्यय होगा. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. व्यापार-व्यवसाय की गति धीमी रहेगी. शत्रु पीठ पीछे षड्यंत्र रच सकते हैं. प्रियजनों के साथ रिश्तों में खटास आ सकती है. अन्न दान करें.

**तुला** सृजनशीलता का विकास होगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. व्यापार-व्यवसाय सुखद रहेगा. जल्दबाजी न करें. शारीरिक कष्ट संभव है. चिंता तथा तनाव रहेंगे. संतान संबंधी बुरी सूचना प्राप्त हो सकती है. लाल फूल माता दुर्गा को अर्पण करें.

**वृश्चिक** पार्टनर तथा मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा. रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. आपके कार्य और प्रभाव से नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं. बातचीत में संयम रखें.

**धनु** जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. शत्रुभय रहेगा. नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा. परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी. मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा.

**मकर** लाभ के अवसर हाथ आएंगे. जीवनसाथी की चिंता रहेगी. घर में सुख-शांति बनी रहेगी. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. विवेक से कार्य करें, लाभ होगा. किसी धार्मिक स्थल के दर्शन का कार्यक्रम बन सकता है. मित्रों से भेंट होगी.

**कुंभ** नौकरी में जवाबदारी बढ़ सकती है. थकान व कमजोरी रह सकती है. विरोधी सक्रिय रहेंगे. ऐश्वर्यादि पर खर्च होगा. यश बढ़ेगा. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. नए काम मिल सकते हैं. आर्थिक वृद्धि के लिए योजना बनेगी.

**मीन** दूसरों के मामलों में हाथ न डालें. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. किसी व्यक्ति के व्यवहार से क्लेश होगा. आय होगी. जोखिम न उठाएं. वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें. अनहोनी की आशंका निर्मूल नहीं हो सकती है.

## ओडिशा से 6.50 किलो गांजा लेकर जाने वाले थे बिहार, पुलिस ने दबोचा

**जमशेदपुर**। भुइंयाडीह स्थित बस अड्डे से पुलिस ने गांजा के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार आरोपियों में पीयूष सिंह, प्रवीण और भरत सिंह शामिल हैं. तीनों बिहार के भभुआ जिले के मोहनिया के हैं. पुलिस ने आरोपियों के पास से 6.50 किलो गांजा बरामद किया है. पुलिस ने तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया. जानकारी देते हुए डीएसपी मुख्यालय 1 भोला यादव ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ओडिशा से कुछ युवक गांजा लेकर जमशेदपुर आए हैं और यहां से बिहार की ओर जाने वाले हैं. इसके बाद पुलिस ने बस स्टैंड पर सर्च अभियान चलाया. वहां पुलिस ने तीन संदिग्धों को पकड़ा. तलाशी में तीनों के बैग से गांजा बरामद हुआ. युवकों ने पुलिस को बताया वे लोग ओडिशा से गांजा लेकर बिहार जा रहे थे. पहले भी गांजा की तस्करी कर चुके है.

## साइबर अपराधी ने अजीत दास के खाते से उड़ाये 31 हजार रुपये

**नोवामुंडी**। गुवा बाजार स्थित अजीत दास के खाते से 10 अप्रैल की रात 9:45 से लेकर 1:30 बजे तक तकरीबन 31 हजार रुपये की निकासी कर ली गई है. 11 अप्रैल की सुबह खाताधारक गुवा बाजार स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा जाकर इसकी लिखित शाखा प्रबंधक को दी. उसके बाद साइबर शिकार खाता धारक अजीत दास ने अपने खाते से गायब हुई. इसकी लिखित शिकायत गुवा थाना में की है. इस संबंध में अजीत दास ने बताया कि वह बैंक से ऑनलाइन ट्रांजक्शन नहीं करता है. उसके बावजूद अचानक उसके खाते से 31 हजार रुपए कैसे कट गए हैं. ज्ञात हो कि इससे पूर्व गुवा बैंक ऑफ इंडिया के खाताधारक संदीप कुमार प्रसाद के खाते से 70 हजार रुपए की निकासी कर ली गई थी. खाताधारक अजीत दास ने कहा कि बैंक ऑफ इंडिया एक बहुत ही बड़ी कंपनी है. आए दिन खाता धारकों के साथ ऐसी घटनाएं घटती रहती हैं. बैंक के कर्मचारी यह हवाला देकर अपना पिंड छुड़ा लेते हैं कि आपके खाते में आधार से पैसा निकाला गया है. किसी खाता धारक को कहा जाता आपने गलती से कहीं पेटीएम कर दिया है, जबकि खाताधारक कोई ऑनलाइन ट्रांजक्शन कभी करता ही नहीं है.

### कोडरमा में जिनसे चुनाव हारे थे, अब उनके लिए ही वोट मांग रहे हैं बाबूलाल मरांडी

# भाजपा में रिकॉर्ड मतों से जीतनेवालों का पत्ता कटा, सबसे कम अंतर से जीतने वाले को टिकट

रवि भारती। रांची

झारखंड की राजनीति कब किस करवट लेगी, इसका अंदाजा लगाना काफी मुश्किल है. राजनीति में कोई सगा नहीं होता. हर कोई मौके पर चौका मारने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ता. झारखंड भाजपा का हाल भी कुछ ऐसा ही है. वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड चार लाख 86 हजार 194 मत से जीतने वाले पशुपतिनाथ सिंह को इस लोकसभा चुनाव में पार्टी ने टिकट ही नहीं दिया. उनकी जगह बाघमारा से भाजपा विधायक ढुल्लू महतो को टिकट दिया गया है. ढुल्लू पर 50 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिसे लेकर भाजपा के अंदरखाने में भी सबकुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है. ऊपर से निर्दलीय विधायक सरयू राय ने भी उनकी उम्मीदवारी पर कई सवाल भी खड़े कर दिए हैं. दूसरी ओर भाजपा ने सबसे कम वोट से जीतने वाले को टिकट दिया है. पिछले लोकसभा चुनाव में खूंटी सीट से अर्जुन मुंडा ने सिर्फ 1445 वोट से ही जीत हासिल की थी. भाजपा ने उन्हें केंद्र में मंत्री भी बनाया. पार्टी ने इस बार फिर से अर्जुन मुंडा को खूंटी से प्रत्याशी बनाया है. अर्जुन मुंडा ने कांग्रेस के कालीचरण मुंडा को शिकस्त दी थी.

## दुमका से गुरुजी को हरानेवाले को पहले टिकट थमाया, फिर छीन लिया

### 2019 में सबसे बड़ी जीत

**पशुपतिनाथ सिंह ने धनबाद से 4,86,194 वोट से दर्ज की थी जीत**

### सबसे कम अंतर से जीत

**अर्जुन मुंडा ने पिछले चुनाव में खूंटी से 1445 वोट से दर्ज की थी जीत**





### कभी आमने-सामने थे, आज साथ-साथ

पिछले लोकसभा चुनाव में कोडरमा लोकसभा सीट से अन्नपूर्णा देवी और बाबूलाल मरांडी कभी आमने-सामने थे. अन्नपूर्णा देवी राजद छोड़ कर भाजपा में शामिल हुईं थीं और पार्टी के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरी थीं. उनका मुकाबला झारखंड विकास मोर्चा के बाबूलाल मरांडी से था. अन्नपूर्णा देवी ने बाबूलाल मरांडी को चार लाख 55 हजार 600 मतों से हराया था. आज बाबूलाल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं और अन्नपूर्णा देवी कोडरमा सीट से भाजपा की प्रत्याशी हैं. उन्हें विजयी बनाने के लिए बाबूलाल मरांडी चुनाव मैदान में पसीना बहा रहे हैं.

### चतरा से सुनील सिंह की दाल भी नहीं गली

पिछले लोकसभा चुनाव में चतरा से तीन लाख 77 हजार 871 मतों से जीत हासिल करने वाले भाजपा प्रत्याशी सुनील सिंह का भी इस लोकसभा चुनाव में टिकट कट गया है. उनकी जगह भाजपा ने कालीचरण सिंह को उम्मीदवार बनाया है. वर्ष 2019 के चुनाव में सुनील सिंह को 5 लाख 28 हजार 77 मत मिले थे, जबकि कांग्रेस के मनोज कुमार यादव को एक लाख 50 हजार 206 मत मिले थे.

### दुमका से सुनील सोरेन का भी पत्ता साफ

पिछले लोकसभा चुनाव में दुमका से झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन को 47 हजार 590 मतों से हराने वाले सुनील सोरेन का भी भाजपा ने पत्ता साफ कर दिया है. हालांकि, उन्हें दुमका से टिकट मिल गया था, लेकिन सीता सोरेन के झामुमो छोड़ कर भाजपा में शामिल होने के बाद पार्टी ने सीता सोरेन को प्रत्याशी बना दिया. पिछले चुनाव में सुनील सोरेन को चार लाख 84 हजार 923 मत मिले थे, जबकि शिबू सोरेन को चार लाख 37 हजार 333 मत मिले थे.

### 3.71 लाख वोट लानेवाले को भी तवज्जो नहीं

लोहरदगा सीट से तीन लाख 71 हजार 595 मत लाने वाले भाजपा सांसद सुदर्शन भगत का भी टिकट कट गया. सुदर्शन भगत ने कांग्रेस के सुखदेव भगत को 10 हजार 363 मतों से हराया था. वहीं हजारीबाग सीट से सांसद जयंत सिन्हा ने खुद को चुनाव से अलग कर लिया. इस बार उनकी जगह भाजपा विधायक मनीष जायसवाल पर पार्टी ने दांव लगाया है. पिछले चुनाव में जयंत सिन्हा ने कांग्रेस के गोपाल साहू को चार लाख 79 हजार 548 मतों से हराया था.

### मुद्दे से भटकाने के लिए ईडी व जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर दबाया जा रहा है आवाज

# सीएसडीएस की सर्वे रिपोर्ट ने मोदी सरकार की पोल खोल दी : कांग्रेस

विशेष संवाददाता। रांची



झारखंड प्रदेश कांग्रेस के संगठन महासचिव अमूल्य नीरज खलखो ने कांग्रेस भवन में कहा कि सीएसडीएस की ताजा सर्वे ने मोदी सरकार की पोल खोलकर रख दी है. लगातार कांग्रेस इन्हीं मुद्दों के बीच आवाज उठा रही है और यही कारण है कि इन आवाजों को दबाने के लिए कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के नेताओं पर ईडी की शिकंजा कसवाया जा रहा है, ताकि महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दे दबे रहे.

**अब पूरी तरह लदने वाले हैं मोदी सरकार के दिन :** नीरज खलखो ने कहा कि मोदी सरकार के दिन अब पूरी तरह लद चुकी हैं. 2019 के चुनाव में ही देश की जनता इनके जुमलेबाजी व वादाखिलाफी का जवाब देने का मन बना चुकी थी. पर पुलवामा में देश के वीर शहीदों की शहादत का राजनीतिक इस्तेमाल कर ये जनता को अपने पक्ष में करने में सफल रहे. कुछ समय पहले तक मोदी की गारंटी पर जोर देते हुए भाजपा ने पुनः देश की जनता को गुमराह करने का प्रयास शुरू किया है. परंतु बेरोजगारी, महंगाई व इलेक्टोरल बांड से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले पर जनता के आक्रोश को भांपकर भाजपा ने फिर से धार्मिक ध्रुवीकरण का प्रयास चालू कर दिया गया है. चुनाव से पहले जब सीएसडीएस के सर्वे ने जनता के मूड का खुलासा कर दिया है, तो प्रधानमंत्री मोदी फिर जनता का ध्यान मूल मुद्दों भटकाने के लिये सनातनी राग अलाप रहे हैं.

**दस साल की उपलब्धियां गिनाने में छूट रहे हैं भाजपा को पसीने :** खलखो ने कहा कि भाजपा को अपने 10 साल की उपलब्धियों को समझाने में पसीने छूट रहे हैं. मोदी सरकार के 10 साल अन्यायकाल के खिलाफ राहुल गांधी की कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर व मणिपुर से लेकर मुंबई तक भारत जोड़ो यात्रा व भारत जोड़ा न्याय यात्रा के दौरान बेरोजगार नौजवान, मजदूर, किसान, महिला व आम जनता से हुई संवाद के आधार पर जब कांग्रेस पार्टी पांच न्याय पच्चीस गारंटी को लेकर चुनाव के मैदान में पूरी शिद्दत के साथ उतर चुकी है, तो भाजपा पूरी तरह से बौखला गई है.

**पांच न्याय-पच्चीस गारंटी लेकर घर-घर पहुंचेगी कांग्रेस :** नीरज खलखो ने बताया कि झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार झारखंड के सभी 14 लोकसभा क्षेत्रों में घर घर गारंटी अभियान की शुरुआत हो चुकी है. सभी लोकसभा कॉर्डिनेटरों, घोषित पार्टी प्रत्याशियों एवं जिलाध्यक्षों को स्पष्ट दिशा निर्देश दिए गए हैं, जिसके तहत कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता गारंटी कार्ड को लेकर मतदाताओं के घरों तक पहुचेंगे और भाजपा सरकार के 10 साल के अन्याय काल का पर्दाफाश करते हुए कांग्रेस पार्टी के 'पांच न्याय-पच्चीस गारंटी को लेकर आम जनता से इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट के अपील करेंगे.

### कोर्ट वीकली राउंडअप

# झारखंड हाईकोर्ट और सिविल कोर्ट में किस-किस महत्वपूर्ण केस में सुनवाई हुई

विनीत आभा उपाध्याय। रांची

झारखंड हाईकोर्ट और रांची सिविल कोर्ट में इस सप्ताह (8 से 13 अप्रैल तक) कई महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई हुई. इस सप्ताह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े लैंड स्कैम केस के दूसरे आरोपी मोहम्मद सद्दाम की गिरफ्तारी के बाद कोर्ट में पेश किया गया. वहीं मनी लॉन्ड्रिंग के अलग-अलग मामलों के करीब आधा दर्जन आरोपियों को बेल देने से हाईकोर्ट ने इनकार कर दिया. इसके साथ ही चाईबासा कोर्ट ने दुष्कर्म के तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई. जानिए इस सप्ताह किन-किन मामलों में क्या-क्या हुआ.

- 1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े लैंड स्कैम केस में फर्जी डीड बनाने के आरोपी मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार करने के बाद ईडी ने कोर्ट में प्रस्तुत किया. इसके बाद कोर्ट ने उससे पूछताछ के लिए ईडी को अनुमति दी. पूछताछ में कई अहम खुलासे हुए हैं.
- 2. टेंडर घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस के आरोपियों वीरेंद्र राम, उनके पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी को झारखंड हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली. हाईकोर्ट ने सभी आरोपियों की ओर से दाखिल जमानत याचिका और अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी.
- 3. अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस के दो आरोपियों भगवान भगत और सुनील यादव ने हाईकोर्ट से बेल मांगी थी, लेकिन कोर्ट ने दोनों को बेल देने से इनकार कर दिया.
- 4. लोकपाल द्वारा जेएमएम की संपत्ति की सीबीआई से जांच के आदेश को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है.
- 5. पूर्व विधायक पौलुस सुरीन व उसके एक साथ को ठेकेदार भूषण सिंह हत्याकांड में कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई गयी.
- 6. चाईबासा सिविल कोर्ट ने बच्ची से दुष्कर्म करने के तीन दोषियों को अंतिम सांस तक जेल में रखने की सजा सुनायी. चाईबासा के अपर सत्र न्यायाधीश ने रामचंद्र तियू, अनूप प्रताप तियू और सुखलाल होनहागा को सजा के साथ 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया.
- 7. जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के खिलाफ दाखिल प्रॉसिक्यूशन कंप्लेन (पीसी) पर ईडी कोर्ट ने संज्ञान लिया है. इसके साथ ही कोर्ट ने वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी को समन जारी किया.

# सीएम चंपाई सोरेन ने कहा-नहीं बदली जाएंगी सिंहभूम प्रत्याशी जोबा मांझी



भाषा। आदित्यपुर

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने आदित्यपुर में पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि अब किसी भी हाल में नहीं बदली जाएंगी सिंहभूम प्रत्याशी जोबा मांझी. जमशेदपुर से जेएमएम का प्रत्याशी का एलान रामनवमी के बाद करेंगे. उन्होंने कहा कि जमशेदपुर से पार्टी का प्रत्याशी कोई जेएमएम परिवार से ही होगा. बता दें कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन शनिवार को गम्हरिया आदित्यपुर का तूफानी दौरा करते हुए पहले गम्हरिया जिसके बाद आदित्यपुर में नगर कमेटी के साथ होटल नोवांता में मंत्रणा की है. कार्यकर्ताओं ने सबसे पहले मुख्यमंत्री का फूल माला और गुलदस्ता देकर स्वागत किया ततपश्चात मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों से बूथ को स्थिति का जायजा लिया. उन्होंने मौके पर ही नगर के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी भी सौंपी है. कार्यकर्ता सम्मेलन में नगर निगम के वार्ड 11 से 35 तक के बूथों के बूथ प्रभारी और अध्यक्ष शामिल हुए. उन्होंने कहा कि झारखंड में हवा महागठबंधन की ओर है और हमलोग 14 सीट इस बार जीतेंगे.

### बोले सीएम

- जमशेदपुर से प्रत्याशी की घोषणा रामनवमी के बाद की जाएगी
- सीएम ने कहा, जेएमएम परिवार से ही होगा जमशेदपुर से पार्टी का प्रत्याशी

### केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पालकोट के गांवों में कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

# विपक्ष के पास कोई विजन नहीं है, केवल भ्रम फैला रहा है: मुंडा

संवाददाता। गुमला



केंद्रीय जनजातीय आदिवासी कल्याण मंत्री सह खूंटी लोक सभा क्षेत्र के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने शनिवार को पालकोट प्रखंड क्षेत्र के जुराटोली, टेंगरिया, तिर्रा, टुकूटोली, बघिमा और पालकोट का भ्रमण किया. पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उनका हाल चाल जाना. उन्होंने कहा,देश और राज्य का विकास केवल भाजपा ही कर सकती है. विपक्ष के पास विजन नहीं है. कोई मुददा नहीं है. केवल भाजपा और प्रधानमंत्री पर झूठा आरोप लगाकर लोगों में भ्रम फैला रही है. इनके नेता लगातार झूठ बोल कर लोगों को बरगला रहे है.जनता इनके बातों को अब सुनती भी नहीं है.

टेंगरिया के ग्रामीणों ने पारंपरिक गीत संगीत और नृत्य से केन्द्रीय मंत्री का स्वागत किया. केंद्रीय मंत्री के साथ जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू, राम अवध साहू, सूरज देव सिंह, शैलेंद्र सिंह, किसान मोर्चा के प्रमंडलीय सह प्रभारी मंगल सिंह भोगता, मंडल अध्यक्ष गोपाल प्रसाद केशरी, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमर कुमार सोनी, अशोक कुमार साहू लाल गोविंद नाथ शाहदेव, जिप सदस्य शांति देवी, प्रतिमा देवी, राहुल बड़ाईक, अरविंद सिंह, मनोज साव केशरी,धर्मराज साहू, कमल साहू, अमरनाथ बामलिया, मुकेश श्रीवास्तव, महेश सिंह, भूवन सिंह, गुड्डू सिंह, खिरोधर साहू, रुपनारायण साहू, संतु महराज, अशोक कुमार साहू, आशीष कुमार प्रसाद, चतुर साहू, आनंद सिंह, निलमणी सिंह आदि शामिल थे.

## पुलिया के ध्वस्त होने से घटिया निर्माण की खुली पोल

**भवनाथपुर**। टाउनशिप से करमाही के बीच पिलुवाही महुआ के समीप बनी पुलिया के ध्वस्त होने से घटिया निर्माण की पोल खुल गई. टाउनशिप से करमाही तक करीब 3.25 किलोमीटर सड़क का निर्माण वर्ष 2016-17 में ग्रामीण विकास विभाग से 1.96 करोड़ की लागत से कराया गया था. सड़क का शिलान्यास विधायक भानु प्रताप शाही ने कराया था. तब संवेदक को चेताया था कि सड़क का निर्माण गुणवत्ता पूर्ण होना चाहिए. लेकिन विभाग और संवेदक की मिली भगत से आठ वर्ष के भीतर ही पुलिया ध्वस्त हो गया जिससे घटिया निर्माण कार्य से इंकार नहीं किया जा सकता है. पुलिया के ध्वस्त होने से करमाही, फुलवार सहित दो गांवों के करीब एक हजार आबादी को आवागमन में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा. गर्मी के मौसम में आवागमन में असुविधा तो नहीं होगी किन्तु जैसे ही बरसात का मौसम आएगा चार पहिया वाहन को जाने में परेशानी होगी. इस संबंध में कनीय अभियंता संजीव कुमार ने बताया कि ओवरलोड वाहन के गुजरने से पुलिया ध्वस्त हुआ है.

### डॉक्टोरल कोलोक्वियम | एक्सएलआरआई में तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस का हुआ समापन, 117 पेपर प्रस्तुत हुए

# एआई से नौकरी को खतरा नहीं, ह्यूमन लाइफ होगा आसान : फादर एस जॉर्ज

मुख्य संवाददाता। जमशेदपुर



एक्सएलआरआइ में डॉक्टोरल कोलोक्वियम का आयोजन किया गया. तीन दिवसीय इस कोलोक्वियम में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एंड सस्टेनेबिलिटी विषय पर देश व दुनिया के विभिन्न हिस्से के विद्वानों ने पेपर प्रेजेंट किया. भारत समेत नेपाल, ओमान, स्पेन और यूके के कुल 117 पेपर जमा किए गये. जिसमें रिव्यू के बाद अंतिम रूप से कुल 62 पेपर प्रस्तुत हुआ. इसमें 19 डॉक्टोरल स्कॉलर एक्सएलआरआइ के जबकि अन्य 43 स्कॉलर देश व दुनिया के विभिन्न यूनिवर्सिटी व शिक्षण संस्थानों के थे. इस दौरान अंतिम रूप से बेहतर पेपर प्रस्तुत करने वाले रिसर्चरों को पुरस्कृत किया गया. आठ से 10 अप्रैल तक चले इस कॉन्फ्रेंस की शुरुआत एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज, डीन एकेडमिक्स प्रो. संजय पात्रो, डीन फाइनांस फादर डोनाल्ड डिसिल्वा समेत अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. इस अवसर पर एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर सबेस्टियन जॉर्ज एसजे ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआआई) की शुरुआत 1950 के दशक में हुई थी. वर्तमान बजट में सरकार ने फिफ्थ जनरेशन टेक्नोलॉजी स्टार्ट अप के लिये 480 मिलियन डॉलर का प्रावधान किया है, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग इंटरनेट ऑफ थिंग्स, 3-डी प्रिंटिंग और ब्लॉक चेन शामिल हैं. इसके अलावा सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग, बिग डाटा इंटेलिजेंस, रियल टाइम डाटा और क्वांटम कम्युनिकेशन के क्षेत्र में शोध, प्रशिक्षण, मानव संसाधन और कौशल विकास को बढ़ावा देने के योजना बना रही है. साथ ही उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को लेकर एक मिथक है कि इससे नौकरी के अवसर कम होंगे, लेकिन ऐसी बात बिल्कुल नहीं है. कहा कि इससे रोजगार पर किसी प्रकार का कोई बुरा प्रभाव नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे ह्यूमन लाइफ काफी आसान हो जाएगी. उन्होंने एआइ से आने वाले दिनों में काफी चुनौतियां निकल कर सामने आने की बातों को भी रखा.

### इन्हें मिला पुरस्कार

| ट्रैक | विजेता |
|---|---|
| 1. मार्केटिंग | कुमार रोहित ( आइआइएम विशाखापट्टनम ) |
| 2. फाइनांस | मानिक चंद्रा डे ( फारिक मोहन यूनिवर्सिटी, बालासोर ) |
| 3. ऑपरेशंस | सौमिता घोष ( एक्सएलआरआइ जमशेदपुर ) |
| 4. ह्यूमन रिसोर्स एंड ऑर्गनाइजेशन बिहेवियर | साई नवीन ( श्री सत्य साई इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग ) |
| 5. स्ट्रेटेजी | स्वाति अग्रवाल ( एक्सएलआरआइ जमशेदपुर ) |
| 6. सस्टेनेबिलिटी एंड पॉलिसी | ऋषिका राज ( आइआइटी खड़गपुर ) |
| 7. इंटरप्रेनोयिरशिप | केवल राममानी ( दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, आगरा ) |

# व्यापारियों पर हमले के मामले में बन्ना ने डीसी को कार्रवाई का दिया आदेश



संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर के बिष्टुपुर डायगनल रोड में व्यापारियों पर लाठियां बरसाने के मामले में शनिवार को सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के तत्वावधान में चेंबर भवन में बैठक हुई. इस दौरान व्यापारियों में काफी आक्रोश देखा गया. व्यापारियों पर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज करने के कृत्य का पुरजोर विरोध किया. मौके पर सिंहभूम चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा कि इस तरह बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज करने के कृत्य का पुरजोर विरोध चैम्बर करती है, उन्होंने कहा कि राज्य एवं राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में व्यापारी और उधमी सहायक है, उन पर इस तरह का अत्याचार व्यापारी समाज बर्दाश्त नही करेगा. उन्होंने कहा की सिंहभूम चैंबर व्यापारियों के मान, स्वाभिमान एवं रक्षा हेतु सदैव खड़ा था, है और रहेगा. जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि भविष्य में व्यापारियों के साथ ऐसी घटना नहीं हो.


# साल सुमन सुरभित वन प्रान्तर, सौरभ भरा दिगंत



कविता कलम

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

**साल** के सुमनों से वन-प्रांतर सुरभित हो उठे हैं. आठों दिशाएं महक उठी हैं. खिलते लाल-लाल फूलों से अपना श्रृंगार कर पलाश चहक रहा है. महुआ के मधुर-रस धार का पान कर भौंरे गुंजार करते हुए मंत्रोच्चारण कर रहे हैं. उधर अमराइयों में कोयल पंचम स्वर में तान छेड़ रहा है, जिससे सुनते ही प्रेमी जनों का मन मचल उठता है. किसलय दल से सजधज कर वसुधा लोकजीवन में नयी आशा का संचार कर रही है. ऐसा प्रतीत होता है कि मूल प्रकृति सगुण साकार रूप में सृजन की नयी प्रेरणा के साथ धरती पर अपने सुंदर चरण रख भक्तजनों को विभोर कर रही है. कहीं रामचरितमानस का नवाह्न पारायण यज्ञ हो रहा है तो कहीं शक्ति स्वरूपा भगवती की पूजा-अर्चना. भक्ति और श्रृंगार का ऐसा संगम तो दुर्लभ ही है, जहां प्रकट होकर पिंगल नाम का नव संवत्सर विश्व के सभी प्राणियों को प्रेरित कर रहा है कि बीते कालखंड की चिंता छोड़ कर नये ढंग से अपने कर्म में लग जाओ. तुम्हारा मंगल होगा. नवसंवत्सर आ जाये तो सभी दिशाओं में मंगल ही मंगल दृष्टिगोचर होता है. मानस पटल पर सद्भावना के सुमन विकसित हो उठते हैं और जिह्वा पर आ जाती हैं मंगलकामनाएं. नवसंवत्सर के इस सौंदर्य को अपने मनोरम शब्दों में साकार करते हुए अपने प्रियजनों को आशीर्वाद दे रहे हैं झारखंड के वरिष्ठ कवि **श्रीधर द्विवेदी.** इनकी रचना का शीर्षक है मंगलमय हो नवसंवत्सर, जिसमें है लावणी छंद का लावण्य.



साल सुमन सुरभित वन प्रान्तर, सौरभ भरा दिगन्त.
विपिन पलास सरोज मनोहर, नव-नव तरुण वसन्त..
रक्त-कृष्ण फल गुंजा लतिका, वन कन्या कर माल.
घुंघुरु- घवद घने बगिया में, अमिया भरे रसाल..
मद रस धार फूल महुआ के, मधुकर मंत्रोच्चार.
पंचम तान छेड़ती कोकिल, मधुर श्रवण संचार..
प्रकृति नव नव रची रंगोली, विहग मनोरम गान.
वसुधा पर आ रही सवारी, मूल शक्ति का जान..
सज्जित है मधुमास सुमन से, शुभ अरुणोदय काल.
चैत्र-शुक्ल प्रतिपदा सुखद हो, मंगलमय नव साल..

जो दूसरों के बीच मंगल बांटता है, उसका भी मंगल ही होता है. जो दूसरों को प्रेम देता है, उसे सूद के साथ प्रेम की प्राप्ति होती है. जो सद्भाव और सौहार्द को प्रोत्साहित करता है तो उसका मन भी अलौकिक आनंद की मंदाकिनी में निमग्न हो जाता है. बांटन वारे को लगे ज्यों मेंहदी का रंग. द्विवेदी जी के इस आशीर्वाद को, उनकी मंगलकामना को उन्हें ही समर्पित करता हूं-त्वदीयं वस्तु गोविंद तुभ्यमेव समर्पये. पलामू के जिला मुख्यालय मेदिनी नगर में निवास करनेवाले कविवर द्विवेदी द्वारा विरचित खंड काव्य ‘ब्रज आये ब्रजराज’ देश के विद्वज्जनों के बीच चर्चित भी रहा है और प्रशंसित भी. इस काव्य के अनुशीलन करने पर अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध के ‘प्रिय-प्रवास’ जैसी अनुभूति होती है, जिसे खड़ी बोली में लिखा गया पहला महाकाव्य माना जाता है. ब्रज आये ब्रजराज की भाषा भी खड़ी बोली हिंदी ही है. ये साहित्य की विभिन्न विधाओं की रचना में सिद्धहस्त हैं. नवसंवत्सर के पहले नव दिन शक्ति की उपासना के साथ ही भगवान रामचंद्र को विशेष रूप से समर्पित होते हैं, क्योंकि उनका अवतार चैत्र शुक्ल नवमी को ही हुआ था. जब राम का नाम लें तो हनुमान का स्वतः ही जिह्वा पर आ जाता है-राम दुआरे तुम रखवारे होत न आज्ञा बिनु पैसारे. रांची की कवयित्री **डॉ. आकांक्षा चौधरी** के शब्दों में राम का स्वरूप विश्व के जनमानस पर इस प्रकार अंकित है. इनकी रचना का शीर्षक है-मर्यादा पुरुषोत्तम राम.



मैंने न कभी भेद किया-
माता कौन, विमाता कौन! पिता की आज्ञा को शिरोधार्य किया.
शांत रहा बस सत्य कहा, अवध में जन्मा, अवध का राम!!
मैं पहुंचा निर्जन कुटिया में-
पग पड़ते ही निरीह शिला पर उस परित्यक्ता को स्वीकार किया.
सौम्य रहा बस प्रेम दिया. तारणहार बना, संतन का राम!!
अस्पृश्यता के कोहरे से ढंके-
बेरों का मैंने स्वाद चखा, बूढ़ी राह तकती आंखों को-
चैन दिया, मैंने शीतल किया, सबमें रमा, मानस का राम!!
मैंने कहा सिय प्रिय से-
पग पथरीले झंझावात भरे, पर पति संग रहने की मृगतृष्णा ने
सिया को मोह में बांध लिया. दुष्ट दानवों का मोक्ष धाम!!
एक पत्नीव्रत धर्म का पालन-
वानर, भालू, रक्ष, सब समान सबसे प्रेमवत् व्यवहार किया.
मैंने सबका सम्मान किया. जन-जन का पालक, सबका राम!!
नैतिक मूल्यों को स्थापित कर-
राज-पाट का मोह नहीं, कहीं सौंगध मेरे नाम से-
अवध फिर जगमग धाम हुआ. मर्यादा पुरुषोत्तम, जय श्री राम!!

राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने कहा है-राम तुम्हारा वृत्त स्वयं ही काव्य है, कोई कवि बन जाये सहज संभाव्य है. यही कारण है कि हजारों कवियों ने राम के वृत्त पर काव्य रचना कर अपने जीवन को धन्य किया है. वासंतिक नवरात्र में श्रद्धालु भक्तगण शक्ति स्वरूपा भगवती दुर्गा की पूजा-आराधना में लीन हैं. चारों ओर मंत्रोच्चार गूंज रहे हैं तो ऐसे में एक भक्त हृदय अपने शब्दों में जगदंबा का गुणगान करने से स्वयं को कैसे रोक सकता है! रांची की कवयित्री **सविता सिंह मीरा** की इस रचना को प्रस्तुत करने से मैं भी स्वयं को रोक नहीं पा रहा हूं. इसलिए प्रस्तुत है उनका यह भक्ति गीत.



घर द्वार भी सजाए, बंदनवार भी लगाए,
किया घट को स्थापित अखंड दीप भी जलाएं,
रूप माता की देखो कैसे निखरी शोभे है मोहक मां की लाल चुनरी.
मां की हो रही है आरती, भक्तों को कष्टों से तारती,
पाठ करेंगे मैया तेरी रोज, सबकी जिंदगी तू ही संवारती
पहनाऊंगी मां तुझे भर भर चूड़ी शोभे है मोहक मां की लाल चुनरी.
मेरे जौ खिल गए, हरसिंगार खिल गए,
तेरी ज्योत से माता, घर द्वार खिल गए
रखूंगी जगराता सब आना, सखी री मैया देख लाई हूं तेरी लाल चुनरी.
पहनाऊंगी तुझे तो सोने की मुंदरी शोभे है मोहक मां की लाल चुनरी.

मीरा जी ने अत्यंत सरल शब्दों में जगदंबा का गुणानुवाद किया है. गीत का भाव तो यही है कि वासंतिक नवरात्र में भगवती दुर्गा के दर्शन पूजन की जो अभिलाषा थी, वह तो पूरी हो चुकी है. अब एक श्रद्धालु का विश्वास है कि जगदंबा सभी साध पूरी कर देंगी. वासंतिक नवरात्र के भक्तिपूर्ण वातावरण का अत्यंत मनोरम चित्रण जमशेदपुर की कवयित्री **माधवी उपाध्याय** ने किया है. अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति के लिए इन्होंने मनहरण धनाक्षरी छंद का अत्यंत सुंदर प्रयोग किया है.




मधुमास का सुवास, लिए नवरात्र आया
नव राग, नव स्वर, गीत को संवार लो.
भक्ति छायी चहुंओर, खुशियां मारे हिलोर,
माता आई द्वार पर, हृदय उतार लो..
ललका चुनर मोहे, पैजनिया पांव सोहे,
ओढ़हुल फूल जल, चरण पखार लो..
करती कल्याण नित, भरती नव प्राण नित,
भक्ति-भाव ध्यान धर, आरती उतार लो..
माता अष्ट भुजाधारी, हाथों में खड्ग भारी,
काम क्रोध मद आदि, असुर संहार दो..
सिंह पे सवार मात, आशीष वरद हाथ,
आदिशक्ति कष्ट सब, जग के निवार दो..
श्वेत कमल वासिनी, धवल हंस वाहिनी
शब्द भाव सुलेखनी, ज्ञान का भंडार दो..
श्वास-श्वास हो विश्वास, अनबुझी सी हो प्यास,
माधवी पुकार सुन, गोद-मोद वार दो..

जगदंबा की कृपा भारत के संपूर्ण मानव समाज पर हो. सभी लोगों के जीवन की जटिलता सरलता में परिणत हो जाये. द्वेष का स्थान प्रीत ले ले. क्रूरता और हिंसा की जगह पर सहृदयता और अहिंसा स्थापित हो. दानवता का संहार हो, मानवता का उद्धार हो. इन्हीं शब्दों के साथ जय हिंद! जय झारखंड!!




# मनुष्य जीवन और प्रकृति





चौराहा

प्रमोद कुमार झा

**भारत** के सुदूर दक्षिण में कन्याकुमारी के ‘विवेकानंद रॉक मेमोरियल’ के चारों ओर फैली तीनों समुद्र की विशालता और सुंदरता देखकर मैं बहुत देर तक सोचता रहा था कि चाहे मनुष्य हज़ारों सालों की सभ्यता में कितनी भी प्रगति कर ले... कितना भी ‘विकास’कर ले, पर समुद्र की अथाह गहराइयों और विशाल भूभाग के सामने उसकी शक्ति एक बुलबुले की तरह है! किसी सुनामी के आने पर सारी मानवीय शक्तियां असहाय अनुभव करने लगती हैं. तटीय क्षेत्रों में बसी विशाल अट्टालिकाएं भी किसी कागज की नाव की तरह डूब जाती हैं. हां, यह अलग बात है कि महानगरों में बैठे प्रशासनिक और राजनीतिक सत्ताधीश तात्कालिक पद और सत्ता के मद और अहंकार में मदमस्त रहते हैं! आप सभी यह महसूस करते होंगे कि अगर ‘विकास’ की दिशा को संचालित नहीं किया गया तो मनुष्य की आने वाली पीढियां बीमारियों से ग्रस्त होंगी. बाकी तो छोड़िए आप याद कीजिये कि बचपन में आपको ज़मीन से पानी मिलता था और आप बिना हिचक पीते थे. पिछले पचास सालों में कृषि में रासायनिक खाद और कीटनाशक का इतना अधिक उपयोग किया गया है कि पूरे अनाज, फलों, दलहनों और सब्जियों में भी कीटनाशक पाए जाने लगे हैं! स्वाभाविक है भूजल तो प्रभावित होगा ही. जमीन का पानी अब पीने योग्य नहीं रहा, उसमें अत्यधिक मात्रा में अनुचित रसायन पाए गए! भारत में पहले अंग्रेजों ने और बाद में देसी सरकारों ने वन संपदा को नष्ट करना अपना सबसे महत्वपूर्ण कार्य माना! फैक्टरी और चौड़ी सड़कें, पक्के मकान विकास के सबसे बड़े सूचक माने गए! प्रकृति प्रदत्त पहाड़ों को काट काट कर सड़कों का जाल तो बिछाया जा रहा है, पर धरती के प्राकृतिक संतुलन बिगड़ने से अगर धरती माता ने करवट बदली तो फिर उसका कोई इलाज इन विकास के सारथियों के पास नहीं है!

झारखंड में नदियों, तालाबों का मनमाफिक अतिक्रमण किया गया. और तो और ‘विकास पुरुषों’ ने सैकड़ों करोड़ की लागत से रांची के आस पास कल कल बहती हरमू नदी को दोनों ओर सीमेंट से पाट बनवाकर हरमू नाला में तब्दील कर दिया! विकास होता रहा, जमीन में पानी का स्तर नीचे जाता रह! हाल के दिनों में आपने देखा होगा कि विकास का ऊंचा-ऊंचा दंभ भरनेवाला बंगलोर गंभीर जल समस्या से जूझ रहा था. बहुत से लोग अवकाश लेकर अन्य शहरों में चले गए थे! रांची में भी बढ़ते कंक्रीट के जंगल के कारण यह स्थिति आ सकती है! क्या पूरे देश की सरकारें प्राकृतिक वन संपदा क्षेत्र और नदियों का भी एक सर्वेक्षण करवाएंगी? शायद न करवायें, क्योंकि जनगणना तो वोट के समीकरण साधने के लिए होते हैं और नदी, पेड़, जंगल ,पहाड़ ,पक्षियां और जंगली पशु तो वोट देंगे नहीं न! पूरे देश के मूल निवासी जनजातीय लोग प्रकृति पूजक हैं. जल, जंगल, जमीन, पहाड़ ही उनके ईश्वर हैं. उनका निरंतर युद्ध जारी है ‘विकास पुरुषों’से जो प्रकृति का संहार कर विकास कर रहे हैं, जबकि जनजातीय लोग प्रकृति का संरक्षण चाहते हैं! धीरे-धीरे उनकी आवाजें मशीनों के शोर में दबती जा रही हैं. पता नहीं आने वाले भविष्य के गर्भ में क्या है!

# थावे की जगदंबा भवानी : भक्तों की कल्याणी



यायावर

डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय

**बिहार** के गोपालगंज जिले में अवस्थित थावे भवानी का नाम तो बहुत पहले से सुन रखा था. दर्शन की लालसा भी थी, लेकिन संयोग नहीं बन पाया था. इस वर्ष 17 मार्च 2024 को थावे विद्यापीठ गोपालगंज का एक दिवसीय विशेष अधिवेशन गोपालगंज में स्थित शंकर शिव नारायण साहित्य ग्राम बलिवन सागर में आयोजित हुआ. थावे विद्यापीठ गोपालगंज का मैं पिछले साल प्रतिकुलपति नियुक्त हुआ. थावे विद्यापीठ गोपालगंज के कुलसचिव डॉ. पीएस दयाल यति और कुलपति डॉ. विनय कुमार पाठक की हार्दिक मनोकामना थी कि इस वर्ष का एक दिवसीय अधिवेशन थावे में ही संपन्न हो. जहां चाह वहां राह और ऐसा ही हुआ. गत वर्ष 16 अप्रैल को पटना से कुलपति डॉ. विनय कुमार पाठक, उपकुलसचिव डॉ. गिरधारी लाल अग्रवाल, डॉ. मनोज गोवर्धन पुरी एवं डॉ. राजीव कुमार के साथ कार से रात्रि 11 बजे गोपालगंज पहुंचे और गोपालगंज में स्थित ब्रज किशोर सिंह के वैभव होटल में ठहरे. थावे विद्यापीठ का अधिवेशन चूंकि 11 बजे से था, अतः प्रातः हमलोग स्नान ध्यान करके आटो से सात बजे थावे भवानी मंदिर पूजा एवं दर्शनार्थ पहुंचे. मंदिर के मुख्य पुजारी अशोक पाण्डेय के सौजन्य से मां थावे भवानी के विधिवत दर्शन हुए. पूजा अर्चना हुई और मंदिर के इतिहास के संदर्भ में विस्तृत जानकारी प्राप्त की.


यह मंदिर गोपालगंज से 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है. यहां संध्या आरती के बाद कपाट बंद कर दिए जाते हैं, लेकिन नवरात्रि के दौरान थावे माई के कपाट बंद नहीं होते हैं. इस अद्वितीय स्थल का आध्यात्मिक माहौल और भक्तों के आत्मिक संबंध से भरी बातें हैं, जो इसे बिहार के प्रमुख धार्मिक स्थलों में एक बना देती हैं. मंदिर के पुजारी संजय पाण्डेय ने बताया कि असम के कामाख्या से चलकर मां भवानी यहां थावे पहुंची थीं. कहा जाता है कि मां कामाख्या से चलकर कोलकाता (काली के रूप में दक्षिणेश्वर में प्रतिष्ठित), पटना (यहां मां पाटन देवी के रूप में जानी गई), आमी (छपरा जिला में मां दुर्गा का एक प्रसिद्ध स्थान) होते हुए थावे पहुंची थीं और रहसु भगत के मस्तक को विभाजित करते हुए साक्षात् दर्शन दी थीं. सती के 51 शक्ति पीठों में से एक इस मंदिर के पीछे एक प्राचीन कहानी है.



मंदिर के मुख्य पुजारी संजय पाण्डेय ने बताया कि हथुआ नरेश राजा मनन सिंह और रहसु भगत के बीच एक रोचक कहानी है. उन्होंने स्पष्ट किया कि हथुआ के राजा मनन सिंह खुद को दुर्गा का सबसे बड़ा भक्त मानते थे और उनमें इस बात का गर्व था कि मां का उनसे बड़ा कोई भक्त नहीं है.एक समय अचानक ही उनके राज्य में अकाल पड़ा. उसी समय थावे प्रखंड के भवानी पुर गांव में रहने वाले रहसु भगत की कहानी सामने आयी. रहसु धान की खेती करते थे और माता भवानी की कृपा से उन्हें विषैले सांपों की रस्सी से धान को छलना आता था और इससे गांव वालों को अनाज मिलता था और पेट भरता था. यह सुनकर राजा ने रहसु भगत को परीक्षण के लिए बुलाया और राजा को इस पर विश्वास नहीं हो रहा था.राजा ने देवी को प्रकट करने के लिए ज़िद्द की. रहसु भगत को नहीं चाहते हुए भी देवी को प्रकट करना पड़ा. देवी रहसु भगत के शरीर से प्रगट होकर अंतर्धान हो गईं. कालांतर में राजा मनन सिंह ने वही मां भवानी का मंदिर बनवाया, जो आज थावे भवानी मंदिर के नाम से विख्यात है. लोक जन श्रुति है कि मां थावे के दर्शन मात्र से मनुष्य की सारी मनोवांछित कामनाएं पूरी हो जाती हैं. हमने भक्ति भाव से मां के दर्शन किये और विश्व मंगल की कामना की:-


या देवी सर्वभूतेषु सिद्धि रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः.

# पत्नी पीड़ित और पराई



नश्तर

सुधीर राघव



**पत्नी** बीवी पर व्यंग्य करना दुनिया का सबसे आसान काम है. पत्नी का उपहास उड़ाकर न जाने कितने कलमघिस्सू व्यंग्यकार हो गए और न जाने कितने हास्य रस के मंच शिरोमणि कवि! खूंखार बीवी के चुटकुले सुनाकर महफ़िल लूटने वालों की भी कोई कमी नहीं है. मगर क्या आपने कभी किसी पुरुष को दूसरे की बीवी का उपहास उड़ाते देखा है? क्या कोई मर्द का बच्चा साली, भाभी, पड़ोसन की शान में ऐसी गुस्ताखी कर सकता है. क्या वह उनकी चुड़ैल से तुलना कर सकता है. क्या वह उनकी कोई भी बात अनसुनी कर सकता है. बड़े से बड़ा शूरवीर इतनी हिम्मत नहीं रखता कि पड़ोसन पर एक अदद चुटकुला बना सके. सार्वजनिक रूप से उसका उपहास उड़ा सके. वह जानता है कि एक उपहास से संभावनाओं के सारे द्वार बंद हो जाएंगे. उसके सारे सपने उसी पल मर जाएंगे. अपनी बीवी की दिन रात खिल्ली उड़ाने वाले पुरुष अक्सर दूसरों की बीवी के आगे खीसें निपोरते नजर आएंगे. ऐसे मर्द जो रोज समय से इसलिए घर नहीं आते कि बीवी कहीं उन्हें घर- गृहस्थी के काम में हाथ बंटाने को न कह दे, वे सभी पड़ोसन से कहते मिल जाएंगे, भाभीजी कोई काम हो संकोच न करना. आधी रात को भी काम पड़े तो बस एक फोन कर दीजियेगा. आखिर अपने ही अपनों के काम आते हैं. मगर, आधी रात को भी पड़ोसन के काम को आतुर रहने वाले ऐसे जीवों की पत्नियां अक्सर यह शिकायत करते मिलेंगी कि चार दिन से रसोई का बल्व बदलने को कह रही हूं, मगर इस आलसी से यह छोटा-सा काम भी नहीं हो पा रहा है. एकदम निखट्टू मेरे पल्ले बांध दिया. बेचारी पत्नी उससे दिनभर ए जी! सुनते हो! कहती रहती है, मगर यह किसी काम के लिए सुनकर जवाब भी नहीं देता. लेकिन , इसमें पुरुष का ज्यादा दोष नहीं है. पुरुष प्रकृति से ही काम प्रेरित संभावनावादी जीव है. उसके आदि पूर्वज भी सिर्फ शिकार करना पसंद करते थे, न कि उसका बोझ लादना. वे एक शिकार के बाद दूसरे शिकार की संभावना का जायजा लेते थे. हर पुरुष को अपनी पत्नी जिम्मेदारी का बोझ लगती है मगर दूसरे की बीवी नई स्वच्छंद संभावना. इस संभावना को अवसर में बदलने के लिए वह अक्सर विक्टिम कार्ड खेलता है. पत्नी की क्रूरता के झूठे किस्से गढ़ता है, ताकि अन्य स्त्रियों को उस पर दया आए और उसकी पत्नी पर इतना गुस्सा कि वे गुस्से में अंधी होकर उसकी सौत बन जाएं. पुरुष उत्पीड़न के किस्सों का बड़ा बाजार है. मंच पर इन्हें हाथों-हाथ लिया जाता है. ये किस्से हर पुरुष की दमित इच्छाओं को तृप्ति की राह दिखाते हैं. अक्सर पुरुष अपना मकड़जाल बुनता है. उसे लगता है कि हर पराई स्त्री के सपनों का राजकुमार एक पत्नी पीड़ित ही होगा. वह सोचता है कि पत्नी की प्रताड़ना झेल जाने वाले पति को भला कौन स्त्री नहीं चाहेगी? पुरुष अपने डीएनए से ही परपीड़क है मगर हमेशा खुद को पीड़ित दिखाता है. इसलिए पुरुष हर बार अपने बुने मकड़जाल में खुद ही फंस जाता है.

# सुधा की कल्पनाशीलता को मिल रहा नया आयाम



कला-संवाद

मनोज कुमार कपरदार

**झारखंड** के जनमानस की भाषा, संस्कृति और रहन-सहन दूसरे इलाकों से भिन्न है. सृजनात्मकता और कलात्मकता यहां की संस्कृति का अभिन्न अंग है. यहां लोग जल, जंगल, जमीन से जुड़े होते हैं. प्रकृति के विभिन्न उपादान लोगों की कल्पनाशीलता को नया आयाम देते हैं. लोगों ने यहां की संस्कृति और परंपरा को शुरू से ही महत्त्व दिया है. कला हमारी मानवीय संवेदना को परिष्कार करती है. इसलिए हमारे पुरखों ने कलाओं के विभिन्न स्वरूपों को पहचान दी.


झारखंड में आमतौर पर अधिकांश मिट्टी के घर हैं, जहां विशेष रूप से अक्टूबर और जनवरी के बीच के महीनों में बारिश के मौसम के बाद इस क्षेत्र के मिट्टी के घरों की मरम्मत की जाती है और फिर से नई परत चढ़ायी जाती है. तैयारी दीवार की सतह के काम के साथ शुरू होती है. वर्षा-क्षति की सीमा के आधार पर, दरारें या अन्य क्षतिग्रस्त भागों को ढंकने के लिए ताजी मिट्टी डाली जाती है. फिर पूरी दीवार को पहले के भित्ति चित्र को हटाने के लिए खंगाला जाता है या मौजूदा दीवार की सतह पर मिट्टी की एक नई परत डाली जाती है. एक बार जब यह सूख जाता है, तो उस पर डिजाइन तैयार किया जाता है.






भित्ति चित्रों को चित्रित करने का अभ्यास मिट्टी के घरों के संरक्षण का अभिन्न अंग बन जाता है. डिजाइन चॉक के एक टुकड़े का उपयोग करके तैयार दीवार में चित्र अंकित किया जाता है. यह झारखंड की सदियों पुरानी परंपरा है. आज भी गांवों में यह परंपरा देखी जा सकती है. बाजारवाद के दौर में अब नई पीढ़ी के कलाकार इसे नये रूपों में लेकर कैनवस पर कार्य कर रहे हैं. ऐसी ही एक कलाकार हैं सुधा कुमारी. सुधा कुमारी कला एवं शिल्प महाविद्यालय पटना से बीएफए करने के बाद अब जेजे स्कूल ऑफ आर्ट से एमएफए कर रही हैं. पेंटिंग ने इन्हें पूरी तरह संतुष्ट नहीं किया तो ये म्यूरल आर्ट की ओर आकर्षित हुए और म्यूरल आर्ट के माध्यम से इन्होंने अपनी संस्कृति को उकेरने का कार्य बड़ी सिद्दत से किया है. ये पूरे मनोयोग से नई पीढी के कलाकारों को प्रेरित भी कर रही हैं. इनकी कला में झारखंड की कलाकृति, गांव के लोग, जनजाति, उनके उत्सव, गांवों से लेकर शहर के गलियों तक के दृश्य दिखते हैं. सुधा के चित्र सामाजिक अनुभवों की अभिव्यक्ति है, यही कारण है कि इनके चित्रों की संप्रेषणीयता में कोई रुकावट नहीं है. ये खासकर प्राकृतिक दृश्यों और मानव संरचना पर केन्द्रित होकर कार्य करते हैं. अपनी परंपरागत कला शैलियों के बारे में इनका कहना है कि किसी भी कलाकार के लिए चाहे वह किसी भी माध्यम से जुड़ा हो, अपनी संस्कृति और परंपरा से जुड़े रहना जरूरी है. अपनी संस्कृति और प्रकृति से जुड़ाव और निरंतर अपने आपको बदलने की ताकत मुझे जिन्दगी से मिली है. सुधा अपनी कलाकृति में वह सब कुछ दिखाना चाहती हैं, जिसे आवश्यक मानती हैं और जो निराशा से परे हैं. यह जीवन का वह पहलू है, जहां संतोष है, सौंदर्य है, सहजता है और प्रकृति भी है.










# आखर

# इज्जत

कहानी


नीरज नीर

घर के बाहर सूरज आग बरसा रहा था. गर्म लू के थपेड़े चेहरे को झुलसा दे रहे थे. हवा सांय सांय करती हुई चल रही थी. लेकिन प्रशान्त के लिए घर के वातावरण की तपिश बाहर के वातावरण से ज्यादा मालूम पड़ने लगी थी और इसलिए इस गर्म दोपहरी में वे घर से बाहर निकल आये थे. प्रशांत ने चाहा कि अपने दोनों कानों को कसकर बंद कर ले. लेकिन सरे बाजार ऐसा करना ठीक नहीं लगा. यूं तो गर्मी के कारण सड़क पर इक्का दुक्का ही लोग नजर आ रहे थे, वे भी वैसे लोग थे, जिनके लिए बाहर निकलना मजबूरी थी. वरना लोग अपने घरों के या अपनी दुकानों के भीतर बैठे थे. दुकादारों ने भी दुकान के बाहर पर्दा या तिरपाल जैसा टांग रखा था, जिससे गरम हवा-धूप से बचाव हो सके. चौराहे पर पीपल के पेड़ के नीचे ठंडा पानी बेचने वाले ने ठेला लगा रखा था.

इतनी गर्मी में वे कहां जाएं, यह सोचे-विचारे बिना सीधी राह पर बढ़े चले जा रहे थे. देह पसीने से तर-ब-तर हो रही थी और मन क्रोध और खीझ से सुलग रहा था. जब थोड़ी दूर चलकर हाई स्कूल भी पार हो गया तो गुलमोहार के एक वृक्ष के नीचे पुलिया के किनारे वे बैठ गए. अभी वे वहां बैठे ही थे कि पुलिया के नीचे से एक लड़का और लड़की बाहर निकले. शायद इनके वहां बैठने की आवाज सुनकर वे बाहर निकल आए थे. उनके क्रिया -कलाप में बाधा पहुंची थी. ये यहां क्या कर रहे थे? संस्कारहीन, बदमाश... दोनों लड़का लड़की उनको देखे बिना गर्मी को मुंह चिढ़ाते हुए शहर की दिशा में चले गए. जीवन भी मौसम की तरह ही सर्द-गरम चलता रहता है, हम अपनी ओर से विपरीत अवस्थाओं को टाल देने की भरसक कोशिश करते हैं पर ऐसा भला कहां होता है? छोटे से कस्बे विश्रामगंज में प्रशांत एक समृद्ध व्यवसायी थे एवं कई पीढ़ियों से उनका परिवार वहीं बसा था. अवन्तिका एवं अंशुमान दो बच्चों के पिता प्रशांत का पारिवारिक जीवन आज तक आराम से ही बीता था. वे स्वयं पढ़े-लिखे व्यक्ति थे एवं अपने बच्चों को भी पढ़ाने-लिखाने पर उनका पूरा जोर रहा था. बेटा और बेटी में उन्होंने कोई अंतर कभी नहीं माना. बेटी का लालन पालन उन्होंने बेटे से बढ़कर ही किया था. यही वजह थी कि बेटी अवन्तिका अच्छे इंजीनियरिंग कॉलेज से इंजीनियरिंग एवं एमबीए करने के बाद एक बड़ी कंपनी में काम कर रही थी. वह फिलहाल बंगलोर में रहती थी. बेटा गौरव जो दोनों बच्चों में बड़ा था, वह भी अच्छी नौकरी में लगा था. बेटे की शादी की बात चल रही थी और प्रशांत शीघ्र ही उसकी शादी समाज में किसी अच्छे घर-खानदान में कर के एक अच्छे पिता का अपना कर्तव्य पूरा कर देना चाहते थे. प्रशांत की जिंदगी की कहानी में यहां तक तो सबकुछ आदर्श स्थिति में था, लेकिन कहानी मे ट्विस्ट इस बात से आया कि कहीं से उन्हें पता चला कि बेटी अवन्तिका बंगलोर में किसी लड़के के साथ रह रही है. किसी लड़के के साथ बिना शादी के !! यह प्रशांत के लिए उनकी सारी पढ़ाई लिखाई और ऊंचे आदर्शवादी विचारों के बावजूद अप्रत्याशित था और यह अप्रत्याशित था परिवार के सभी लोगों के लिए. दरअसल यह अप्रत्याशित तो था पूरे समाज के लिए लेकिन प्रशांत चाहते थे कि यह खबर नहीं फैले. लेकिन होता ऐसा है कि जो खबर आप चाहते हैं कि नहीं फैले, वही खबर सबसे ज्यादा फैलती है. जिस स्रोत से खबर आई थी, उसी स्रोत ने दूसरे लोगों को बताया एवं इसके बाद तो मुहल्ले की चाचियों, दीदियों के लिए चटखारे लेकर कहने वाली बात बन गई. परिवार ने माना कि उनकी पीढ़ियों की प्रतिष्ठा सरे-राह चकनाचूर हो गयी है. अवन्तिका को मां की गंभीर बीमारी का संदेश देकर तुरंत ही बुलवाया गया था.

परिवार के लिए बड़ा झटका तब लगा जब अवन्तिका ने बिना किसी लाग-लपेट के यह बात स्वीकार कर ली कि वह बंगलोर में शांतनु दत्त नाम के लड़के के साथ, जो उसी की कंपनी में काम करता है, रहती है. उसने साथ में यह भी जोड़ा कि लड़का बहुत अच्छे स्वभाव का है एवं उससे ज्यादा कमाता है.

शांतनु दत्ता यानि बंगाली? अवन्तिका की मां शालिनी ने पूछा.

दत्ता नहीं दत्त है और बिहारी है.

क्या तुम उससे शादी करने वाली हो?

"अभी तक फाइनली नहीं सोचा है. सब ठीक रहा तो कर भी सकती हूं." अवन्तिका के द्वारा कहा गया.

"और सब ठीक नहीं रहा तो? हे भगवान ! ये कैसे संस्कार हो गए हैं लड़की के?" शालिनी ने सर पीटते हुए कहा.

"ठीक नहीं रहा तब नहीं करूंगी." अवन्तिका ने सपाट भाव से उत्तर दिया.

"जिसके साथ सब ठीक न रहे, उसके साथ शादी करके तो नहीं रहा जा सकता है न मम्मी?"

"और हमारे परिवार की इज्जत के बारे में क्या सोचा है? हम सब समाज में सर उठाकर कैसे जियेंगे? हम लोग सब क्या जहर खा लें?" प्रशांत उत्तेजित हो गए.

"इसमें परिवार की इज्जत कैसे चली जाएगी, ये मैं नहीं समझ पा रही हूं. मैं कोई गलत काम तो नहीं कर रही हूं? किसी के साथ रहने से इज्जत कैसे चली जाती है? दो लड़के अगर साथ रहें तब तो इज्जत नहीं जाती है. लेकिन एक लड़की और लड़का साथ रह लें तो इज्जत चली जाती है. स्त्री किसी के साथ हंस बोल ले, किसी के साथ घूम टहल ले, तो समाज में पुरुषों की इज्जत कम हो जाती है. पुरुषों ने अपनी इज्जत का भार समाज में स्त्रियों के कंधे पर रख दिया है. यह कितनी हैरत की बात है?" अवन्तिका ने कहा था.

समाज का ऐसा ही नियम है बेटे, स्त्री को कुछ मर्यादाओं का पालन करना होता है. बिना मर्यादा के समाज की गाड़ी बेपटरी हो जाएगी. सदियों से इन्हीं परंपराओं का पालन समाज में हो रहा है. शालिनी ने समझाया.

शालिनी यद्यपि पढ़ी-लिखी पर परम्पराओं एवं प्रचलित सामाजिक मान्यताओं में यकीन करने वाली एक सामान्य भारतीय घरेलू महिला थी, जो अपने परिवार के कल्याण के सिवा कुछ नहीं सोचती, लेकिन यह कल्याण, वह स्थापित मान्यताओं की परिधि के भीतर ही सोच पाती थी, जिसके बाहर भी कुछ अच्छा हो सकता है ऐसा सोचना भी उसके लिए असंभव था.

"लेकिन ये मर्यादाएं तय किसने की हैं, पुरुषों ने ही न? स्त्री -पुरुष के सहवास में दोनों की बराबर की ही भागीदारी होती है तो फिर इज्जत केवल स्त्री की वजह से क्यों चली जाती है? आज तक स्त्रियां पुरुषों के अधीन रहती आयी थी, उसे दो रोटी और एक जोड़ी कपड़े के लिए भी पुरुषों की कमाई पर निर्भर रहना पड़ा था. इसीलिए पुरुषों ने जैसी मर्यादाएं स्थापित की, जैसा कुछ सोचा, कहा, स्त्रियों के लिए वही नियम बन गए. लेकिन अब, समय बदल गया है. स्त्रियां अब पुरुषों की मुखापेक्षी नहीं है. वह अब स्वाबलम्बन की जमीन पर दृढ़ता से खड़ी अपने नियम स्वयं बनाना जानती है. बेमेल शादी से दो लोग की जिंदगी नर्क हो जाए, यह तो अच्छा नहीं है." अवन्तिका अपनी बात पर अड़ी थी.

अवन्तिका की इसी बात पर प्रशांत उखड़ गए थे और घर से बाहर आ गए थे. अब तो इस लड़की से कोई बात करना ही संभव नहीं है. चार पैसे कमाने क्या लगी, बाप से ही बहस करने लगी है. बहस भी कैसी अमर्यादित भाषा में कर रही है. पढ़ने-लिखने का अर्थ संस्कार भूल जाना तो नहीं होता? ऐसा लगता है हम पढे-लिखे ही नहीं. अरे! हमने भी दुनिया देखी है. आज तक क्या सारी शादियां बेमेल ही होती रही हैं. आज तक सबका जीवन क्या नर्क ही होता रहा है.

**-क्रमशः**

# घने अंधेरे के बीच रोशनी की उम्मीद

समीक्षा


सुबोध सिंह 'शिवगीत'
सहायक प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग

गांव, जहां कभी भारत की आत्मा बसती थी, दया, प्रेम, सौहार्द्र, सहिष्णुता और भाईचारा की गंगोत्री जिन गांवों को कहा जाता था, वहां अब छल, प्रपंच, धोखेबाजी की खेती हो रही है. बड़ी मछली हर छोटी मछली को तन मन धन सहित लील जाने के लिए फरेब का जाल बिछा रही है. कृषि कर्म पर आश्रित गांव अकाल-दुकाल, सुखाड़, महामारी के बादल फटने से मर रहे हैं, तो कुछ बौएजी मिसिर जैसे सूदखोर, पूंजीपति, आदमखोर भेड़ियों के जबड़ों तले पिसने के लिए विवश हैं. हां भेड़िया ही. इसलिए कि वह सिर्फ गांव के हर अच्छे खेत नहीं, फसल नहीं, बल्कि किसी भी सुन्दर दिखने वाली बहू-बेटी को अपना ग्रास बनाना चाहता है और एक हद तक बनाता भी है. गांवों में पसरे विपत्ति के इन बादलों के बीच से रोशनी की तलाश है- रतन वर्मा का उपन्यास 'बादल को छंटना ही है.' उपन्यास में मिथिला के गांवों की सांस्कृतिक विरासत और वर्तमान की त्रासद स्थिति दोनों का सांगोपांग चित्रण हुआ है. एक तरफ बात-बात पर नृत्य-गीत-संगीत की लोक-विरासत, अतिथियों के स्वागत-सत्कार के लिए सर्वस्व न्योछावर कर देने वाले लोक संस्कार की झलक है, तो दूसरी ओर गरीबी और बेबसी की मार झेल रहे ग्रामीणों की सारी जमीन जायदाद बरतन-बासन तक, बगैर डकार लिये निगल जाने वाले बौएजी मिसिर जैसे लोगों की अतृप्त लिप्सा का बेबाक चित्रण.

कमला-बलान नदी के किनारे बसा गांव 'नवटोल' कई वर्षों से, कभी सुखाड़ तो कभी बाढ़ की चपेट में त्रस्त और लस्त-पस्त है. गांव के सारे किसान बार-बार फसल की बर्बादी की वजह से दाने-दाने को मोहताज हो गए हैं. इस वर्ष घराड़ी (घर बारी) तक को बौएजी मिसिर के हाथ गिरवी रखकर लोगों ने फसल लगाई है. सूरज का ताप सब आसरों पर आग लगा रहा है. रचनाकार के शब्दों में, रुंधे गले से बुदबुदाया था वह, "सरबा (साला) हाड़-गोड़-लगा दो, तब भी वही हाल!...न्न, भगमान भी एकदम से निरदयी ही हैं. इस बरस यदि बौएजी मिसिर का ब्याज नहीं दिये, तो छोड़ेगा थोड़े ही सरबा! कितना निरघिन-पापी है मिसिर यह पूरा गांव जानता है. ब्याज नहीं मिला उसको तो चुत्तर पर की लंगोटी भी खोल लेगा. घराड़ी-उराड़ी तो जपत करेगा ही, हम तीनों परानी को भुक्खे भी मार देगा... हे भगवान..."




उपन्यास : बादल को छंटना ही है
लेखक : रतन वर्मा,
प्रकाशक : एपीएन प्रकाशन, उत्तम नगर, नई दिल्ली-59,
मूल्य-200 रुपए/

यह स्थिति एक बिल्टू झा की नहीं है बल्कि गांव के सभी असमर्थ किसान इस त्रासदी के शिकार हैं. रोशनी की तलाश में भटक रहे हरेक ग्रामीण को पतिंगे की तरह ग्रास बनाता जा रहा है छिपकली बना बौएजी मिसिर. सत्यनारायण झा की पत्नी (कनिया), जो बेसमय मसोमात हो गई है, उससे लेकर बिल्टू झा की पत्नी तक को अपनी वासना के जाल में फंसाकर काम सुख भोगना चाहता है बौएजी मिसिर. लोगों की बेबसी है कि सर उठाने के बजाय वे पलायन के लिए प्रेरित हो रहे हैं. बिल्टू झा की बेटी रमपरिया पर भी बौएजी की कुदृष्टि है. बेशर्म अंदाज में, बिल्टू झा की लाचारी का लाभ उठाते हुए, रमपरिया के दादा की उम्र का होकर भी, वह उससे विवाह का प्रस्ताव दे डालता है. गांव की इन घिनौनी स्थितियों से ऊब कर बिल्टू झा अपने और परिवार की रक्षा के लिए शहर भाग जाता है.

पत्नी नदियामावाली के शेष बचे एकमात्र चांदी के गहने (पहुँची) को बेंचकर वह मुजफ्फरपुर अपने पुराने रिश्तेदार (दूर के साला) से मदद की उम्मीद और नई जिंदगी की तलाश में पत्नी-बेटी के साथ झंझारपुर स्टेशन से मुजफ्फरपुर शहर के लिए रवाना हो जाता है बिल्टू झा. मुजफ्फरपुर में उस रिश्तेदार की खोज में भटकते हुए बिल्टू झा और उसके परिवार को कई ठगी का शिकार होना पड़ता है. पर अंत में रिक्शा यूनियन का सदस्य, गोकुल साह उसे सहारा देता है. ब्राह्मण होकर रिक्शा न चलाने की सलाह देता हुआ गोकुल साह मुजफ्फरपुर स्टेशन के निकट रिक्शावालों के लिए सत्तू की दुकान खुलवा देता है. गोकुल साह और उसकी पत्नी पण्डौलवाली के स्नेह सहयोग से बिल्टू झा, उसकी पत्नी नदियामावाली और बेटी रमपरिया की जिन्दगी में आशा का संचार होने लगता है. गोकुल साह बिल्टू झा की बेटी रमपरिया की शादी रमेश शुक्ल से बगैर दान-दहेज के करवाते हैं. बौएजी मिसिर के पास बंधक रखे खेत भी मुक्त हो जाते हैं.

बनावट-बुनावट, भाषा भाव और अभिव्यंजना की दृष्टि से उपन्यास बेहतर बन पड़ा है. कथानक अपरिचित न होते हुए भी, नये अंदाज में परोसा गया है. मिथिलांचल के अतीत और वर्तमान का सहज चित्रण करता हुआ उपन्यास कई सह-कथानकों को लेकर लक्ष्य तक पहुंचता है. गांव और शहर के बिगड़ते-बनते रिश्तों की बानगी को उजागर करता हुआ उपन्यास अंततः यह सिद्ध करने में सफल है कि अंधेरा लाख घना हो, पर समाज में रोशनी की मद्धिम किरण अभी भी शेष है, जो रागात्मकता के बल पर हर अंधेरे से लड़ने की शक्ति प्रदान कर रही है.

## लघुकथाएं

# आश्वस्ति की डोर


अनिता रश्मि

बिजली ने गौर से कुमार का चेहरा देखा. वह अपने बेटे के साथ इस नए घर में एक सप्ताह पहले ही आई है. बेटे की किलकारी चारों तरफ गूंज रही है. उस किलकारी ने उसे आश्वस्त कर दिया. सही हाथों में पहुंच जाने की खुशी से उसके चेहरे की सलवटें कम हो गईं. विगत में उलझा मन आगत के प्रति उत्सुकता से भरा-भरा.

नारकीय जीवन से कुमार ने उसे बाहर निकाला था. रेड लाइट एरिया की शान बिजली अब सारंगी की धुन, तबले की थाप, घुंघरुओं के बोल से विदा ले चुकी थी. नित्य रात्रिकालीन स्याही से भी. उसका असली नाम 'मासूम' रात की स्याही और छुन... छनन के बीच कैशोर्य में ही डुबो दिया गया था. अपहरण के बाद से वह उसी एरिया में कैद थी. सब कहते, ''एकदम बिजली जैसा नाचती है. जथा नाम, तथा गुण!" उसने उम्मीद खो दी थी. पर कुमार जैसे लोग अब भी हैं.

बेटा किसका है, न उसे पता, न कुमार ने बात उठाई. कुमार बिजली को बेटे सहित अपनाने को तैयार. वे नए शहर में आ चुके हैं, जहां उसे कोई नहीं पहचानता. जहां कोई अंधियारा कोना नहीं है. उसने कंधे से 'बिजली' को सदा के लिए झटक दिया है. कुमार ने तब से सोचती मासूम के हाथ पर अपना हाथ रखा तो उसकी उल्लसित आवाज, "लोग आंगन की तुलसी को सींचा करते हैं. आपने तो घने जंगल के अंधेरे में पड़ी तुलसी को जलार्पित कर जिला दिया."

मासूम की पनीली आंखों के पानी में भविष्य की जगमग ज्योत झलमिल-झिलमिल.

# कारण

राजधानी के सबसे बड़े अस्पताल में खूब गहमागहमी थी. कुछ लोग आ रहे थे. कुछ लोग जा रहे थे. लेकिन कुछ नेता लोग जो आ गए थे, जाने का नाम नहीं ले रहे थे. कॉरीडर में इधर-उधर जत्थे में खड़े थे. जनता भागमभाग में व्यस्त थी. अपने बेटे का इलाज कराने आया अन्य शहर का वाशिंदा मुकेश चौंका. एक को रोककर पूछा, "भाई! इतनी भीड़-भाड़? क्या बात है? कहीं भयंकर वारदात, दुर्घटना या जहरीले दारू के कारण सामूहिक मौत...

"...अरे! नहीं भाई, ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है. ईश्वर की कृपा से कोई वारदात, कोई दुर्घटना 'आज' अभी तक नहीं घटी.

"तब ये भीड़?...अफरा-तफरी क्यों?"

"आज एक नेता इस अस्पताल के आई सी यू में भर्ती होनेवाले हैं."

"क्यों? हार्ट अटैक?"

"नहीं!"

"लकवा मारा?"

"नहीं!"

"ब्रेन हैमरेज हो गया क्या?"

"नहीं भाई. उनके नाम गिरफ्तारी का वारंट निकला है."

## व्यंग्य ›› बर्बरीक

# माय नेम इज़ बॉन्ड

जेम्स बॉन्ड सीरीज की फिल्मों का बड़ा ही लोकप्रिय संवाद था - माय नेम इज़ बॉन्ड. भारतीय राजनीति को देखकर बेचारा सिर धुन रहा होगा कि क्यों कहा था. लेकिन राहत भी मिली होगी कि अभी भी इस डायलॉग का महत्व न सिर्फ है बल्कि बढ़ा ही है. विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का सारा इकबाल अब बॉन्ड के खंभे पर टिक गया है. अब हमाम में जब सभी नंगे हैं एकाध बांएं बाजुओं की पार्टियों को छोड़कर तो सभी के बीच कंपीटिशन इस बात का है कि कौन नंगेपन का प्रदर्शन ज़्यादा सटीक तरीके से कर सकता है. सबसे ऊंची अदालत ने उस अंधेरी जगह पर टार्च की रोशनी फेंक दी जहां सारे नंगे खुशी खुशी नाच रहे थे. सकपकाकर कहने लगे वे भी तो हैं, हम अकेले नहीं इस महफ़िल में. कुछ बहुत गलत भी नहीं है. बॉन्ड का एक अर्थ तो बंधन भी होता है न. बॉन्ड लेने वाले और बॉन्ड देने वाले के बीच ये बंधन तो प्यार का बंधन है. यह लेन देन का रिश्ता तो वर्षों से कायम है.

पहले चुनाव में खर्चा कम होता था, थोड़ा झंडा लंबा लगा दिया, भोंपू लगाकर भाषण दे आये, बस लोग वोट दे आते थे. अब इतना खर्च, इतना तामझाम, टेक्नोलॉजी का प्रयोग, मीडिया मैनेजमेंट, सोशल मीडिया, बूथ मैनेजमेंट, हेलीकॉप्टर से बाय रोड यात्राएं वगैरह. हर जगह जब बाजार घुस गया है तो इसमें क्यों न घुसे. अरबों खरबों का मामला है तो पूंजी लगाने वाले भी तो चाहिए. रोज रोज यह बॉन्ड यह बंधन मजबूत होता जाता है. अब जिसने एक लगाया है वह ग्यारह तो लेगा ही न. बल्कि एक पुरानी फिल्म में तो बहुत पहले ही कह दिया गया था कि गरीबों की सुनों वो तुम्हारी सुनेगा तुम एक पैसा दोगे तो वो दस लाख देगा. एक पैसे के बदले दस लाख का प्रावधान कर दिया गया था. इसलिए लगाने वालों ने भी खुला खेल फर्रूखाबादी शुरू कर दिया.

> यह भी कहा गया कि हमारे सांसद ज़्यादा है इसलिए हमने ज़्यादा लिया. मुंह ज़्यादा रहेंगे तो खायेंगे भी ज्यादा. सिर्फ यह नहीं बता रहे कि जिसने एक लगाया उसने दस लाख गुना ज्यादा कैसे पाया.

ईमानदारी से यह भी कहा गया कि हमारे सांसद ज़्यादा है इसलिए हमने ज़्यादा लिया. मुंह ज़्यादा रहेंगे तो खायेंगे भी ज्यादा. सिर्फ यह नहीं बता रहे कि जिसने एक लगाया उसने दस लाख गुना ज्यादा कैसे पाया. जिस टीके वाले को मसीहा समझ रहे थे हम और कोरोना के समय जयजयकार कर रहे थे बाद में मालूम हुआ कि अधिक माल खपाने के चक्कर में बिना किसी अध्ययन के तीसरा डोज़ भी ठोकवा दिया गया. कहा गया कि तुम मुझे बॉन्ड दो मैं तुम्हें बिजनेस दूंगा. तभी तो परस्पर का बॉन्ड मजबूत होगा.

बॉन्ड के बदले कितने रेलवे स्टेशन, कितने हवाई अड्डे, कितनी फैक्ट्रियां, कितने संस्थान औने पौने दाम में खड़े तिरछे तरीके से दे दिए गए. सब गया विकास के खाते में. हींग लगी न फिटकरी और रंग भी चोखा. हम दब गए महामानव के अहसान तले कि अठारह अठारह घंटे खट रहे हैं, सिर्फ पांच हजार रुपये किलो वाला मशरूम खाकर और मात्र दस लाख का सूट पहनकर यह फकीर लगा है देश सेवा में. देश की, जनता की सेवा दरअसल बॉन्ड की सेवा है. बॉन्ड बॉन्ड पर लिखा है लेने वाले का नाम.

मजेदार बात यह है कि बॉन्ड से सेवा करने वाले मेवा के बारे में निश्चिंत रहते हैं. भारतीय लोकतंत्र को बचाने के लिए ये आधुनिक जेम्स बॉन्ड लगे पड़े हैं और जीतने के बाद खुश होकर खुलकर कहेंगे -माय नेम इज़ बॉन्ड.

## कविता/गज़ल

# शंकरानंद की कविताएं


शंकरानंद

### अकेला होना

टहनी पर अकेला फूल हो
पेड़ पर बस एक फल
उस पर सबसे पहले आंखें जाती हैं.

कोई नहीं जानता
उसकी यातना
उसके उगने का दु:ख
जो कभी ख़त्म ही नहीं हुआ.

जबसे पृथ्वी पर आने की लालसा हुई
ठीक तभी से आंधियां आई हर रात
कई दिनों तक बरसा पानी
उंगलियां छूती रही
दहलाती रही कलेजा.

खिलने की रंगत पर
नज़र टिकाने वालों
यह दु:ख और संताप
तुम्हें कभी नहीं दिखेगा!

### रात के पहर

चारो तरफ सिर्फ एक सन्नाटा है
रात के पहर ऊंघ रहे हैं
इस बीच कब बदल जाता है समय
पता नहीं चलता.

बस एक अंधेरा है
कभी गाढ़ा
कभी पतला
यह रोज की बात है.

मैंने जब भी देखा
रात को सहमा हुआ देखा
लगभग शांत और निस्तब्ध
हर बार
ठीक उस पक्षी की तरह
जो एकाग्र होकर
अपने अंडे सेती है चुपचाप.


अशोक सिंह

### छोटे लोग

छोटे लोग हमेशा तादाद अधिक होते हैं
अक्सर लम्बी होती है उनकी सूची
लम्बे नहीं होते उनके हाथ
नाक ऊंची नहीं होती उनकी
छोटा होता है उनका कद
छोटी होती है उनकी दुनिया
होती हैं मुट्ठी भर छोटी-छोटी चाहतें.

छोटे लोग अक्सर गली-कूचे में रहते हैं
पहनते हैं फूटपाथी कपड़े
चलते हैं फूटपाथ पर पैदल.

छोटे लोग अक्सर
लदे-फदे करते हैं गाड़ियों में यात्राएं
लाईन में खड़े होकर लेते हैं टिकट
मोल-भाव कर खरीदते हैं चीजें
और जैसे-तैसे खींच-तानकर
बिताते हैं जीवन .

छोटे लोग अक्सर बड़ी जगह घेरते हैं
पर अफसोस मुट्ठी भर से ज्यादा जगह
नहीं होती पास उनके,
छोटे लोगों से ही बनती है
बड़े लोगों की दुनिया,
उनके होने से ही अक्सर
पहचाने जाते हैं बड़े लोग.

छोटे लोग भीड़ में
तख्तियां उठाये लगाते हैं नारे
और अपनी छोटी-छोटी मांगों के लिए
अक्सर मारे जाते हैं जुलूस में
बड़े लोगों की गोली से.

छोटे लोग अक्सर नीचे बैठकर सुनते हैं
बड़े लोगों का भाषण,
बड़े लोग मंच पर बैठ
करते हैं बड़ी-बड़ी बहसें छोटे लोगों पर.
चलने को तो बहुत दूर तक चलते हैं
पर कहीं पहुंच नहीं पाते छोटे लोग.

छोटे लोग बसाते हैं बड़े-बड़े शहर
और खुद होते जाते हैं
दिन-व-दिन शहर से दूर ..........

छोटे लोग अक्सर डरते हैं बड़े लोगों से
लेकिन जब वे डरना छोड़ देते हैं
तो डरने लगते हैं उनसे बड़े-बड़े लोग.


सुशील स्वतंत्र

### दायरे में युद्ध

तय चालों के बलबूते
चौसठ खानों के रणक्षेत्र में
दी जाती थी शै और मात
राजा करते थे दायरे में युद्ध
इसीलिए मटियामेट हो गया राजतंत्र.

तय दायरों में होती थी
जीत या शिकस्त
सिपाही से मंत्री तक
सबकी हदें तय होती थीं
और यह सच छिपाया जाता था
कि जिसकी रक्षा के लिए
जान की बाज़ी लगाई जा रही है
प्यादों की रक्षापंक्ति के पीछे खड़ा
वह राजा स्वयं एक मोहरा है.

वजीर, हाथी, बिशप, घोड़ा
अपनी-अपनी चालों के कैदी होते
एक कदम आगे की चाल वाला प्यादा
आत्मरक्षा के अधिकार से भी वंचित होता
काले-सफ़ेद राजाओं को
अपने पराक्रम से लड़ने का भ्रम होता
हर बार विजयी वही होता
जो बिसात बिछाता.


अपनी चालों की परिधि को
एक बार भी लांघने का
मोहरों को ख़याल नहीं आया
शतरंज के इतिहास में इसीलिए
कभी इन्कलाब नहीं आया.


राकेश कुशवाहा

### हम सभ्य होंगे एक दिन

सभ्य होंगे
एक दिन हम
जिस दिन आलिंगन करते हुए
दो प्रेमियों को
देखते ही नजरें फेर लेंगे हम
और जीने देंगे
उन्हें जिंदगी अपनी .

सभ्य होंगे
एक दिन हम
जब आधी रात को
लौटेंगी स्त्रियां भी
अपने काम से
जैसे पुरुष लौटते हैं
रात की पाली से अपनी .


यास्मीन 'तन्हा'

### देखिए

दाग चेहरे का नहीं दिल का देखिए
चोट हमने भी बहुत खाई है देखिए.
वक़्त ने भर दिए हैं जख्म तो क्या
निशां अब भी उनके बाकी हैं देखिए.
ज़माना हमसे पूछता है रुसवाई का सबब
रुसवा जिसने किया है उसे देखिए.
चलना साथ मुमकिन नहीं रहा अब
रास्ते बदल कर एक बार देखिए.
कौन देता है उम्र भर साथ यहां
ज़िंदगी को 'तन्हा' गुज़ार कर देखिए.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# लखनऊ-कोलकाता व चेन्नई-मुंबई के बीच मुकाबला आज

## घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जाइंट्स को हराने उतरेगी केकेआर

मैच दोपहर 3.30 से शुरू होगा





भाषा। कोलकाता

दो बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) अपने गढ ईडन गार्डंस पर रविवार को आईपीएल के मैच में मयंक यादव के बिना उतर रही लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य जीत की राह पर लौटने का होगा. यह ईडन गार्डंस पर केकेआर का इस सत्र में पहला मैच है. मेंटोर गौतम गंभीर को बखूबी पता है कि यहां होने वाले पांच मैच 2021 के बाद पहली बार प्लेआफ में जगह बनाने के लिये निर्णायक साबित हो सकते हैं. दोनों टीमों ने तीन तीन जीत दर्ज की है जबकि पिछले दौर में पराजय का सामना करके आई हैं. केकेआर को वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल और सुनील नारायण पर अत्यधिक निर्भरता का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है, जो चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ साबित हुआ. चेन्नई ने पिछले मैच में उसे सात विकेट से हराया. नारायण (27) और रसेल (10) बल्ले से नाकाम रहे.

इन दोनों के जबर्दस्त फॉर्म के चलते तीन मैचों में 200 पार का स्कोर बनाने वाली केकेआर चेन्नई के खिलाफ नौ विकेट पर 137 रन ही बना सकी. ऊंगली की चोट के कारण नीतिश राणा यह मैच भी नहीं खेल सकेंगे. केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर प्रभावित नहीं कर सके हैं और चार मैचों में 0, नाबाद 39, 18 और 34 रन बनाये. वेंकटेश अय्यर तीन मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच पाये और एकमात्र अर्धशतक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ लगाया. सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पहले मैच में वह तीसरे नंबर पर उतरे लेकिन पिछले दो मैचों में सातवें और पांचवें नंबर पर उतरे. रमनदीप सिंह ने भी प्रभावित नहीं किया. अंडर 19 विश्व कप 2022 विजेता अंगकृष रघुवंशी ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 54 रन बनाये. पिछले मैच में नाकाम रहने के बाद वह अच्छी पारी खेलने को बेताब होंगे.

- ईडन गार्डंस में सत्र का पहला मैच खेलेगी केकेआर
- दोनों टीमों ने जीते हैं तीन-तीन मुकाबले

### अब तक नाकाम रहे हैं मिचेल स्टार्क

मिचेल स्टार्क गेंदबाजी में नाकाम रहे हैं और उन्होंने पहले दो मैचों में 100 रन दे डाले. दूसरी ओर लखनऊ को तेज गेंदबाज मयंक यादव की कमी खलेगी जो बाजू की मांसपेशी में खिंचाव के कारण बाहर हैं. उनकी जगह खेल रहे अरशद खान दिल्ली के खिलाफ नाकाम रहे. मोहसिन खान भी अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हैं. क्विंटोन डिकॉक और केएल राहुल को बड़ी पारियां खेलनी होगी . वहीं मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी. उनके पास रवि बिश्नोई और कृणाल पंड्या जैसे उम्दा स्पिनर भी है.


### टीमें

**लखनऊ सुपर जाइंट्स**
केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के. गौतम, अर्शिन कुलकर्णी, एम. सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान

**कोलकाता नाइट राइडर्स**
श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकि हुसैन और मुजीब उर रहमान

## धौनी की कप्तानी के बिना मुंबई के गढ़ को भेदने उतरेगी चेन्नई

### मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले पांच में से चार मैच चेन्नई सुपर किंग्स ने जीते हैं



**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका , मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड.

भाषा। मुंबई

गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मेजबान मुंबई इंडियंस इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में रविवार को आमने सामने होंगी तो नजरें महेंद्र सिंह धौनी पर रहेंगी, जिनका वानखेड़े स्टेडियम पर संभवतः यह आखिरी मैच होगा. चेन्नई सुपर किंग्स पहली बार मुंबई में धौनी की कप्तानी के बिना खेलेगी. इस मुकाबले में चेन्नई के नजरें मुंबई के गढ़ को भेदने की होगी. नवंबर 2005 के बाद किसी भी टीम के साथ सिर्फ एक खिलाड़ी के तौर पर धौनी यहां पहली बार खेलेंगे. 42 वर्ष की उम्र में भी विकेट के पीछे धौनी कमाल का प्रदर्शन कर रहे हैं और खेल की उनकी समझ का कोई सानी नहीं. चेन्नई को उम्मीद है कि बाहरी मैदान पर इस सत्र में खराब रिकॉर्ड सुधारने में धौनी का रणनीतिक कौशल काम आयेगा. मुंबई के खिलाफ पिछले पांच मैचों में चेन्नई ने चार जीते हैं. पांच पांच बार आईपीएल खिताब जीत चुकी टूर्नामेंट की दो सबसे कामयाब टीमों के कप्तान इस बार बदले हैं. मुंबई ने रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाया जबकि चेन्नई की कमान धौनी ने रूतुराज गायकवाड़ को दी. इसके बावजूद दोनों टीमों की मैदानी प्रतिद्वंद्विता जस की तस रहने की उम्मीद है.

### सपाट पिच पर होगी चेन्नई के गेंदबाजों की परीक्षा

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ 200 के करीब का लक्ष्य हासिल करने वाले मुंबई के बल्लेबाजों को रोकना चेन्नई के गेंदबाजों के लिये कठिन चुनौती होगा. खराब शुरूआत के बाद पंड्या की मुंबई इंडियंस ने वापसी की है. पिछले दो मैचों में उसके बल्लेबाजों का प्रदर्शन शानदार रहा है. सूर्यकुमार यादव ने आरसीबी के खिलाफ 17 गेंद में अर्धशतक जड़ा है. चेन्नई के गेंदबाजों ने चेपॉक की धीमी पिच पर अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन सपाट और बल्लेबाजों की मददगार पिचों पर अभी तक उनकी परीक्षा नहीं हुई है. ईशान किशन और रोहित शर्मा की शुरूआती साझेदारी मुंबई के लिये अहम रहेगी . दूसरी ओर चेन्नई को कप्तान गायकवाड़, रचिन रविंद्र, डेरिल मिचेल , शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा और धौनी से अच्छी पारियों की उम्मीद होगी. उन्हें जसप्रीत बुमराह (10 विकेट) से भी बचकर रहना होगा. चेन्नई की गेंदबाजी की कमान मुस्ताफिजूर रहमान , जडेजा, शार्दुल ठाकुर और तुषार देशपांडे के हाथों में होंगी.


मैच शाम 7: 30 से शुरू होगा



**चेन्नई सुपरकिंग्स :** महेंद्र सिंह धौनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी.

## नामधारी एफसी ने रीयल कश्मीर पर दर्ज की बड़ी जीत

**श्रीनगर।** मनवीर सिंह के दो गोल की दम पर नामधारी एफसी ने आई लीग फुटबॉल 2023-24 सत्र के अपने आखिरी मैच में रीयल कश्मीर एफसी को 4-1 से शिकस्त दी. पहली बार इस लीग में खेल रहे नामधारी एफसी ने इस तरह अपने अभियान का अंत 24 मैचों में सात जीत और छह ड्रॉ से 27 अंक के साथ किया. स्टीफन एक्वा (20 वां मिनट) और इमानोल अराना सदाबा (24 वां मिनट) के गोल से नामधारी एफसी की टीम मध्यांतर से पहले 2-0 से आगे थी. मनवीर ने मैच के 60वें और 90वें मिनट में गोल किये. मैच के 67वें मिनट में डिफेंडर हैदर यूसुफ को फाउल के कारण रेड कार्ड दिखाया गया, जिससे रीयल कश्मीर की टीम को 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा. उसके लिए लाल रामदीन सांगा राल्टे (86 वां मिनट) ने गोल किया. रीयल कश्मीर एफसी 24 मैचों में 40 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहा.



## व्यक्तिगत प्रदर्शन से ज्यादा टीम की सफलता पर फोकस : गंभीर

भाषा। कोलकाता

कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर गौतम गंभीर ने व्यक्तिगत प्रदर्शन से अधिक टीम की सफलता पर फोकस करने पर जोर देते हुए शनिवार को कहा कि इस आईपीएल में खराब फॉर्म के कारण मिचेल स्टार्क को बुरा गेंदबाज नहीं कहा जा सकता. ऑस्ट्रेलिया के स्टार्क को केकेआर ने 24 करोड़ 75 लाख रूपये में खरीदा था जो अभी तक 77 की औसत से दो ही विकेट ले सके हैं और चारों मैचों में 11 से अधिक की औसत से रन दिये. गंभीर ने उनका बचाव करते हुए कहा कि खराब आंकड़े मायने नहीं रखते. टी-20 क्रिकेट में गेंदबाजों की धुनाई होती ही है. हमने चार में से तीन मैच जीते हैं. लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ मैच से पहले गंभीर ने कहा कि टीम खेल में जीत मायने रखती है. हमने चार में से तीन मैच जीते हैं. मैं किसी के प्रदर्शन से खुश क्यो नहीं होऊंगा.अच्छा बुरा दिन खेल में आता है लेकिन टीम की जीत अहम है. उन्होंने कहा कि पहले चार मैच में हमें अच्छे परिणाम मिले. हमें पता है कि स्टार्क क्या कर सकता है. चार मैच उसे बुरा गेंदबाज या अच्छा गेंदबाज नहीं बनाते. हमें पता है कि वह क्या कर सकता है. उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत प्रदर्शन के बारे में बात करने की कोई वजह नहीं है. मेरा मानना है कि स्टार्क ने अच्छा खेला है. वह जल्दी ही असर छोड़ेगा क्योंकि इसके लिये ही उसे चुना गया है.

**खास बातें**

- गौतम गंभीर ने किया मिचेल स्टार्क का बचाव
- स्टार्क ने अब तक 11 रन से अधिक की औसत से रन खर्चे हैं



## कैंडिडेट्स शतरंज में भारतीय अभी भी दौड़ में बरकरार

- फिरोजा अलीरजा से होगा प्रज्ञानानंदा का सामना
- हमवतन विदित गुजराती से भिड़ेंगे गुकेश

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में जब अपने अभियान का फिर से आगाज करेंगे तो रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि को पीछे छोड़ने पर फोकस रहेगा. प्रज्ञानानंदा का सामना फ्रांस के फिरोजा अलीरजा से है जबकि गुकेश की टक्कर हमवतन विदित गुजराती से होगी. नेपोम्नियाश्चि 4.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि उनसे आधा अंक पीछे प्रज्ञानानंदा, गुकेश और अमेरिका के फेबियानो कारूआना हैं. अलीरजा 2.5 अंक लेकर सातवें स्थान पर है जबकि अजरबैजान के निजात अबासोव उनसे आधा अंक पीछे हैं. महिला वर्ग में भारतीय खिलाड़ी अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सकीं हैं. कोनेरू हम्पी और आर वैशाली के 2.5 अंक हैं जबकि चीन की झोंग्यी तान पांच अंक लेकर शीर्ष पर हैं.

## हॉकी : ऑस्ट्रेलिया से पांचवां टेस्ट भी हारी भारतीय टीम

# शृंखला में भारत का सूपड़ा साफ

- पांचवे व आखिरी टेस्ट में 3-2 से हारी भारतीय टीम
- पांच मैचों की श्रृंखला ऑस्ट्रेलिया ने 5-0 से जीती

भाषा। पर्थ



भारतीय पुरूष हॉकी टीम को पांचवें और आखिरी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने 3-2 से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 5-0 से जीत ली. पिछले चार मैचों में भारत को 5-1, 4-2, 2-1, 3-1 से पराजय का सामना करना पड़ा था. पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये यह दौरा काफी महत्वपूर्ण था. भारत के लिये कप्तान हरमनप्रीत सिंह (चौथा मिनट) और बॉबी सिंह धामी (53वां मिनट) ने गोल दागे. ऑस्ट्रेलिया के लिये जेरेमी हैवर्ड (20वां), के विलोट (38वां) और टिम ब्रांड (39वां) ने गोल किये. भारत ने मैच में आक्रामक शुरूआत की. जुगराज सिंह ने ऑस्ट्रेलियाई हाफ में जरमनप्रीत सिंह को गेंद सौंपी लेकिन वह उसे पकड़ नहीं पाये. भारत को चौथे मिनट में हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके कामयाबी दिलाई. हरमनप्रीत का यह शृंखला में तीसरा गोल था. ऑस्ट्रेलिया ने 20वें मिनट में हैवर्ड के गोल के दम पर बराबरी की. भारत के रिजर्व गोलकीपर सूरज करकेरा ने नाथन ई के शॉट पर मुस्तैदी से गोल बचाया. हाफटाइम के बाद ऑस्ट्रेलिया को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन सूरज करकेरा ने गोल बचाया. भारत को 37वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत का निशाना चूक गया. ऑस्ट्रेलिया ने एक मिनट बाद विलोट के गोल के दम पर बढत बना ली. इसके एक मिनट बाद ब्रांड ने एडी ओकेंडेन के पास पर तीसरा गोल भी दाग दिया. भारत को 42वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन अमित रोहिदास गोल नहीं कर सके. मेजबान टीम को मिले दो पेनल्टी कॉर्नर को भारतीय डिफेंस ने बचाया. भारत के लिये दूसरा गोल धामी ने आखिरी सीटी बजने से सात मिनट पहले रिवर्स हिट पर दागा.

**आईपीएल** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ लखनऊ के युवा बल्लेबाज ने किया था शानदार प्रदर्शन

# राहुल व लैंगर की हौसला अफजाई से प्रेरणा मिली : बडोनी

भाषा। लखनऊ

लखनऊ सुपर जाइंट्स के युवा बल्लेबाज आयुष बडोनी ने कहा कि कप्तान केएल राहुल और कोच जस्टिन लैंगर ने खराब प्रदर्शन के बावजूद उन पर भरोसा बनाये रखा, जिससे वह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन कर सके. बडोनी ने 35 गेंद में 55 रन बनाये थे, जिसकी मदद से लखनऊ ने सात विकेट पर 167 रन बनाये. दिल्ली ने 11 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया. बडोनी ने कहा कि सत्र की शुरूआत अच्छी नहीं हुई लेकिन मैं नेट पर अच्छा खेल रहा था. मैं राहुल व लैंगर को धन्यवाद दूंगा जिन्होंने लगातारी मेरी हौसलाअफजाई की. उन्होंने कहा कि मैं बल्लेबाजी करते समय देर तक टिककर आक्रामक खेलने के बारे में सोच रहा था.

**खास बातें**

- बडोनी ने दिल्ली के खिलाफ खेली थी 55 रन की पारी
- बडोनी ने कहा, अच्छी नहीं हुई थी सत्र की शुरुआत

### कोच जस्टिन से तालमेल अच्छा

बडोनी ने कहा कि कोच जस्टिन से भी मेरा अच्छा तालमेल है. मैं पिछले साल ऑस्ट्रेलिया गया था और उन्होंने भी कई चीजें सिखाई. मैने वहां जस्टिन के साथ दस दिन का शिविर किया, जिससे काफी मदद मिली. उन्होंने कहा कि मैने राहुल से काफी बात की और उन्होंने हमेशा मेरा हौसला बढाया है. वह कहते हैं कि तुम सर्वश्रेष्ठ हो और फिनिशर की भूमिका निभा सकते हो.



### टीम के एक्स फैक्ट हैं जैक फ्रेसर मैकगुर्क : प्रवीण आम्रे

दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आम्रे का मानना है कि पहली बार आईपीएल में खेल रहे जैक फ्रेसर मैकगुर्क की पारी से टीम को जीत दर्ज करने में आसानी हुई. ऑस्ट्रेलिया के 22 वर्ष के इस बल्लेबाज ने 35 गेंद में 55 रन बनाये. आम्रे ने कहा कि जैक ने शानदार पारी खेली. वह टीम का एक्स फैक्टर है और उसमें छक्के जड़ने की जबर्दस्त क्षमता है. इस प्रारूप में यह काफी अहम है. हमने पिछले दो मैचों में अच्छा खेला लेकिन यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं है

# काजल के शतक से खूंटी ने कोडरमा को 258 रन से हराया

- जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट

संवाददाता। रांची

जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट वीमेंस अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट में खूंटी ने कोडरमा में हराया. शनिवार को खेले गए इस एकतरफा मुकाबले में खंटी ने 258 रन से जीत दर्ज की. इस मुकाबले में खूंटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 295 रन का स्कोर खड़ा किया, जिसमें काजल कुमारी ने शानदार नाबाद 106 रन बनाए. महिमा पांडेय ने भी टीम के लिए 77 रन का योगदान दिया. कोडरमा की ओर से राधा कुमारी ने दो विकेट चटकाए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोडरमा 22 ओवर में 38 रन पर ही सिमट गयी. टीम के लिए रिया कुमारी ने सर्वाधिक 13 रन बनाए. खूंटी की रिया, साक्षी व प्रिया ने दो-दो चटकाए. वहीं कशिश व निहारिका ने एक-एक विकेट लिए.



▼ ब्रीफ खबरें

## मूर्ति पर चढ़ा आभूषण लेकर फरार हो गए

**छपरा ।** सारण जिला के खैरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पहाड़पुर-रसीदपुर गांव स्थित राधेकृष्ण मंदिर में दिनदहाड़े घुसे चोर ने राधेकृष्ण के शरीर से सभी आभूषण उतार लिए और चंपत हो गया. लेकिन उसकी सारी करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. कुछ देर बाद इस घटना की जानकारी ग्रामीणों को लगी और इसकी सूचना पुलिस को दी गई. वहीं सूचना मिलने पर खैरा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची एवं जांच में जुट गई. स्थानीय लोगों के अनुसार चोर पूरे चेहरे को ढक कर मंदिर के अंदर आया था.

## युवती ने फंदे पर झूल कर खुदकुशी कर ली

**भागलपुर ।** जिले के सनोखर थाना क्षेत्र के तुलसीपुर गांव निवासी पारण पासवान की 14 वर्षीय पुत्री सपना कुमारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. घटना शुक्रवार देर रात की बताई जा रही है. मृतका के पिता ने बताया कि मुझे दो बेटा है. बड़ा बेटे की शादी हो गयी है. वह बाहर में काम करता है. घर में छोटा लडका और बड़ी पतोहू रहती है. घर में किसी बात को लेकर मेरी छोटी बेटी से उन लोगों का झगड़ा हो गया. फिर मेरे छोटे बेटे ने मेरे बेटी के साथ मारपीट की. इसी से गुस्से में आकर उसने कपड़े का फंदा बनाकर फांसी लगाकर जान दे दी. पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है.

## मोतिहारी से 4 साइबर अपराधी गिरफ्तार हुए

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के छौड़ादानो थाना पुलिस ने शुक्रवार को चार साइबर फ्रॉड को दबोचा है, जिसके पास से जब्त मोबाइल में कई संदिग्ध नंबर मिले हैं. पुलिस इसकी जांच में जुट गयी है. बताया जा रहा है कि इन नंबरों में कई नंबर पाकिस्तान के भी है. एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि रक्सौल डीएसपी के नेतृत्व में चार संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है. इनके तार साइबर क्राइम से जुड़े हैं. पुलिस इनकी निशानदेही पर अन्य जगहों पर छापेमारी कर रही है. जल्द ही इसका खुलासा किया जायेगा.

### गया में सीएम नीतीश कुमार ने जीतन राम मांझी के पक्ष में किया प्रचार, बोले-

# हमसे कुछ लोग नाराज हैं, हम उल्टा-पुल्टा काम नहीं करेंगे

**संवाददाता । गया/पटना**



गया के बाराचट्टी में सीएम नीतीश कुमार ने चुनावी सभा को संबोधित किया. गया लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी पूर्व सीएम जीतन राम मांझी के पक्ष में उन्होंने चुनावी जनसभा को संबोधित किया. चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए शनिवार को सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि पिछली बार जिसको हमने कहा था उसको आप लोगों ने जीत दिलाई. इस बार भी जीतन राम मांझी को जीत दिलाइए. सीएम भी बनाए थे. 2005 से काम करने का मौका मिला, उसके पहले पति-पत्नी ने क्या किया? कोई काम किया था क्या? शाम में कोई घर से बाहर नहीं निकलता था. हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा होता था. शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य की व्यवस्था नहीं थी, बहुत बुरा हाल था. उन्होंने कहा कि जब हमको मौका मिला तो उसके बाद लड़कियों के लिए साइकिल, पोशाक योजना की शुरुआत की. उसके बाद लड़कों के लिए भी योजनाओं की शुरुआत की. हमलोग का जो काम है उसको तेजस्वी यादव कह रहा है. सब काम हमने किया है. अगर कुछ और की जरूरत है तो चुनाव के बाद पूरा करा देंगे. सब अधिकारियों को कह देंगे कि सब काम तेजी से कर दो.

**सीएम नीतीश कुमार ने की अपील :** नीतीश कुमार ने कहा कि इंटर पास पर लड़कियों को 25 और फिर अब आगे की पढ़ाई पर 50 हजार रुपए देने का काम किया है. पीएम भी देश भर के लिए काम कर रहे हैं. हम भी हर घर में बिजली, नल का जल पहुंचा दिए हैं. गलती से अगर उन लोग को मौका मिल जाएगा तो फिर हिंदू-मुस्लिम झगड़ा शुरू हो जाएगा. 4 लाख को नौकरी, 5 लाख को रोजगार दिया है. कोई भाषण देने आएगा और अंड बंड कर देगा. हम से कुछ लोग नाराज हैं तो उसको छोड़ दीजिए. उल्टा पुल्टा कोई काम नहीं करते हैं. हम मुस्लिम समाज से कहेंगे कि सबके लिए काम कर रहे हैं. सभी जाति के लिए काम किया है.

**बिहार सबसे तेज गति से विकास कर रहा है :** सीएम ने कहा कि 94 लाख परिवार आर्थिक स्थिति खराब यह सर्वे में सामने आया है. उत्थान के लिए काम करेंगे, जो खिलाफ में चुनाव लड़ेगा वह अपने लिए काम करेगा, लेकिन हम आपके लिए काम करेंगे. वहीं, विजय चौधरी ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जीतन राम मांझी का कड़ाही छाप है. कड़ाही के दो हैंडल है एक बीजेपी का है और दूसरा जदयू का है, जिसे नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार पकड़े हैं. आसमान की ऊंचाई में उड़ने में कोई दिक्कत है क्या? विश्व में हिंदुस्तान सबसे तेज और देश में बिहार सबसे तेज गति से विकास कर रहा है.

## बिहार में ओवैसी की पार्टी ने तीन सीटों पर उतारा उम्मीदवार

**पटना ।** एआईएमआईएम ने शनिवार को तीन लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है. एआईएमआईएम ने दरभंगा, शिवहर और काराकाट लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है. किशनगंज कजलामनी स्थित एआईएमआईएम के प्रदेश कार्यालय में पार्टी के स्टार प्रचारक इंजीनियर आफताब अहमद और आदिल हसन ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी. प्रेस वार्ता के दौरान इंजीनियर आफताब आलम ने बताया कि दरभंगा लोकसभा क्षेत्र से मोहम्मद कलाम, शिवहर लोकसभा से पूर्व सांसद सीताराम सिंह के बेटे राणा रणजीत सिंह और काराकाट लोक सभा क्षेत्र से प्रियंका चौधरी को प्रत्याशी बनाया गया है.

## राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष बृष्णि पटेल ने पार्टी दिया इस्तीफा

**पटना ।** लोकसभा चुनाव से पहले बिहार में नेताओं के पाला बदलने और इस्तीफा देने का सिलसिला जारी है. राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष बृष्णि पटेल ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया. इसके साथ ही उन्होंने पार्टी में गंभीर आरोप भी लगाए हैं. वहीं, शुक्रवार को पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अहमद अशफाक करीम ने भी राजद से इस्तीफा दे दिया था. बृशिण पटेल ने राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह को पत्र लिखा है. इस पत्र में उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि राष्ट्रीय जनता दल का समर्पित कार्यकर्ताओं की कोई आवश्यकता नहीं है और न ही इस दल को सामाजिक न्याय और सांप्रदायिक सद्भाव में आस्था है.

### पूर्व राज्यसभा सांसद अशफाक करीम जदयू में हुए शामिल, बोले-

# सीएम ने अकलियत को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा काम किया

**संवाददाता । पटना**

राजद के पूर्व राज्यसभा सांसद अशफाक करीम ने शनिवार को पटना में जदयू में शामिल हो गए. इस दौरान उन्होंने कहा कि यह निर्णय इसलिए लिया क्योंकि बिहार में जातीय सर्वे के बाद भी राजद ने मुसलमानों को 26 में से केवल दो सीटें दीं, जिनका राज्य में 18 प्रतिशत वोट शेयर है. किसी को भी अपने अधिकारों से वंचित होना स्वीकार नहीं करना चाहिए. करीम ने कहा कि कहते हैं कि नीतीश जी बीजेपी के साथ हैं, लेकिन बीजेपी के साथ रहते हुए भी जिस तरह से उन्होंने अखलियत को आगे बढ़ने का काम किया है जिससे युवा खुश हैं. जो 90% वोट मुसलमान उधर देता था अब वो 90% वोट जदयू में देगा. बिजली के क्षेत्र में, सड़क के क्षेत्र में बहुत काम हुआ है. नीतीश जी के नेतृत्व में बहुत अच्छा काम हुआ है इसलिए मैं बार-बार नीतीश कुमार को धन्यवाद देता हूं. मेरी जो इच्छा थी वह पूरी हो चुकी है अब जो भी मिला है और मिलेगा वह बोनस है. मेरी ज्यादा कुछ इच्छा नहीं है.



**एनडीए को भारी बहुमत दें :** वहीं, इस दौरान वहां मौजूद राज्यसभा सांसद संजय झा ने कहा कि अशफाक करीम के दल में आने से सीमांचल में बहुत अच्छा माहौल पार्टी के प्रति बनेगा. हम उनका स्वागत करते हैं. हम लोगों से अपील कर रहे हैं कि वह सामने आए जदयू को वोट करें और एनडीए को भारी बहुमत दें. आगे मंत्री विजेंद्र यादव ने कहा कि हमारे अल्पसंख्यक समाज के लोगों का जदयू की तरफ झुकाव दिख रहा है. भाजपा के साथ रहते हुए भी अल्पसंख्यक समाज की रक्षा नीतीश कुमार के नेतृत्व में हुई है यह पूरे मुल्क में एक मिसाल है.

## लालू और तेजस्वी ने पीठ में छुरा घोंपा है : सरफराज आलम

**पटना ।** सीमांचल के अररिया से राजद के पूर्व सांसद सरफराज आलम बेटिकट होने के बाद मंच पर फूट-फूट कर रोने लगे. वे अररिया में जनता को संबोधित करते हुए वो काफ़ी भावुक भी हो गए. वहीं, उन्होंने कहा कि वह अपने पिता और पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री तस्लीमुद्दीन को याद करते हुए रो रहे हैं. वे रोते हुए लोगों को संबोधित किया और साथ ही उन्होंने कहा कि लालू-तेजस्वी ने मेरी पीठ में छुरा घोंपा है. मेरे साथ धोखा किया है सीमांचल का मुसलमान राजद के बंधुआ मजदूर नहीं है. उन्होंने कहा कि राजद ने मुसलमानों का हमेशा वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है. उन्होंने कहा कि सरफराज आलम सीमांचल के गांधी तस्लीमुद्दीन का बेटा है.

### बांका में शुक्रवार देर शाम हुआ बम विस्फोट

# घायल हुए चार बच्चों में दो की मौत

**संवाददाता । बांका**

बांका के धोरैया थाना क्षेत्र अंतर्गत अहिरो गांव में शुक्रवार की देर शाम अचानक हुए बम विस्फोट में जख्मी हुए चार बच्चों में से दो की मौत हो गई है. दोनों का इलाज जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल भागलपुर में चल रहा था. अन्य 2 बच्चों का इलाज भी इसी अस्पताल में चल रहा है. मृत बच्चों की पहचान धोरैया प्रखंड के अहिरो गांव के मकसूद मोहल्ला निवासी मोहम्मद इस्माइल अंसारी के 8 वर्षीय पुत्र कुर्बान और मोहम्मद सद्दाम के 5 वर्षीय पुत्र सनिउल्ला के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार मोहम्मद इस्माइल अंसारी के घर बम बनाया जा रहा था, जो शुक्रवार की देर संध्या अचानक फट गया.

**बम बनाने की सामग्री हुई है बरामद :** इसकी चपेट में आने से चार बच्चे गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे. घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल कायम हो गया है. घटना की सूचना के बाद धोरैया थाना पुलिस के साथ-साथ बांका एसपी डॉ. सत्यप्रकाश ने भी मौके पर घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन की है. छानबीन के क्रम में मोहम्मद इस्माइल के घर से बम बनाने की कुछ सामग्री बरामद हुई है. पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है.

## युवक ने खुद को मारी गोली, मौके पर ही मौत

**अररिया ।** अररिया के रानीगंज थाना क्षेत्र के रानीगंज नगर पंचायत वार्ड संख्या चार निवासी आशीष नायक (30) ने अपने सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली है. मृत युवक रानीगंज नगर पंचायत के वार्ड संख्या 4 निवासी सुशील नायक का पुत्र आशीष नायक है. वही, फिलहाल अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आखिर युवक ने आत्महत्या क्यों की? सूत्रों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से युवक का अपने ही परिवार से किसी बात को लेकर काफी अनबन और मनमुटाव चल रहा था. इन्हीं घरेलू विवादों के चलते मृतक ने गुस्से में आकर अपने सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली. पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है.

### राजद के घोषणा पत्र पर मांझी बोले-

# उनकी सरकार बन ही नहीं रही है, कुछ भी घोषणा कर सकते हैं

**संवाददाता । पटना**

लोकसभा चुनाव के लिए राजद ने परिवर्तन पत्र के नाम से अपना घोषणा पत्र जारी किया है. इसे लेकर एनडीए के सहयोगी जीतन राम मांझी ने राजद के घोषणा पत्र पर तंज कसते हुए अपने एक्स अकाउंट पर लिखा है कि राजद के घोषणा पत्र में शायद कुछ बातें छूट गई हैं, भारत में अमेरिका का विलय करेंगे. सूरज पश्चिम से उगाएंगें. समुद्र के पानी को मीठा बना देंगें, पहाड़ हवा में उड़ेंगे. अब जब तेजस्वी यादव जी को पता है कि उनकी सरकार बन ही नहीं रही तो वह कुछ भी घोषणा कर सकतें हैं.

इधर, सांसद चिराग पासवान ने भी राजद के घोषणा पत्र पर निशाना साधा है. चिराग ने कहा कि एक लंबे समय तक इन्हीं के परिवार के लोग बिहार की सत्ता में रहे और उस वक्त कैसे नौकरियां बांटी गईं. यह हम से किसी को बताने की जरूरत नहीं है. चुनावी समय में वादे बड़े-बड़े किए जाते हैं और हकीकत जब खुद सत्ता में आते हैं तो उसके बाद पता चलता है. लोकसभा के चुनाव में बिहार की जनता मन बना चुकी है कि तीसरी बार मौजूदा प्रधानमंत्री जी को ही देश का प्रधानमंत्री बनाना है.

**कारोबार**

## एयर इंडिया ने पांच नए संपर्क केंद्र शुरू किए

**नयी दिल्ली ।** एयर इंडिया ने दुनिया भर में अपने ग्राहकों को सहायता प्रदान करने के लिए काहिरा और कुआलालंपुर सहित पांच स्थान पर नए संपर्क केंद्र खोले हैं. एयरलाइन ने मुंबई, काहिरा और कुआलालंपुर में केंद्रों से प्रीमियम सेवाओं का प्रबंधन करने के लिए कॉन्सेंट्रिक्स के साथ साझेदारी की है. प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इसके अलावा वाहक ने घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए नोएडा और बेंगलुरु में संपर्क केंद्र संचालित करने का काम आईएनर्जाइज़र को सौंपा है.

## यात्री वाहनों की थोक बिक्री 8.4 प्रतिशत बढ़ी

**नयी दिल्ली ।** भारत में यात्री वाहनों की थोक बिक्री वित्त वर्ष 2023-24 में सालाना आधार पर 8.4 प्रतिशत बढ़कर 42,18,746 इकाई हो गई. उद्योग निकाय सियाम ने शनिवार को यह जानकारी दी. वित्त वर्ष 2022-23 में कुल यात्री वाहन आपूर्ति 38,90,114 इकाई रही थी. सियाम की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में दोपहिया वाहनों की बिक्री 13.3 प्रतिशत बढ़कर 1,79,74,365 इकाई रही, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 1,58,62,771 इकाई थी.

## ओमेगा ने इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर किया पेश

**नयी दिल्ली ।** इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माता ओमेगा सेकी मोबिलिटी (ओएसएम) ने इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर स्ट्रीम सिटी क्यूक शनिवार को पेश किया. इसे 15 मिनट में चार्ज किया जा सकता है. कंपनी की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, वाहन की कीमत 3,24,999 रुपये (एक्स-शोरूम) है. यह दो लाख किलोमीटर या पांच साल की वारंटी (जो भी पहले हो) के साथ आता है. इसमें 8.8 किलोवॉट आवर का बैटरी पैक है. ओमेगा सेकी मोबिलिटी के संस्थापक एवं चेयरमैन उदय नारंग ने कहा कि कंपनी उम्मीद कर रही है कि इस वित्त वर्ष में वाहन बिक्री में बढ़ोतरी से कर पूर्व आय (एबिट्डा) सकारात्मक हो जाएगी.

### नाइट फ्रैंक और उद्योग मंडल सीआईआई ने जारी किया आंकड़ा

# रियल एस्टेट बाजार 73% बढ़कर 482 अरब डॉलर पर पहुंचा

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

आवासीय एवं वाणिज्यिक संपत्तियों की बेहतर मांग और उच्च आर्थिक वृद्धि की वजह से भारतीय रियल एस्टेट बाजार का आकार वर्ष 2015 से 73 प्रतिशत उछलकर 482 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है. संपत्ति के बारे में परामर्श देने वाली नाइट फ्रैंक और उद्योग मंडल सीआईआई की तरफ से शनिवार को संयुक्त रूप से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, भारत का रियल एस्टेट बाजार वर्ष 2034 तक करीब तिगुना होकर 1,487 अरब डॉलर का हो जाएगा.

रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय रियल एस्टेट बाजार का आकार वर्ष 2015 में 279 अरब डॉलर था और वर्ष 2024 में बढ़कर 482 अरब डॉलर हो चुका है जो कुल आर्थिक उत्पादन का 7.3 प्रतिशत है. बढ़ती अर्थव्यवस्था के समर्थन से देश में रियल एस्टेट क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव आया है. भारत के रियल एस्टेट क्षेत्र का लगभग 250 सहायक उद्योगों से किसी-न-किसी तरह का संबंध है. सलाहकार फर्म ने कहा कि यह कृषि क्षेत्र के बाद सबसे अधिक रोजगार पैदा करने वालों में से एक है, जो कुल रोजगार का 18 प्रतिशत है. सीआईआई-नाइट फ्रैंक इंडिया रिपोर्ट का अनुमान है कि 2034 तक भारत के रियल एस्टेट क्षेत्र का विस्तार 1.5 लाख करोड़ डॉलर तक होने की उम्मीद है, जो कुल आर्थिक उत्पादन में 10.5 प्रतिशत का योगदान देगा. सलाहकार कंपनी ने रियल एस्टेट क्षेत्र के बाजार आकार में वृद्धि के लिए बढ़ती आवासीय मांग, कार्यालय स्थल की जरूरत में वृद्धि, होटल और खुदरा क्षेत्र के विस्तार को जिम्मेदार ठहराया है.



**भारत का रियल एस्टेट बाजार वर्ष 2034 तक करीब तिगुना होकर 1,487 अरब डॉलर का हो जाएगा**

**रियल एस्टेट क्षेत्र का लगभग 250 सहायक उद्योगों से किसी न किसी तरह का संबंध है**

नाइट फ्रैंक इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (शोध, परामर्श, बुनियादी ढांचा एवं मूल्यांकन) गुलाम जिया ने कहा, आने वाले दशक में भारत की आर्थिक उन्नति में अभूतपूर्व उछाल आएगा, जिसमें रियल एस्टेट क्षेत्र आधारशिला बनने के लिए तैयार है. वर्ष 2034 में आवासीय बाजार 906 अरब डॉलर मूल्य का हो जाने की उम्मीद है.

## रियल एस्टेट में विदेशी निवेश में भारी गिरावट

**नयी दिल्ली ।** विदेशी निवेशक इस साल रियल एस्टेट से सतर्क रहे और उन्होंने इस क्षेत्र में 2024 की पहली तिमाही में सिर्फ 1.1 करोड़ डॉलर का निवेश किया. वैश्विक संपत्ति सलाहकार फर्म वेस्टियन ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र में जनवरी-मार्च में संस्थागत निवेश सालाना 55 प्रतिशत घटकर 55.2 करोड़ डॉलर रह गया. रिपोर्ट के अनुसार, रियल एस्टेट क्षेत्र में पिछले साल की समान अवधि में 123.83 करोड़ डॉलर (1.23 अरब डॉलर) निवेश आया था. वेस्टियन के आंकड़ों के अनुसार, देश के रियल एस्टेट क्षेत्र में विदेशी कोषों का संस्थागत प्रवाह 2024 की पहली तिमाही में 99 प्रतिशत गिरकर केवल 1.1 करोड़ डॉलर रह गया, जो पिछले साल की समान अवधि में 79.14 करोड़ डॉलर था. घरेलू निवेशकों ने जनवरी-मार्च 2024 में भारतीय रियल एस्टेट में 54.11 करोड़ डॉलर का निवेश किया, जो पिछले साल की समान अवधि में 44.69 करोड़ डॉलर से 21 प्रतिशत अधिक है.

## एनसीएलएटी ने डेक्कन चार्टर्स की दिवालिया कार्यवाही पर लगाई रोक


**नयी दिल्ली ।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलएटी) ने कैप्टन जीआर गोपीनाथ के डेक्कन चार्टर्स के खिलाफ दिवालिया कार्यवाही पर 26 अप्रैल 2024 तक रोक लगा दी है. मामले की अगली सुनवाई 26 अप्रैल 2024 को होनी है. इससे पहले, एनसीएलटी की बेंगलुरु पीठ ने करीब 10 करोड़ रुपये की चूक का दावा करने वाली वित्तीय ऋणदाता क्रोन फिनस्टॉक की याचिका को स्वीकार करते हुए कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) शुरू करने का निर्देश दिया था. डेक्कन चार्टर्स के निलंबित बोर्ड के निदेशक संजय सहगल द्वारा दायर याचिका पर एनसीएलएटी की चेन्नई पीठ ने बुधवार को क्रोन फिनस्टॉक को चार दिन के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया. अपीलीय अधिकरण की तीन सदस्यीय पीठ ने अंतरिम समाधान पेशेवर (आईआरपी) को सुनवाई की अगली तारीख यानी 26 अप्रैल 2024 तक आगे नहीं बढ़ने का भी निर्देश दिया. डेक्कन चार्टर्स विमान रखरखाव, विमानन प्रशिक्षण आदि सेवाएं प्रदान करती है.

- डेक्कन चार्टर्स विमान रखरखाव, विमानन प्रशिक्षण आदि सेवाएं प्रदान करती है

### बिजली की मांग बढ़ने से आएगी परेशानी

# सरकार ने गैस आधारित संयंत्रों को चालू रखने दिया निर्देश

**एजेंसी । नयी दिल्ली**



सरकार ने इस बार लंबे समय तक गर्मी रहने के अनुमान के कारण बिजली की मांग में वृद्धि को देखते हुए गैस आधारित सभी बिजली उत्पादन स्टेशनों को एक मई से 30 जून तक अपने संयंत्रों को चालू रखने का निर्देश दिया है. गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों (जीबीएस) के एक बड़े हिस्से का वर्तमान में, मुख्यतः व्यावसायिक कारणों से प्रयोग नहीं हो रहा है.

मंत्रालय ने इस गर्मी (अप्रैल से जून 2024) में 260 गीगावाट अधिकतम बिजली मांग का अनुमान लगाया है. पिछले साल सितंबर में बिजली की अधिकतम मांग 243 गीगावाट के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी. बिजली मंत्रालय के बयान के अनुसार, यह आदेश एक मई, 2024 से 30 जून, 2024 तक बिजली उत्पादन और आपूर्ति के लिए वैध रहेगा. बयान के अनुसार, गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों से अधिकतम बिजली उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने बिजली अधिनियम, 2003 की धारा 11 के तहत सभी गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों को निर्देश जारी किए हैं.

## कच्चा तेल 91 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है. ब्रेंट क्रूड का भाव 91 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 86 डॉलर प्रति बैरल के करीब है. हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है. इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक शनिवार को नई दिल्ली में पेट्रोल का भाव 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका हुआ है. मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है.



**समीक्षा**

### उपभोक्ता मामलों के सचिव निधि खरे ने दालों की उपलब्धता की समीक्षा की, कहा-

# दालों का आयात करने के लिए भुगतान तंत्र को सरल बनाया

- दालों के भंडार का लिया जायजा, 15 अप्रैल से स्टॉक की जानकारी देना जरूरी

**एजेंसी । नई दिल्ली**



चुनावी सीजन में दालों की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण के लिए सरकार ने कमर कस ली है. उपभोक्ता मामलों के सचिव ने इसको लेकर कई पक्षों के साथ बैठकें की. बैठक में दालों के भंडार और उपलब्धता का जायजा लिया गया है. उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि उपभोक्ता मामलों के सचिव निधि खरे ने दालों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए दाल उद्योग के हितधारकों के साथ बैठकें की हैं. निधि खरे ने म्यांमार से दालों के आयात से संबंधित मुद्दों पर यांगून में भारतीय मिशन के साथ भी बैठक की है. मंत्रालय के मुताबिक उपभोक्ता मामलों के सचिव ने 15 अप्रैल, 2024 से ऑनलाइन स्टॉक मॉनिटरिंग के संचालन के लिए दाल उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत में इस बात पर जोर दिया कि दालों के वायदा व्यापार में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति से आवश्यक प्रावधानों के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा. मंत्रालय के मुताबिक म्यांमार से दालों का आयात करने वाले व्यापारियों के लिए भुगतान तंत्र को और आसान तथा सरल बनाया गया है.

**देश में म्यांमार से तुअर यानी अरहर और उड़द दाल का आयात किया जाता है**

उल्लेखनीय है कि भारत घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए दालों के आयात पर निर्भर है. देश में म्यांमार से तुअर यानी अरहर और उड़द दाल का आयात करता है. भारतीय दूतावास ने व्यापार और लेन-देन को सरल बनाने के लिए इस साल 25 जनवरी, 2024 से रुपया/क्यात निपटान तंत्र चालू कर दिया है. सेंट्रल बैंक ऑफ म्यांमार ने 26 जनवरी, 2024 को एसआरवीए के तहत भुगतान प्रक्रियाओं के लिए दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं.

### सरकार ने जारी किया निर्देश, कहा-

# ई-कॉमर्स कंपनियों से बोर्नविटा को 'स्वास्थ्य पेय' श्रेणी से हटाएं

**एजेंसी । नई दिल्ली**




सरकार ने सभी ई-कॉमर्स कंपनियों से अपनी वेबसाइट और प्लेटफॉर्म से बोर्नविटा सहित सभी पेय पदार्थों को 'हेल्थ ड्रिंक' की कैटेगरी से हटाने को कहा है. राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की रिपोर्ट के बाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने यह निर्देश जारी किए हैं.

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी एक अधिसूचना में सभी ई-कॉमर्स कंपनियों से कहा गया है कि वे अपनी वेबसाइट और प्लेटफॉर्म से बोर्नविटा सहित सभी पेय पदार्थों को 'हेल्थ ड्रिंक' की कैटेगरी से हटा दें. मंत्रालय ने नोटिफिकेशन में कहा कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की एक लीगल बॉडी की जांच में पाया है कि 'हेल्थ पेय डेफिनेशन नहीं है. इससे पहले 2 अप्रैल को एफएसएसएआई ने सभी ई-कॉमर्स कंपनियों से अपनी वेबसाइट्स पर बेचे जाने वाले फूड प्रोडक्ट्स को उचित कैटेगरी में डालने को कहा था. इसके साथ ही अथॉरिटी ने किसी भी पेय पदार्थ की बिक्री बढ़ाने के लिए हेल्थ ड्रिंक और एनर्जी ड्रिंक जैसे शब्दों का दुरुपयोग नहीं करने के लिए भी कहा था.



हरिद्वार : बैसाखी के अवसर पर हरिद्वार में हरकी पौड़ी घाट पर एकत्र हुए श्रद्धालु . -फोटो : पीटीआई

## ब्रीफ खबरें

### पाक में आतंकवादियों ने 11 को मार डाला

**कराची ।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में अज्ञात आतंकवादियों ने कम से कम 11 लोगों की हत्या कर दी जिसमें नौ बस यात्री शामिल हैं. पुलिस ने शनिवार को बताया कि पहली घटना में सशस्त्र हमलावरों ने शुक्रवार को नोश्की जिले में एक राजमार्ग पर एक बस रुकवायी और बंदूक का डर दिखाकर नौ पुरुषों का अपहरण कर लिया. बाद में इन नौ पुरुषों के शव नजदीकी पर्वतीय इलाके में एक पुल के समीप मिले और उनके शरीर पर गोलियों के निशान पाए गए.

### केन्या में बाढ़ से कम से कम 13 की मौत

**नैरोबी ।** केन्या के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश के कारण कम से कम 13 लोगों की मौत हो गयी तथा करीब 15,000 लोग विस्थापित हो गए. मौसम वैज्ञानिकों ने जून तक और बारिश होने की आशंका जतायी है. केन्या रेड क्रॉस सोसायटी के हवाले से बताया कि बारिश के कारण करीब 20,000 लोग प्रभावित हुए हैं. इसमें मार्च के मध्य से देशभर में भारी बारिश और अचानक आयी बाढ़ से विस्थापित तकरीबन 15,000 लोग शामिल हैं.

### क्वात्रा ने रक्षा उपमंत्री हिक्स से की मुलाकात

**वाशिंगटन ।** भारत के विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने भारत और अमेरिका के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में हुई प्रगति पर विस्तृत समीक्षा करने के लिए अमेरिकी रक्षा उप मंत्री कैथलीन हिक्स और कई अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात की. इस दौरान क्वात्रा और हिक्स ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षा को बढ़ावा देने के अपने साझा प्रयासों पर चर्चा की. क्वात्रा इस सप्ताह अमेरिका में हैं, जहां वह वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे.

### हमले की योजना बनाते चार किशोर गिरफ्तार

**बर्लिन ।** जर्मनी में इस्लामिक चरमपंथी हमला करने की योजना बनाने के संदेह में चार किशोरों को गिरफ्तार किया गया है. प्राधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. डुसेल्डोर्फ शहर के अभियोजकों ने बताया कि तीन संदिग्धों में 15 और 16 साल की दो लड़कियां तथा 15 साल का लड़का शामिल है जो पश्चिमी नॉर्थ राइन-वेस्टफालिया राज्य के विभिन्न हिस्सों से ताल्लुक रखते हैं. यह जर्मनी का सबसे घनी आबादी वाला राज्य है.

### शॉपिंग सेंटर में चाकू से छह को मार डाला


**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलिया में सिडनी स्थित एक शॉपिंग सेंटर में एक व्यक्ति ने शनिवार को चाकू से हमला कर छह लोगों की हत्या कर दी. बाद में, पुलिस की कार्रवाई में हमलावर भी मारा गया. हमले में एक बच्चे सहित कई लोग घायल भी हुए हैं. न्यू वेल्स के सहायक पुलिस आयुक्त एंथनी कुक ने संवाददाताओं को बताया कि एक व्यक्ति ने बॉन्डी जंक्शन में वेस्टफील्ड शॉपिंग सेंटर में नौ लोगों पर चाकू से वार किया जिनमें से छह लोगों की मौत हो गई.

---

सीबीआई ने अदालत को बताया

# कविता ने एससी रेड्डी को आप को पैसा देने की धमकी दी थी

एजेंसी। नयी दिल्ली



केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने यहां की एक विशेष अदालत में कहा कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता ने अरबिन्दो फार्मा के प्रवर्तक शरत चंद्र रेड्डी को दिल्ली सरकार की आबकारी नीति के तहत उनकी कंपनी को आवंटित पांच खुदरा क्षेत्र के लिए आम आदमी पार्टी (आप) को 25 करोड़ रुपये की राशि देने की कथित तौर पर धमकी दी थी. सीबीआई के अनुसार, कविता ने रेड्डी से कहा था कि अगर वह दिल्ली में आप को पैसा नहीं देते हैं तो तेलंगाना और दिल्ली में उनके कारोबार को नुकसान पहुंचेगा.दिल्ली में कथित शराब घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में आरोपी रेड्डी मामले में सरकारी गवाह बन गया है. इस मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है. सीबीआई ने अभी तक उसके खिलाफ कोई आरोपपत्र दाखिल नहीं किया है. बीआरएस नेता कविता से हिरासत में पूछताछ का अनुरोध करते हुए सीबीआई ने विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा को बताया कि तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी कविता के जोर देने पर और आश्वासन पर, रेड्डी दिल्ली में शराब कारोबार से जुड़ा.

---

वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने एक साक्षात्कार में कहा-

# कांग्रेस 2019 के लोस चुनाव की तुलना में अधिक सीटें जीतेगी

एजेंसी। कोलकाता

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार अधिक सीट जीतेगी और अनुमान जताया कि 'इंडिया' गठबंधन तमिलनाडु एवं केरल में शानदार जीत हासिल करेगा. चिदंबरम ने एक साक्षात्कार में यह भी कहा कि न तो हिंदू धर्म, न ही हिंदू किसी खतरे में हैं और मोदी को हिंदुओं का रक्षक के रूप में पेश करने के लिए समूचे विपक्ष को हिंदू-विरोधी करार देना भाजपा की सोची समझी रणनीति है.

उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की इस चुनाव में अहम भूमिका है और राज्य में किला अभेद्य बनाए रखने की उनकी क्षमता 'इंडिया' गठबंधन को मजबूती देगी. चिदंबरम ने कहा, मैं सभी राज्यों के बारे में नहीं बोल सकता.

मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि 'इंडिया' गठबंधन तमिलनाडु में शानदार जीत दर्ज करेगा. केरल में, दोनों मोर्चे (यूडीएफ और एलडीएफ) 20 सीट साझा करेंगे और भाजपा के लिए एक भी सीट नहीं छोड़ेंगे. कर्नाटक और तेलंगाना में कांग्रेस की सरकारें लोकप्रिय हैं और पार्टी को 2019 से कहीं ज्यादा सीट पर जीत मिलेगी. कांग्रेस ने 2019 के चुनाव में कुल 52 सीट पर जीत दर्ज की थी.



### हिंदू धर्म खतरे में नहीं है

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने चुनाव में कांग्रेस के बेहतर प्रदर्शन करने का उल्लेख करते हुए कहा कि हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और दिल्ली से 'इंडिया' गठबंधन के लिए उत्साहजनक रिपोर्ट है. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विपक्षी दलों पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाना और उन्हें भारत को तोड़ने पर आमादा हिंदू-विरोधी राजनीतिक नेताओं का समूह कहना लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की रणनीति है. उन्होंने कहा, यह पूरे विपक्ष को हिंदू-विरोधी के रूप में चित्रित करने और हिंदुओं के रक्षक के रूप में मोदी को पेश करने की भाजपा की सोची-समझी रणनीति है. हिंदू धर्म खतरे में नहीं है. मोदी हिंदुओं से उस भय की कल्पना करने को कह रहे हैं, जिसका अस्तित्व नहीं है. तुष्टिकरण भाजपा के अल्पसंख्यक विरोधी रुख का कूट शब्द है. उन्होंने कहा कि कच्चातिवु का मुद्दा अब बंद हो गया है और सवाल किया कि यह मुद्दा उठाने के लिए भाजपा ने चुनाव के नजदीक का समय क्यों चुना.

### खास बातें

- समूचे विपक्ष को हिंदू-विरोधी करार देना भाजपा की रणनीति
- बोले-सीएम ममता बनर्जी की इस चुनाव में अहम भूमिका है

### कच्चातिवु मुद्दा 10 साल पहले क्यों नहीं उठाया

चिदंबरम ने यह भी कहा कि कच्चातिवु मुद्दा उठाये जाने से लाखों तमिल भाषी लोगों के हितों को गंभीर नुकसान होगा. पूर्व केंद्रीय मंत्री ने पूछा, कच्चातिवु अब बंद हो चुका मुद्दा है. इस पर 50 साल पहले समझौता हुआ था. मोदी 2014 से प्रधानमंत्री के पद पर हैं. उन्होंने पिछले 10 वर्षों में यह मुद्दा क्यों नहीं उठाया? उन्होंने कहा, यह मुद्दा अब इस तथ्य के आलोक में उठाया जा रहा है कि चीनी सैनिक भारतीय क्षेत्र पर कब्जा कर रहे हैं, हमारे कई गश्त बिंदुओं पर नहीं जाने दिया जा रहा और चीनी अपने फायदे के लिए सीमा पर अपनी स्थिति को मजबूत कर रहे हैं.


---

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने लोगों से कहा-

# मोदी के शब्दों के बहकावे में नहीं आयें, परिवर्तन के लिए वोट करें

एजेंसी। रामनगर (उत्तराखंड)

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने शनिवार को लोगों से कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषणों में इस्तेमाल किए गए शब्दों के बहकावे में नहीं आएं और आगामी लोकसभा चुनाव में बदलाव के लिए वोट करें.



उत्तराखंड के रामनगर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि चुनाव वास्तविक मुद्दों पर लड़ा जाना चाहिए, न कि खोखली बयानबाजी के आधार पर. मोदीजी द्वारा अपने चुनावी भाषणों में इस्तेमाल किए गए शब्दों के बहकावे में नहीं आएं. अपना वोट डालने से पहले, आपको ईमानदारी से खुद से पूछना चाहिए कि क्या मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में वास्तव में आपके जीवन में कोई सकारात्मक बदलाव आया है. उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती बेरोजगारी, अनियंत्रित महंगाई और प्रश्नपत्र लीक घोटाले लोगों के जीवन की सच्चाई हैं और इनके लिए भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार जिम्मेदार है क्योंकि वह पिछले 10 वर्षों से सत्ता में है. प्रियंका ने उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की कुछ घटनाओं का जिक्र करते हुए यह भी कहा कि लोगों को मोदी से पूछना चाहिए कि रिसॉर्ट रिसेप्शनिस्ट अंकिता भंडारी और पड़ोसी उत्तर प्रदेश के उन्नाव की एक महिला के हत्यारों को कौन बचा रहा है. प्रियंका ने मोदी सरकार पर अपने किसी भी वादे को पूरा नहीं करने का आरोप लगाते हुए लोगों को याद दिलाया कि युवाओं को दो करोड़ नौकरियां और प्रत्येक नागरिक के बैंक खाते में 15 लाख रुपये जमा करने जैसे वादे अधूरे हैं. उन्होंने भाजपा पर वोट के लिए हर चुनाव में धर्म का इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया. गांधी ने कहा, 'मोदी ने हिमाचल में विस चुनाव से पहले उस राज्य को भी देवभूमि कहा था.

### भाजपा व एआईएमआईएम मिले हुए हैं : दिग्विजय सिंह

**मालवा (मध्य प्रदेश)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने भाजपा और एआईएमआईएम पर मिलीभगत का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि सांसद असदुद्दीन ओवैसी को धन कहां से मिलता है. उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा हिंदुओं को भड़काती है, वहीं ओवैसी मुसलमानों को भड़काती है, लेकिन वे एक-दूसरे के पूरक हैं और तालमेल से काम करते हैं. सिंह शुक्रवार रात राजगढ़ लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले आगर मालवा जिले के सुसनेर में एक सभा को संबोधित कर रहे थे. सिंह इस सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार हैं. सिंह ने आरोप लगाया, ओवैसी खुलेआम हैदराबाद में मुसलमानों को भड़काते हैं, भाजपा यहां हिंदुओं को भड़काती है. सिंह ने आरोप लगाया कि देश में लोकतंत्र की हत्या हो चुकी है और लोगों को जेल भेजा जा रहा है. उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी ने सही कहा कि भाजपा दागी नेताओं को साफ करने वाली वॉशिंग मशीन बन गई है.








---

### रक्षा मंत्रालय ने एचएएल को दिया 97 तेजस लड़ाकू विमान खरीद का ठेका

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायु सेना के लिए 97 हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए एमके-1ए) तेजस खरीदने के लिए एयरोस्पेस क्षेत्र की प्रमुख सरकारी कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को एक ठेका दिया है. अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. इन लड़ाकू विमानों की अनुमानित कीमत 67,000 करोड़ रुपये है. तेजस विमान हवाई युद्ध और आक्रामक हवाई सहायता मिशनों के लिए अहम हैं जबकि टोही और जहाज-रोधी अभियान इसकी अन्य विशेषताएं हैं. नवंबर में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने भारतीय वायु सेना के लिए 97 और तेजस विमान खरीदने की परियोजना को स्वीकृति दे दी थी.

## 'इंडिया' गठबंधन चार को 'सुखद जीत' हासिल करेगा : स्टालिन

एजेंसी। चेन्नई

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एम के स्टालिन ने शनिवार को कहा कि 'इंडिया' गठबंधन चार जून को सुखद जीत हासिल करेगा.



स्टालिन शुक्रवार को राज्य के दौरे पर आये कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मैसूर पाक प्राप्त करने पर अभिभूत थे. स्टालिन ने कहा कि उनके भाई के प्यारे भाव ने उन्हें भावविभोर कर दिया. दोनों नेताओं ने कोयंबटूर में एक चुनावी रैली को संबोधित किया था. स्टालिन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें राहुल गांधी कोयंबटूर में उनके (स्टालिन) लिए मैसूर पाक खरीदने के लिए सड़क के डिवाइडर को फांदकर मिठाई की एक दुकान की ओर तेजी से बढ़ते हुए नजर आ रहे हैं. स्टालिन ने कहा, मेरे भाई राहुल गांधी के इस प्यारे भाव से भावविभोर हो गया. चार जून को 'इंडिया' (गठबंधन) निश्चित तौर पर जीत हासिल करेगा. कांग्रेस ने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा कि राहुल गांधी ने एमके स्टालिन को प्रसिद्ध मैसूर पाक उपहार में दिया तथा यह तमिलनाडु के लोगों के साथ उनके मधुर संबंधों का प्रतीक है.

### कन्याकुमारी में अमित शाह ने किया रोड शो

**नागरकोइल (तमिलनाडु)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी उम्मीदवार पोन राधाकृष्णन के समर्थन में शनिवार को कन्याकुमारी लोकसभा क्षेत्र में एक रोड शो किया. शाह के दौरे से उत्साहित सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता मेट्टुकदाई चौराहा, ठक्कलाई से कन्याकुमारी के पुराना बस स्टैंड तक रोड शो में शामिल हुए. शाह ने विशेष रूप से डिजाइन किए गए अपने वाहन से कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया. वह पूरे रास्ते पार्टी का कमल चिह्न लिये हुए थे. इस दौरान पार्टी के सदस्यों ने एक बार फिर मोदी सरकार, भारत माता की जय और एक बार फिर पोन्नार के नारे लगाए.

---

कॅरियर-काउंसिलिंग

# पेट्रोलियम इंजीनियर के क्षेत्र में आजमाएं करियर

रजनीश प्रसाद

पृथ्वी की सतह से तेल, प्राकृतिक गैस निकालने के लिए विभिन्न तकनीकों और मेथड को डिजाइन और डेवलप करने वाले एक्सपर्ट्स को पेट्रोलियम इंजीनियर कहते हैं. वे आमतौर पर जियोलॉजिस्ट्स के साथ काम करते हैं. पेट्रोलियम इंजीनियर, ऑयल और गैस कंपनियों की साइट्स पर पेट्रोलियम और नेचुरल फ्लो की भविष्यवाणी करने के लिए कंप्यूटर सिमुलेशन भी डिजाइन करते हैं. साथ ही वे एक्सट्रैक्शन में मदद करते हैं और इसे मानव उपयोग के लिए उपयुक्त बनाते हैं.

### पेट्रोलियम इंजीनियर बनने के लिए जरूरी स्किल्स

- कंप्यूटर एडेड डिजाइन सॉफ्टवेयर का ज्ञान : इस प्रोफेशन में विभिन्न कंप्यूटर एडेड डिजाइन (सीएडी) सॉफ्टवेयर की अच्छी समझ होना बहुत जरूरी है. पेट्रोलियम इंजीनियर अपने काम में डिज़ाइन और ब्लूप्रिंट तैयार करने के लिए विभिन्न प्रकार के सीएडी सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हैं. वे न केवल डेटा एनालिसिस बल्कि सिमुलेशन, प्रोडक्शन और ड्रिलिंग प्रोसेसस को स्वचालित करने के लिए एडवांस्ड टेक्नोलॉजीज का उपयोग करते हैं.
- टीम वर्क : पेट्रोलियम इंजीनियर अक्सर अन्य इंजीनियर, कंस्ट्रक्शन वर्करों और प्रोजेक्ट मैनेजर्स के साथ काम रते हैं. अत : टीम के साथ मिलकर काम करने की स्किल्स होना बेहदजरूरी है.
- कम्युनिकेशन स्किल्स : प्रेजेंटेशन देना, मीटिंग में भाग लेना और इनोवेटिव सुझाव देना आदि पेट्रोलियम इंजीनियर के काम के अंतर्गत आते हैं. इसके लिए प्रभावी कम्युनिकेशन स्किल्स का होना बहुत ही जरूरी है.
- एनालिटिकल स्किल्स : पेट्रोलियम इंजीनियर के लिए एक सामान्य कर्तव्य यह निर्धारित करना है कि किसी ऑपरेशन को लाभदायक बनाने के लिए कैसे और कहां ड्रिल करना है. इसमें सही निर्णय लेने के लिए अलग हालातों की विस्तृत एनालिसिस करना जरूरी है. वे जमीन में बचे तेल को निकालने के बेस्ट तकनीकों के साथ मौजूद डाटा की एनालिसिस करने का गुण उनमें होना चाहिए.



### पेट्रोलियम इंजीनियरिंग के लिए भारत की टॉप यूनिवर्सिटीज

- आईआईटी, मुंबई
- आईआईटी, मद्रास
- इंजीनियरिंग स्कूल, पेट्रोलियम और ऊर्जा अध्ययन विश्वविद्यालय
- प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय, बैंगलोर
- ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी, देहरादून
- आईआईटी, गुवाहाटी
- आईआईटी धनबाद
- एनएमआईएमएस यूनिवर्सिटी, जयपुर
- आईटीएम यूनिवर्सिटी
- एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, नोएडा

### पेट्रोलियम इंजीनियर के काम

- ऑनशोर और ऑफशोर दोनों साइटों से गैस और तेल प्राप्त करने के लिए उपकरण डिजाइन करना.
- फार्म्स में ड्रिल करने के तरीके विकसित करना.
- ऑयल और गैस को रिफाइन करने की योजना बनाना.
- पुराने, कम प्रोडक्शन कुओं से अधिक ऑयल और गैस प्राप्त करने के तरीके विकसित करना.
- ऑयल फील्ड उपकरण बनाया गया है, सही ढंग से स्थापित किया गया है और उचित रूप से उपयोग किया गया है, आदि बातें सुनिश्चित करना.
- जियोलाजिकल साइट के कैरेक्टर और क्वालिटीज को समझने के लिए टीमों के साथ काम करना.
- विभिन्न स्थलों पर ऑनगोइंग आधार पर मॉनिटरिंग ऑपरेशन्स करना.
- मौजूदा कुओं से रिसोर्सेज प्राप्त करने के नए तरीकों पर रिसर्च करना.
- प्रोडक्शन लागत को कम करने के लिए उपाय प्रदान करना.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)